सुप्रभात
रांची, बुधवार
18.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 333



12 भाजपा विधायक की पत्नी बनीं मिसेज बिहार

## न्यूज डायरी

### अब रातू रोड फ्लाईओवर के लोकार्पण की तिथि बढ़ी

**रांची।** रातू रोड फ्लाईओवर का लोकार्पण अब 19 जून को नहीं बल्कि 3 जुलाई को होगा। एनएचएआइ के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने इसकी पुष्टि की है। अब फ्लाईओवर के दोनों ओर शोर अवरोधक (नॉएज बैरियर) लगाया जा रहा है। इसके अलावा पीवीआर ग्रिल का काम भी चल रहा है।

### मॉनसून की पहली बारिश में ही ठनका से 4 की मौत

**रांची।** झारखंड में मॉनसून की दस्तक के साथ हुई झमाझम बारिश के दौरान वज्रपात से पलामू और गढ़वा जिले में चार लोगों की मौत हो गयी। दर्जनभर लोग घायल हो गये। चैनपुर के चांदो गांव में मंगलवार को जोरदार बारिश के दौरान वज्रपात से मां-बेटी की मौत हो गयी। वहीं गढ़वा के बिशनपुर वज्रपात में ईंट भट्ठा की महिला मजदूर की मौत हो गयी। रमना थाना के चुंदी के केवाल टोला के लखन भुइंयां (62) की मौत हो गयी।

### भारतीय नागरिकों को तेहरान छोड़ने की सलाह

**नयी दिल्ली।** ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भारत ने तेहरान में रहने वाले भारतीयों के लिए नयी एडवाइजरी जारी की है। हालात को देखते हुए भारत ने अपने लोगों की शीघ्र तेहरान छोड़ने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि तेहरान में भारतीय छात्रों को शहर से निकाल लिया गया है।

# झारखंड में मॉनसून ने दी दस्तक, 19 और 20 जून को भारी बारिश

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**रांची।** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून झारखंड में मंगलवार, 17 जून को प्रवेश कर गया। राज्य के अधिकांश जिले दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की जद में आ गये हैं। इससे राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मॉनसून की बारिश शुरू हो चुकी है। रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में घने बादल छाए हुए हैं। रांची में रुक-रुक कर बारिश भी हो रही है। हजारीबाग, बोकारो, खूंटी, गुमला आदि जिलों में भी हल्की बारिश हुई है।

**अगले चार दिनों तक भारी बारिश की संभावना :** मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि दक्षिणी बांग्लादेश और उससे सटे पश्चिम बंगाल के इलाकों में निम्न दबाव का क्षेत्र बना है। इससे झारखंड में आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होगी। इस दौरान 18 जून और 19 जून को कुछ जगहों पर भारी बारिश जबकि 20 जून को भारी से बहुत भारी बारिश देखने को मिल सकती है।

झारखंड में सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान

अगले चार दिन सावधानी बरतने की दी सलाह जारी

दक्षिणी बांग्लादेश और उससे सटे पश्चिम बंगाल के इलाकों में निम्न दबाव का क्षेत्र बना




**मेघ गर्जन के दौरान सतर्क रहने की जरूरत :** मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों तक लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है, क्योंकि काले बादल उमड़ने पर मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना बनी रहेगी। इस दौरान पेड़ के नीचे, बिजली के खंभों के आसपास, खुले खेत या मैदान में जाने से बचना है। ज्यादा बारिश से कमजोर पेड़ों के गिरने की भी संभावना रहती है। इसका भी ख्याल रखना चाहिए।

मॉनसून का पूर्वानुमान बेहद पॉजिटिव माना जा रहा है। झारखंड में इस साल सामान्य से अधिक बारिश की संभावना है। झारखंड में अमूमन 12 जून तक मॉनसून की एंट्री हो जाती है, लेकिन हाल के कुछ वर्षों में कुछ दिनों का विलंब देखने को मिला है, लेकिन राहत की बात है कि इस साल झारखंड में गर्मी भी कम पड़ी है।
**अभिषेक आनंद, मौसम वैज्ञानिक**

### सीएम हेमंत सोरेन ने शहीद सुनील धान के परिजनों को दी सम्मान राशि, कहा

# झारखंड रहेगा शहीदों का ऋणी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड जगुआर के शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों को सम्मान राशि के रूप में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत निर्गत 1 करोड़ 20 लाख रुपये की वित्तीय सहायता राशि का चेक सौंपा। वहीं, गृह विभाग से 1 करोड़ 46 लाख 26 हजार 972 रुपए उनके बैंक अकाउंट में भेजा गया। मुख्यमंत्री ने शहीद जवान के परिजनों से बातचीत की व पारिवारिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहीद के परिजनों के साथ है। आरक्षी सुनील धान ने राज्यवासियों की सेवा करते हुये अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। झारखंड हमेशा अपने शहीदों का ऋणी रहेगा। हमारी सरकार शहीद के सम्मान में उनके परिजनों को हरसंभव मदद करती रहेगी।



एसबीआई, पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत निर्गत राशि का चेक
**1 करोड़ 20 लाख रुपये**

गृह विभाग से दी गयी सहायता राशि बैंक खाते में भेजी गयी
**1 करोड़ 46 लाख 26 हजार 972 रुपये**

**आईईडी विस्फोट में हुए थे शहीद**

12 अप्रैल 2025 को चाईबासा के छोटानागरा थाना क्षेत्र के रातामाटी गांव के घने जंगल में नक्सलियों के विरुद्ध विशेष छापामारी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट की चपेट में आने के बाद इलाज के क्रम में सुनील धान की मौत हो गयी थी।

### सीएम ने शहीद की पत्नी को अनुकंपा पर नौकरी का दिया मौका

शहीद आरक्षी की 65 वर्षीय माता फगनी उराइन, 29 वर्षीय पत्नी गंदरी धान एवं दो पुत्र प्रियांश धान तथा अनिकेत धान सहित अन्य परिजनों ने मुख्यमंत्री से पारिवारिक स्थिति पर संवाद किया। मुख्यमंत्री ने परिजनों से बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने को कहा। उन्होंने शहीद आरक्षी सुनील धान की पत्नी से कहा कि राज्य सरकार के प्रावधान के तहत आप चाहें तो अनुकंपा पर सरकारी नौकरी कर सकती हैं। शहीद की पत्नी ने मुख्यमंत्री से कहा कि उनके बच्चे अभी काफी छोटे हैं। आने वाले दिनों में वे नौकरी करने के संबंध में विचार करेंगी। उन्होंने शहीद की पत्नी से कहा कि आप सभी परिजन हिम्मत और धैर्य के साथ आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहीद के परिजनों को मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ उन्हें शीघ्र प्रदान किये जायें। पेंशन सहित अन्य लाभ से परिजनों को जोड़ें। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि पेंशन अगले महीने से शुरू हो जायेगी।

# भूमि सर्वेक्षण कार्य तेजी से आगे बढ़ायें: हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को बिहार समेत तीन राज्यों के साथ भूमि सर्वेक्षण तकनीक के आदान-प्रदान की प्रक्रिया में तेजी लाने और भूमि सर्वेक्षण कार्य को तेजी से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया है। राज्य में हो रहे भूमि सर्वेक्षण को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार ने कोर्ट को बताया कि भूमि सर्वेक्षण के लिए तीन टीम बिहार, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से तकनीक सीख रही हैं। पिछले दिनों एक टीम कर्नाटक गई थी, जिसने आंध्र प्रदेश में एक सम्मेलन में भाग लिया और तकनीक को अपडेट करने की जानकारी ली, जबकि दो अन्य टीमें बिहार और कर्नाटक से भूमि सर्वेक्षण की नयी तकनीक सीखेंगी, जिससे झारखंड में भी भूमि सर्वेक्षण की तकनीक अपग्रेड होगी और भूमि सर्वेक्षण के काम में तेजी आएगी। पिछली सुनवाई में झारखंड सरकार ने कोर्ट को बताया था कि झारखंड में वर्तमान में भूमि सर्वेक्षण के लिए पुरानी तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है, इसलिए भूमि सर्वेक्षण में परेशानी हो रही है। इस पर कोर्ट ने भू-राजस्व सुधार विभाग के प्रधान सचिव को हलफनामा दायर कर भूमि सर्वेक्षण पूरा करने के लिए अमीन व अन्य कर्मियों की नियुक्ति होने, भूमि सर्वेक्षण की पुरानी तकनीक को उन्नत किये जाने से संबंधित जवाब दाखिल करने को कहा था।

HCLTech | Supercharging Progress™

युवाओं का IT सेक्टर में उज्ज्वल भविष्य के सपनों को साकार करेगी सरकार

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार तथा HCL TSS के साथ
TechBee : EARLY CAREER PROGRAMME हेतु
MoU हस्ताक्षर कार्यक्रम

12वीं पास स्टूडेंट्स प्लेसमेंट लिंक्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम HCL TechBee से जुड़ेंगे
स्टूडेंट्स को मिलेगा व्यावसायिक कौशल एवं तकनीकी प्रशिक्षण
कोर्स के लिए बैंक लोन की सुविधा
छः महीने के इंटर्नशिप के दौरान ₹10,000 स्टाइपेंड
जॉब के साथ-साथ उच्च शिक्षा के भी अवसर

यह है जरूरी
IT Roles के लिए मैथ्स से इंटर एवं कॉमर्स में बिजनेस मैथ्स के साथ पास आउट
DPO Roles के लिए मैथ्स अनिवार्य नहीं


मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
श्री रामदास सोरेन
माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा निबंधन विभाग

दिनांक: 18 जून, 2025 | समय: 12:00 बजे मध्याह्न
स्थान: प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 355329 (School Education and Literacy) IPRD 25-26



# योजनाओं को समय सीमा तय कर धरातल पर उतारें : सचिव

**शहरों में बरसात के मद्देनजर साफसफाई का विशेष ध्यान रखा जाये**

## कार्य न करने वाली एजेंसियों को डिबार कर टरमिनेट करने की कार्रवाई का निर्देश

### पीएमएवाई में बुनियादी सुविधाओं के लिए विभाग मदद करेगा, सुंदरीकरण भी करें



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शहरों में नागरिकों की सुविधाओं एवं रहन सहन उच्चस्तरीय बनाने के लिए योजनाओं को चरणबद्ध ढंग से पूरा किया जाये। इसके लिए समयसीमा भी निर्धारित की जाये। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार ने राज्य के शहरी निकायों को यह निर्देश दिया है। मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन के सभागार में प्रधान सचिव की अध्यक्षता में मेजर अरबन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट मुद्दे पर राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई गयी। प्रधान सचिव श्री कुमार ने कहा कि नगर विकास विभाग के अंतर्गत शहरी निकायों की जवाबदेही सेवा प्रदाता की है। इसलिए नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जो योजनाएं बनायी गयी है, उनको पूरा करने के लिए समयसीमा चरणबद्ध तरीके से तय की जाये। प्रधानमंत्री आवास बनाना हो तो नींव से लेकर छत के निर्माण तक का समय निर्धारित किया जाये। इस तरह से योजनाएं समय पर पूरा होंगी और नागरिकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत बने आवासों एवं कालोनियों को आकर्षक बनाने के लिए पेड़ पौधे लगाये जायें। लैंड स्केपिंग भी किया जाये।

बैठक के दौरान कई नगर निकायों में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, पाइप लाइन बिछाने, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलमीनार और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण में हो रहे विलंब में भूमि की अनुपलब्धता और वन अनापत्ति प्रमाण प्राप्त नहीं होना बताया गया। इस पर प्रधान सचिव ने कहा कि इसके समाधान के लिए मुख्यालय स्तर पर एक वरीय अधिकारी को नोडल अफसर नियुक्त किया जायेगा। जो जिला स्तर पर उपायुक्त से बात कर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करायेगा। उन्होंने कहा कि बड़े मामलों में वे स्वयं वन विभाग एवं जिला प्रशासन से बात कर भूमि मुहैया कराने की पहल करेंगे।

श्री कुमार ने धनबाद पेयजलापूर्ति योजना, रामगढ पेयजलापूर्ति योजना, आदित्यपुर सिवरेज योजना, देवघर एवं हजारीबाग सेप्टेज योजना के पूरा होने में हो रहे काफी विलंब को गंभीरता से लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि जो संवेदक एवं एजेंसियां काम मे लापरवाही बरत रही हो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। साथ ही श्री कुमार ने काम में कोताही बरतने वाली एजेंसियों को डिबार कर टर्मिनेट करने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शहरों में साफसफाई पर विषेष ध्यान दिया जाये। बरसात के मौसम को ध्यान में रखा जाये। नालों की सफाई कराइ जाये

बैठक में प्रधान सचिव के अलावा रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह, विषेष सचिव मनोहर मरांडी, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, अपर सचिव ज्योत्सना सिंह, संयुक्त सचिव दीपक कुमार दूबे, संयक्त सचिव जुल्फिकार अली, निदेशक नगरीय प्रषासन सत्येंद्र कुमार, जुडको के पीडीटी विनय कुमार राय और पीडीएफ अमित चक्रवर्ती सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल से मिले दो केंद्रीय मंत्री और राज्य के वित्त मंत्री







**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को दो केंद्रीय मंत्रियों और राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अलग-अलग मुलाकात की। सबसे पहले केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल से मुलाकात की। राजभवन की ओर से इसे शिष्टाचार भेंट बताया गया। इसके बाद केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी राज्यपाल से मिले। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। इसके बाद झारखंड के वित्त, वाणिज्य कर, योजना एवं विकास तथा संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भी राज्यपाल से भेंट की। इस मौके पर उन्होंने राज्यपाल को वित्त विभाग, झारखंड सरकार द्वारा प्रकाशित मेमोरेंडम ऑफ 16वीं फाइनेंस कमिशन की प्रति भेंट की।

### रानी बनीं राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की प्रदेश अध्यक्ष



**रांची।** विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ी समाज सेविका रानी कुमारी को राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का झारखंड प्रदेश का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष साधना ओझा ने किया। रानी कुमारी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनयन संबंधित पत्र प्रेषित करते हुए श्रीमती ओझा ने उनसे झारखंड में मानवाधिकार हनन के मामलों की रोकथाम की दिशा में प्रयासरत रहने और पुलिस-प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की अपेक्षा की है। वहीं, राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर रानी कुमारी ने कहा कि झारखंड में मानवाधिकार हनन के बढ़ते मामलों की रोकथाम के लिए संगठन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समाज के एक सजग प्रहरी के रूप में कार्यरत रहेंगे। रानी कुमारी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत के जाने पर सुषमा देवी, देवन्ती देवी, सविता देवी, खुशी तिवारी, अंजलि यादव, नीलम साव, रूपा देवी, रूना देवी, अनवरी खातुन, त्रिपुरारी सिंह, विवेक कुमार, आकाश कुमार, धनंजय पाठक, अनुप उपाध्याय, विपुल तिवारी, बिप्तू यादव, धर्मेंद्र यादव, अनिल यादव सहित अन्य शुभचिंतकों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

### राप्रसे के अधिकारी नारायण राम फंसे, सरकार ने एक वेतनवृद्धि रोकी

**रांची।** पीएम आवास योजना ग्रामीण में गड़बड़ी करना राज्य प्रशासनिक सेवा (राप्रसे) के अधिकारी को महंगा पड़ा। गड़बड़ी के आरोपी राप्रसे के अधिकारी नारायण राम के एक वेतन वृद्धि पर राज्य सरकार ने रोक लगा दी है। नारायण राम पर डोमचांच के बीडीओ पद पर रहते हुए यह आरोप लगा है। इस मामले को लेकर डीसी कोडरमा ने 7 फरवरी 2018 को आरोप पत्र भेजा था। विभागीय कार्यवाही के बाद नारायण राम से स्पष्टीकरण पूछा गया और इसके बाद दंड निर्धारित की गई। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

**क्या है आरोप :** राप्रसे के अधिकारी नारायण राम पर पीएम आवास योजना ग्रामीण में लाभुकों के चयन में गंभीर अनियमितता बरतने का आरोप है। साथ ही उनके खिलाफ अनियमतता के संदिग्ध मामलों के सत्यापन में लापरवाही बरतने और लाभुकों के निबंधन में भी लापरवाही बरतने का भी आरोप है, जिसे जांच के दौरान सही पाया गया और उनका एक वेतन वृद्धि रोक दिया गया।

### हाईकोर्ट में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी पीआइएल पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड के अलग-अलग जिलों में महिलाओं और स्कूली बच्चों समेत नाबालिग लड़कियों के साथ बढ़ते अपराध पर रोक के लिए दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है, जिसके बाद अब प्रार्थी की ओर से सरकार के जवाब का प्रतिउत्तर दाखिल करने के लिए समय लिया गया। अब अदालत इस जनहित याचिका पर 30 जून को सुनवाई करेगा। हाईकोर्ट की महिला अधिवक्ता भारती कौशल ने इस संबंध में जनहित याचिका दायर की है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है।

### खेल विभाग में स्पोर्ट्सकिट खरीद में 6 करोड़ का घोटाला : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार के खेल विभाग में हुये 6 करोड़ के घोटाले पर बड़ा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार में लूट मची हुई है। सारे नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है।रोज नये- नये घोटाले उजागर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा में डीजल भरवाने जैसे हास्यास्पद घोटालों के बाद, हेमंत सरकार के खेल विभाग ने अब करीब 6 करोड़ रुपये का नया घोटाला कर दिया है। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स किट की खरीद में विभाग ने सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी को दरकिनार कर ऊंची दर पर सामान देने वाली कंपनी को ठेका दे दिया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी और कमीशन आधारित फैसले की बात आम हो चुकी है। पारदर्शिता की जगह अब साठगांठ और लूट का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस पूरे मामले में विभागीय मंत्री और अधिकारियों की भूमिका की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### ट्रेनिंग से लौट छुट्टी पर गये उत्पाद आयुक्त

# नयी उत्पाद नीति लागू करने का मामला लटका

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के उत्पाद आयुक्त विजय सिन्हा स्वास्थ्य कारणों से छुट्टी पर चले गये हैं। इससे राज्य में नई उत्पाद नीति के लागू होने में देर होने की आशंका जतायी जा रही है।

साथ ही इसका असर झारखंड बेवरेज कॉरपोरेशन के कामकाज पर पड़ सकता है, जहां वे एमडी के अतिरिक्त प्रभार में थे। बताते चलें कि उत्पाद आयुक्त विजय सिन्हा दो मई से ट्रेनिंग पर गये थे और उन्हें ट्रेनिंग से लौटने के बाद 16 जून को अपने पद पर योगदान देना था, लेकिन उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी कारणों का हवाला देते हुए छुट्टी ले ली है।

चूंकि शराब से संबंधित अधिकांश शक्तियां आयुक्त के पास होती हैं। इसलिए नयी उत्पाद नीति के लागू होने में देर होने की आशंका जतायी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि उत्पाद आयुक्त के नहीं रहने से एक जून से सरकार के स्तर पर शराब की बिक्री भी प्रभावित हो सकती है।

#### घोटाले की जांच से डरे-सहमे हैं अधिकारी

कैबिनेट से उत्पाद नीति 2025 पारित होने के बाद सरकार के स्तर से इसे लागू करने में एक महीना की देर होने की बात कही गयी थी। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा था कि उत्पाद आयुक्त के ट्रनिंग से लौटने क बाद उत्पाद नीति को लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। लेकिन उत्पाद आयुक्त के छुप्ती पर चले जाने से यह प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकी। दूसरी बात यह कि शराब घोटाले में जारी निगरानी जांच के दौरान तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे, संयुक्त आयुक्त जगेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों को जेल भेजे जाने की वजह से विभागीय अधिकारी डरे सहमे हुए हैं।

# झामुमो बिहार में लड़ने को बेताब झारखंड की चिंता नहीं : आजसू

## बलिदान दिवस तैयारी को लेकर आजसू पार्टी रांची महानगर की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा है कि वर्तमान हेमंत सरकार जनता के साथ छल कर रही है। झामुमो ने चुनाव के समय जो वायदे किए थे, उन्हें हेमन्त सोरेन भूल चुके हैं। झामुमो को झारखंड की जनता की चिंता नहीं है। हेमंत सोरेन बिहार में चुनाव लड़ने के लिए बेताब हैं, जबकि लालू यादव उन्हें कोई भाव ही नहीं दे रहे। उन्होंने आजसू के रांची महानगर कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा बलिदान दिवस पर आजसू पार्टी हेमंत सरकार के कुशासन के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंकेगी। आजसू पार्टी रांची महानगर के कार्यकर्ता 22 जून को आयोजित बलिदान दिवस की तैयारी में जुट गए हैं। महानगर कार्यकताओं की बैठक आज केंद्रीय कार्यालय, हरमू में हुई, जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा ने की, जबकि संचालन केंद्रीय सचिव बनमाली मंडल ने किया। बैठक में कार्यक्रम की तैयारी के लिए वार्ड प्रभारियों की नियुक्ति की गई।

बैठक में प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि यह समारोह न केवल शहीदों को स्मरण करने का अवसर होगा, बल्कि झारखंड की वर्तमान स्थिति के मूल्यांकन का भी मौका भी होगा। श्री प्रभाकर ने महानगर कार्यकताओं को व्यापक प्रचार-प्रसार और अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राज्य निर्माण में युवा शक्ति की अहम भूमिका रही है। झारखंडी जनता के हितों के संघर्ष के लिए पुनः युवा शक्ति को आगे आना होगा।

बैठक में केंद्रीय कार्यालय सचिव नईम अंसारी, मीडिया प्रभारी परवाज खान, महानगर महासचिव रमेश गुप्ता, बिरेंद्र प्रसाद, राकेश सिंह, जय श्रीवास्तव, सज्जाद अंसारी, अमित वर्मा, देवाशीष चप्तोराज, अभिषेक त्रिवेदी, ज्योतिष त्रिवेदी, मिंटू कुमार, संजीव कुमार, अभय कुमार, गौतम सिंह, आनंद राज, संतोष दुबे, डॉ पार्थ परितोष, कौशल तिवारी आदि उपस्थित थे।

**आनंद राज बने महानगर उपाध्यक्ष, अभय बने सचिव**

बैठक में आनंद राज को महानगर उपाध्यक्ष तथा अभय कुमार को सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। प्रवीण प्रभाकर ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा और शुभकामनाएं दीं।

### सत्यानंद भोक्ता के डिस्चार्ज याचिका पर हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** 46.10 करोड़ रुपये के 16 साल पुराने कृषि घोटाला मामले में आरोपी तत्कालीन कृषि मंत्री सत्यानंद भोक्ता की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर मंगलवार को एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान एसीबी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इस पर अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 30 जून निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में एसीबी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। सत्यानंद भोक्ता ने दूसरी बार अपने आप को निर्दोष बताते हुये डिस्चार्ज याचिका 21 मई को दाखिल की है। पिछली बार 8 दिसंबर 2022 को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की थी। इसे अदालत ने 16 जनवरी 2024 को सुनवाई प>ात खारिज कर दी थी।

## झासा ने डुमरी प्रखंड के बीडीओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने पर जताई आपत्ति



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झासा) ने डुमरी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने पर रोष और क्षोभ व्यक्त किया है। संघ का कहना है कि राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देश के बावजूद भी बिना प्रशासी विभाग की अनुमति के प्राथमिकी दर्ज की गई है, जो नियमों के विरुद्ध है।

**संघ ने जताई चिंता :** संघ ने चिंता व्यक्त की है कि यदि नियंत्री पदाधिकारी के द्वारा पर्यवेक्षण या अनुश्रवण के क्रम में कही गई बातों से प्रताड़ित होने की बात को सही माना जाएगा, तो जिला इकाई के पदाधिकारियों द्वारा की जाने वाली समीक्षा बैठक पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इससे विकास कार्यों की गति भी प्रभावित होना स्वाभाविक है।

**क्या है संघ की मांग :** झासा से जुड़े अधिकारियों ने थाना प्रभारी के विरुद्ध उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन देने और कारवाई करने की मांग करने का निर्णय लिया है। वहीं, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग से निर्गत निर्देश का अनुपालन सुनि>त करने के लिए केंद्रीय समिति को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया है।

## सीबीआई ने हाई कोर्ट को एमपी-एमएलए के 12 लंबित आपराधिक मामलों की अद्यतन स्थिति बताई



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में एमपी-एमएलए के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले के त्वरित निष्पादन को लेकर कोर्ट के स्वत संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में सीबीआई की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर झारखंड में एमपी-एमएलए के 12 लंबित आपराधिक मामलों की अद्यतन स्थिति बताई गई। बताया गया कि अलकतरा घोटाला से संबंधित बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन के मामले में जजमेंट आ गया है, इलियास हुसैन को तीन साल की सजा हुई है। वही एक मामले में ट्रायल फाइनल स्थिति में है। अगली सुनवाई 9 जुलाई को होगी।

दरअसल, पिछली सुनवाई में एमिकस क्यूरी ने कोर्ट को बताया था कि झारखंड में एमपी-एमएलए के कई मामले में आरोप पत्र दायर होने के बाद आरोप गठन में 6 साल लग जाते हैं, जिससे ट्रायल पूरा होने में कई वर्ष लग जाएंगे। सीबीआई की मंशा ही नहीं है कि ट्रायल जल्द पूरा हो। वहीं सीबीआई की ओर से बताया गया था कि राज्य में एमपी-एमएलए के 12 आपराधिक मामले लंबित हैं। इनमें रांची सिविल कोर्ट में 9 मामले और धनबाद कोर्ट में 3 मामले शामिल हैं। लंबित मामलों में ट्रायल की स्थिति पर कोर्ट को जानकारी दी जाएगी।

**सीबीआई जैसी संस्था गवाहों को जल्द लाने में रही है असफल :** पूर्व की सुनवाई में खंडपीठ ने मौखिक कहा था कि सीबीआई जैसी संस्था गवाहों को जल्द लाने में असफल साबित हो रही है, ट्रायल में देरी होने से गवाहों में डर का भी माहौल बना रहता है। एक मामले में सीबीआई ने भी स्वीकार किया है कि ट्रायल में गवाहों को धमकाये जाने की आशंका के मद्देनजर उस गवाह की गवाही करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का भी सहारा लेना पड़ा है। ट्रायल में देरी होने से गवाहों पर भी असर पड़ता है, उनकी गवाही प्रभावित होती है।


# मंत्री इरफान का जनता दरबार, स्वास्थ्य से ज्यादा अन्य विभागों से आईं शिकायतें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जनता की समास्याओं से रूबरू होने के लिए मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जनता दरबार लगाया। जनता की समस्याओं से अवगत होने के बाद उसके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से बात कर उसे यथा शीध्र समाधान करने की बात कही। वैसे तो जनता दरबार का समय 11 बजे से निर्धारित था लेकिन मंत्री जी के देर से आने की वजह से कुछ विलंब से लोगों की फरियाद सुनी गई। मंत्री जी ने देर होने की वजह मौसम का खराब होना और महत्वपूर्ण विभाग होने की वजह से जनता के लगाव को मुख्य रूप से बताया। इसके बावजूद जनता दरबार में मंत्री के समक्ष एक के बाद एक फरियादी कागज लेकर पहुंचते गए और सबों को कार्रवाई का भरोसा भी दिया। खास बात यह रही कि प्राप्त आवेदनों में मंत्री के स्वास्थ्य विभाग से कम अन्य परेशानी को लेकर लोग ज्यादा परेशान नजर आए। हटिया निवासी पुष्पा कच्छप ने जगन्नाथपुर थाना में जब्त बाइक को छुड़वाने के लिए कथित रूप से की जा रही पैसे की मांग की शिकायत की। जिसपर स्वास्थ्य मंत्री ने थाना प्रभारी की जमकर फटकार लगाई। मंत्री के जनता दरबार की सबसे खास बात यह रही कि शुरू से अंत तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मौजूद रहे।

### जनता दरबार में 97 शिकायतें आई

मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी के समक्ष कुल 97 लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा जिस पर उन्होंने तत्काल पहल करते हुए अधिकारियों से समाधान का रास्ता निकालने को कहा। स्वास्थ्य केंद्र निर्माण संबंधित 5, आपूर्ति विभाग से 12, इलाज से 13, रोजगार हेतु 7, आपदा प्रबंधन से 8, राशन कार्ड से संबंधित 13, स्थानांतरण हेतु 7, जमीन संबंधी 22 मामलों के अलावा के अलावा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं मंत्री के समक्ष लोगों ने रखा। जनता दरबार में विनय सिन्हा दीपू, राजेश सिन्हा सन्नी, राजन वर्मा, जगदीश , नरेंद्र लाल गोपी, राजीव चौधरी, चिंटू उपस्थित थे।



### समस्या का ऑन द स्पॉट होगा समाधान : इरफान

इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि जनता दरबार में आए 90 फीसदी समस्याओं का समाधान कर दिया है। कुछ मामलों में तकनीकी अड़चन है जिन्हें समयानुसार दूर किया जाएगा। सभी आवेदन पर हर हाल में कार्य होगा,जनता दरबार से जनता के साथ-साथ संगठन को भी फायदा मिल रहा है,यह अच्छी पहल है अगर जनता का काम किया जाए तो लोग आते हैं। मंत्री ने कहा कि महागठबंधन सरकार जनता की सरकार है। झारखंड के लगभग सभी जिलों से लोग आए हैं,समय-समय पर जल्दी-जल्दी यह आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सैकड़ो की संख्या में शिकायतें समस्याएं आई हैं। जमीन की समस्याएं अधिक है, कई सीओ की शिकायतें ज्यादा है, जमीन माफिया को वह प्रश्रय दे रहे हैं। मंत्री ने अधिकारियों तत्काल निर्देश दिया कि जनहित में कार्रवाई करें।

जनता दरबार में आये लोगों की संख्या को देखकर स्वास्थ्य मंत्री अचंभित थे। उन्हें उम्मीद थी कि लोगों की संख्या कम होगी और औपचारिकता पूरी कर जल्दी निकल जाया जाएगा लेकिन ऐसा हुआ नहीं। काफी देर तक लोगों की परेशानी सुनने के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने अपने अनोखे अंदाज में कहा कि जनता की समस्या का ऑन द स्पॉट समाधान होगा।

स्पीड न्यूज

## नितिन गडकरी ने रखी ऑटोमोबाइल्स की नींव

**जमशेदपुर।** भारत के पहले विशेष ऑटोमोबाइल डिजाइन और प्रबंधन संस्थान इंडियन स्कूल फॉर डिजाइन ऑफ ऑटोमोबाइल्स (आइएनडीइए) ने मंगलवार को एक्सएलआरआई दिल्ली-एनसीआर परिसर में आधारशिला समारोह के साथ एक ऐतिहासिक कदम उठाया। भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी ने वर्चुअली आधारशिला का अनावरण कर इस दूरदर्शी पहल को अपना समर्थन प्रदान किया।

## मायुमं के शिविर में 108 यूनिट रक्त संग्रह

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी टाटानगर शाखा द्वारा मंगलवार को आयोजित हुए रक्तदान शिविर में 108 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। इसमें 132 लोग रक्तदान करने के लिए आये थे। शाखा अध्यक्ष अनंत मोहनका के नेतृत्व में साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में पांच युवा क्रमशः सक्षम पलसानिया, अक्षत गोयल और शिवानी अग्रवाल सहित अन्य दो पहली बार रक्तदान किया, जिन्होंने दूसरों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। इस अवसर पर विधायक सरयू राय भी शामिल हुए और रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया।

## पति का दोस्त बन महिला को ठगने वाला गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** 7 जून को प्रोफेशनल्स फ्लैट कदमा निवासी प्रशांत डिंडा की अनुपस्थिति में उनकी पत्नी से सारी ज्वेलरी ठगी कर भाग जाने वाले जयंत जायसवाल नामक ठग को कदमा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसकी गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान एवं छापेमारी टीप का गठन किया गया। टीम के द्वारा पेशेवर तरीके से कार्य करते हुए तकनिकी एवं मानवीय आसूचना संकलन किया गया तथा उसका सत्यापन किया गया सत्यापन के पश्चात इस काण्ड में सलिम एक व्यक्ति जिसका नाम जयंत कुमार जयसवाल जब करीब 51 वर्ष पिला-राजेंद्र प्रसाद जयसका पता शिवम,अपार्टमेंट सुनाथपुर रोड़, जयग्रा थाना-बगुइहाती जिला-उत्तर 24 परगना प्रकाश में आया। टीम के द्वारा कोलकाता एवं आसखण्ड के कई जगहों पर इस व्यक्ति के छुपने के संभावित सभी विकानों पर छापेमारी की गयी। तत्पश्रात टीम द्वारा इस व्यक्ति को गिरिडीह में पकड़ा गया। तत्पश्चात काफी गहन पूछताछ के बाद इन्होने अपने अपराध को स्वीकार किया तथा बताये की जयंत कुमार जयसवाल पिछले 05 वर्षों से जमशेदपुर एवं राउरकेला जैसे औद्योगिक शहर में ठगी एवं लूट के अपराध में सक्रिय था। जयंत जायसवाल कंपनी के क्वार्टरों में दोपहर में घुसते थे जब कर्मचारी की पत्नी घर पर अकेले होती थी और फर्जी दोस्त हितैषी बनकर गलत जानकारी देकर जेवर एवं पैसे की ठगी कर करके भाग जाते थे। ठगी किये पैसे से अपना जीवन यापन करते थे एवं आईपीएल के सट्टेबाजी में पैसा लगाते थे।

## जिले के जर्जर तार व पोल बदले जेएसईबी

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बिजली विभाग से संबंधित जनहित के मुद्दे को लेकर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल जीएम विधुत विभाग से मिलकर 13+14 विषय से संबंधित मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने प्रमुखता के साथ जर्जर तार, जर्जर पोल, ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने, प्रत्येक माह उपभोक्ता को बिजली बिल उपलब्ध कराने, केबुल तार से बिजली सप्लाई देने, विधुत कर्मचारियों को जनहित में संवेदनशील रहने के विषय को उठाया। जिलाध्यक्ष ने बिरसानगर, बागुननगर, बागुनहातु, बारीडीह बस्ती, प्रेमनगर, लक्ष्मीनगर, क्षेत्र में बार-बार लोडशेडिंग हो रहा है। जिस ऐजेंसी ने उक्त रखरखाव का कार्य किया है। उससे सुधार कराया जाए। इन क्षेत्र में बिजली के तार से पेड सटे है। जिससे वर्षांत में शार्ट-सर्किट होते है। जिस पर सुधार की जरूरत है। इन क्षेत्रों में बहुत से ट्रांसफार्मर में लोडशेडिंग की शिकायत है। जिससे ट्रांसफार्मर को अपग्रेड की जाए। बिलिंग ऐजेंसी के द्वारा बहुत से क्षेत्र में प्रतिमाह बिलिंग नही भेजा जाता है। जिससे उपभोक्ता को सरकार के द्वारा मिलने वाला लाभ नहीं मिलता है।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के आधे आवेदनों को मिली स्वीकृति, शेष को प्राथमिकता से निपटायें : डीसी

- डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में हुई आईटीडीए, कल्याण एवं जेटीडीसी द्वारा संचालित विकास योजनाओं में प्रगति की समीक्षा
- विकास योजनाओं और स्वरोजगार कार्यक्रमों को गति देने, लाभुकों तक समयबद्ध लाभ पहुंचाने के दिये गये निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आईटीडीए, कल्याण एवं जेटीडीसी अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी व अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास योजनाओं और स्वरोजगार कार्यक्रमों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुंचे इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनजातीय एवं वंचित समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी है ताकि क्षेत्रीय विकास के साथ-साथ प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हो और लोगों को स्वावलंबी बनाया जा सके।

बैठक में विभागीय पदाधिकारी ने जानकारी दी कि प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 1,47,348 आवेदनों में से 1,40,909 बच्चों को छात्रवृत्ति राशि का भुगतान किया जा चुका है। डीसी ने शेष 6,439 बच्चों को शीघ्र भुगतान हेतु आवंटन प्राप्त कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 23,662 आवेदनों में से 12,665 का सत्यापन हो चुका है, और 3,972 बच्चों को छात्रवृत्ति राशि दी गयी है। उपायुक्त ने शेष आवेदनों का सत्यापन प्राथमिकता पर करते हुए भुगतान सुनिश्चित करने को कहा।



बैठक करते डीसी कर्ण सत्यार्थी। साथ में आईटीडीए निदेशक दीपांकर चौधरी।

**साइकिल वितरण कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश**

साइकिल वितरण योजना में 85% से अधिक बच्चों को साइकिल वितरित की जा चुकी है। डीसी ने शेष वितरण कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में स्वीकृत 463 आवेदनों में से 311 लाभुकों को बकरा, सुकर, कुक्कट आदि वितरित किए गए हैं। शेष लाभुकों को शीघ्र लाभान्वित करने को कहा गया। इसी तरह मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में 2023-24 के 723 स्वीकृत आवेदनों में 320 को पहली किशत एवं 174 को दूसरी किशत दी गई है। 2024-25 में 830 स्वीकृत आवेदनों को लेकर आवंटन प्राप्त होते ही भुगतान करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य सहायता योजना में प्राप्त 334 आवेदनों का सत्यापन कर जल्द भुगतान करने को कहा गया, जिसमें पटमदा प्रखंड के सबसे ज्यादा 73 लाभुक शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2021 से 2024 तक बिरसा आवास योजना के तगत 243 स्वीकृत आवासों में 193 पूरे हो चुके हैं। डीसी ने शेष 50 आवासों का निर्माण शीघ्र पूरा कराने हेतु लाभुकों से समन्वय बनाने को कहा।

डीसी ने जेटीडीसी डीपीएम को निर्देशित किया कि युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कैम्प मोड में कार्य करें। अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ा जाए। डीपीएम ने बताया कि बकरा, सुकर, भेड़ वितरण, ग्रोसरी दुकान, बीज वितरण जैसी योजनाओं से 1034 परिवारों को आच्छादित किया गया है।

बैठक में आधारभूत संचरना निर्माण से जुड़े कब्रिस्तान एवं जाहेर स्थान घेराबंदी, जाहेरस्थान निर्माण, आदिवासी संस्कृति कला केन्द्र, मांझी, मानकी मुंडा भवन, धुमकड़िया भवन निर्माण आदि योजनाओं में भी प्रगति की समीक्षा की गई। लंबित योजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने समेत गुणवत्तापूर्ण कार्य हेतु संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को निर्देशित किया गया। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी शंकराचार्य समद, जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडेय, कार्यपालक अभियंता एनआरईपी राजेश रजक व अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

# आज से दो दिन झमाझम बारिश स्वर्णरेखा-खरकाई में उफान संभव

- मौसम विज्ञान विभाग, रांची के मुताबिक जिला में भारी बारिश की चेतावनी
- तटीय क्षेत्र के निवासी ऊंचे स्थानों पर शरण लें, जान-माल की रक्षा प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मौसम विज्ञान विभाग, रांची से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार 18 जून 2025 प्रातः 08:30 बजे से 19 जून 2025 प्रातः 08:30 बजे तक पूर्वी सिंहभूम जिला में भारी से अति भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है। जानमाल की सुरक्षा को देखते हुए नागरिकों से सजग एवं सतर्क रहने की अपील की जाती है।



डीसी श्री कर्ण सत्यार्थी ने जिले के खरखई एवं स्वर्णरेखा नदी के किनारे तथा अन्य निम्न इलाकों में निवास करने वाले नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। नदी का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि भारी बारिश के दौरान सुरक्षित ऊंचे स्थानों में शरण लें, नागरिकों की सुरक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। भारी बारिश को लेकर सभी नगरीय निकाय पदाधिकारी, बीडीओ एवं सीओ को अलर्ट रहते हुए आवश्यक इंतजाम किये जाने का निदेश दिया गया है। जिला प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की जाती है ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि को रोका जा सके।

### डीसी ने दिये महत्वपूर्ण निर्देश

- नागरिक नदियों के किनारे जाने से बचें।
- अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें।
- किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में स्थानीय नगर निकाय व प्रखण्ड प्रशासन या नजदीकी थाना से जरूर संपर्क करें।
- प्रशासन की ओर से राहत और बचाव दल अलर्ट मोड पर हैं।




## टिनप्लेट स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह 21 को मनेगा

- स्वामी गोरखनाथ सरस्वती होंगे आकर्षण का मुख्य केंद्र
- गुजराती सनातन समाज में योग शिविर 22 से 27 जून तक, पंजीयन से मिलेगा प्रवेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर टाटा स्टील एवं सत्यानंद योग केंद्र जमशेदपुर के सहयोग से टीनप्लेट स्पोर्ट्स कंपलेक्स गोलमुरी में 21 जून 2025 शनिवार को प्रातः 6:00 बजे योग समारोह का आयोजन कर रही है। जिसमें टीनप्लेट डिवीजन के अंतर्गत आनेवाले सभी विद्यालय के अतिरिक्त, टाटा मोटर्स, खास महल और बारीडीह के भी कुछ विद्यालयों से करीब 2000 विद्यार्थी एक साथ योग का प्रदर्शन करेंगे। सत्यानंद योग केंद्र के योग शिक्षक एक माह से इनको योग का अभ्यास कराया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए टीनप्लेट डिवीजन काफी दिन पूर्व इसकी तैयारी शुरू कर दी है। मुख्य मार्ग से स्पोर्ट्स कंपलेक्स तक होर्डिंग एवं बैनर से सजाया गया है। टाटा मोटर्स के अंतर्गत आने वाले सभी बच्चों को आने-जाने के लिए बस की सुविधा दी गयी है।



स्वामी गोरखनाथ सरस्वती।

## कोल्हान के हर गांव पहुंचेगा आजसू : सुदेश महतो

- चांडिल में आजसू पार्टी की कोल्हान प्रमंडल स्तरीय बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चांडिल/जमशेदपुर।** चिलगु स्थित आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में सोमवार को कोल्हान प्रमंडल स्तरीय एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिलों- सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम के पदाधिकारी, संयोजक मंडली के सदस्यगण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी अपनी स्थापना के मूल सिद्धांतों और संघर्षशील परंपराओं के साथ एक बार फिर जनहित के मुद्दों को लेकर मजबूत तेवर में लौटेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य जनता को उसका अधिकार दिलाना है, और इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को गांव-गांव तक जाकर लोगों से जुड़ना होगा।

सुदेश महतो ने यह भी घोषणा की कि आजसू पार्टी का स्थापना दिवस इस वर्ष 22 जून को 'बलिदान दिवस' के रूप में रांची में भव्य रूप से मनाया जाएगा। रांची के खेलगांव स्थित शहीद टाना भगत इंडोर स्टेडियम में हजारों की संख्या में कार्यकताओं का जुटान होगा। इस दिन पार्टी उन सभी संघर्षशील साथियों को याद करेगी, जिन्होंने अलग झारखंड आंदोलन और जनहित के लिए बलिदान दिया। स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य भर के कार्यकर्ताओं को रांची में जुटने का आह्वान किया गया है।



बैठक को संबोधित करते सुदेश महतो।

## अग्रवाल सम्मेलन ने किया नगीनों को सम्मानित

- पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन ने शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल किये समाज के बच्चो को समाज के नगीने से किया सम्मानित, सम्मान पाकर बच्चे हुए गौरवान्वित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आज साकची स्थित रामगढ़िया क्लब में शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल किए समाज के बच्चो को समाज के सितारे से सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल गोल्डी के नेतृत्व में हुआ। सम्मेलन के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल गोल्डी ने बतलाया कि इस समारोह में उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया है जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं (सीबीएसई/आइसीएसई) की परीक्षा में 90% या उससे अधिक अंक अर्जित किए हैं, साथ ही 2025 में डॉक्टर, इंजीनियरिंग या अन्य प्रतिष्ठित डिग्रियाँ प्राप्त करने वाले समाज के युवा भी ₹समाज के नगीने₹ की उपाधि से नवाजा गया है।

सम्मेलन के महासचिव मंटू अग्रवाल ने जानकारी दी कि यह आयोजन स्वर्गीय रानी देवी चौधरी जी को समर्पित श्रद्धांजलि है, जिनके जीवन-मूल्य आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं। इस गरिमामयी आयोजन को सरलाल ग्रुप द्वारा प्रायोजित किया गया था।



समारोह में पुरस्कृत छात्र-छात्राएं।

## 10 जुलाई को रामार्चा पूजा, 11 को रुद्राभिषेक और महाप्रसाद वितरण

- इस बार मिलानी हॉल में होगा महाप्रसाद वितरण
- बक्सर के कारीगर बनायेंगे हाथी कान पूड़ी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामार्चा पूजा का भव्य आयोजन किया रहा है। 10 जुलाई को रामार्चा पूजा और 11 जुलाई को रुद्राभिषेक के पश्चात महाप्रसाद का अयोजन होगा। इस बार महाप्रसाद वितरण बिष्टुपुर स्थित मिलानी हॉल में किया जायेगा। इस संबंध में विधायक सरयू राय के बिष्टुपुर स्थित आवास पर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण आयोजित की गई। बैठक में जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा और जदयू के मंडल अध्यक्ष तथा अन्य प्रमुख कार्यकर्तागण मौजूद थे। बैठक में रामार्चा पूजा तथा महाप्रसाद वितरण के संबंध में चर्चा हुई।



## श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के दूसरे चरण का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ

- 200 फीट ऊंचे मंदिर के शिखर पर चढ़ कर की गयी शिखर पूजा
- परिसर में बनेगा शानदार वेद अनुशीलन केंद्र : राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय की उपस्थिति में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, केबुल टाऊन गोलमुरी, जमशेदपुर के शिखर निर्माण कार्य का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। विधायक सरयू राय स्वयं शिखर पर चढ़ गये और विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर शिखर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। तय समय पर पूजा सम्पन्न हो, इसके लिए बरसात के बावजूद विधायक सरयू राय लगभग 200 फीट की ऊँचाई पर चढ़ गए और पूजा अर्चना की। शिखर चढ़ने के दौरान श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति के सदस्यगण भी मौजूद रहे। विधायक सरयू राय ने बताया कि श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार कार्य का पहला चरण पूरा हो जाने के बाद सुबह 8 बजे मंदिर जीर्णोद्धार का दूसरे चरण का शुभारंभ हुआ। उन्होंने बताया कि इस चरण में मुख्य मंदिर के शिखर का निर्माण होना है। इसके पूर्ण होने में लगभग 6 महीने का समय लगेगा। भूमिगत स्थल का निर्माण कार्य भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर के शिखर से पूरा केबुल टाऊन नजर आ रहा था। मंदिर का निर्माण हो जाने से शहर को एक भव्य मंदिर की प्राप्ति होगी। उक्त मंदिर से पूरे जमशेदपुर शहर पर श्री लक्ष्मीनारायण जी की नजर रहेगी।

श्री राय ने कहा कि विगत 30 वर्षों से मंदिर निर्माण का कार्य अधूरा था। उनकी अगुवाई में पिछले वर्ष से इसके जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ हुआ और वहाँ श्री लक्ष्मीनपारायण, श्री गणेश, शिवलिंग, बजरंगबली आदि की प्रतिमा स्थापित कर प्राण-प्रतिष्ठा की गई है। यह मंदिर शहर का एक प्रमुख आध्यात्मिक केन्द्र बनेगा जहाँ पुरानी स्वस्थ परंपराओं को आगे बढ़ायी जायेगी। इस मंदिर में वेद अनुशीलन केंद्र बनाया जायेगा जहां से पंडितों को प्रशिक्षण प्राप्त होगा। जन सेवा के कार्य भी किए जाएंगे जिसमें गरीबों और जरूरतमंदो के लिए भोजन, शिक्षा आदि उपलब्ध कराये जाएंगे।



शिखर पूजा का दृश्य।

### एक नजर में

## झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति पहुंची सरायकेला-खरसावां, की समीक्षात्मक बैठक



**सरायकेला।** मंगलवार को परिसदन सभागार, सरायकेला में झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति की एक समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के सभापति रामचंद्र सिंह ने की, जबकि समिति सदस्य चंद्रदेव महतो भी उपस्थित रहे। बैठक में जिला एवं प्रखंड स्तरीय वरीय पदाधिकारीगण तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में अनुकंपा आधारित नियुक्तियाँ, पेंशन संबंधी प्रकरण एवं जनहितकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सभापति श्री रामचंद्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने एवं सभी विभागों से अद्यतन प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति, भवन निर्माण, कल्याण, शिक्षा, शहरी एवं ग्रामीण विकास, विशेष प्रमंडल, पथ निर्माण, सहकारिता, कृषि, निबंधन तथा जिला योजना सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त, पंजीकृत श्रमिकों की संख्या, कार्यस्थल पर मृत्यु, सामान्य मृत्यु तथा प्रवासी श्रमिकों को उपलब्ध सरकारी सहायता की जानकारी भी ली गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, आशीष अग्रवाल, अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो, पुलिस उपाधिक्षक मुख्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी, सरायकेला एवं चांडिल, सिविल सर्जन, श्रम अधीक्षक, जिला खनन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, विभिन्न प्रखंडो के प्रखंड विकास पदाधिकारी व सीओ तथा अन्य विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राजनगर के शहीद ग्राम मतकमबेड़ा में रोजो पर्व आयोजित, सांसद व सैकड़ों ग्रामीण हुए शामिल



**राजनगर।** सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत राजनगर के शहीद ग्राम मातकमबेड़ा में वीर डीबा किशुन मेमोरियल सोसायटी के तत्वावधान में रोजो पर्व के अवसर पर मंगलवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी उपस्थित रही। सबसे पहले शहीद डीबा सोरेन और किशुन मुर्मू की प्रतिमा पर सांसद समेत अन्य ने श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम में पहुंची सांसद का ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ स्वागत किया। ग्राम प्रधान पूर्ण चंद्र सोरेन ने इस अवसर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने रोजो पर्व के महत्व और सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सांसद ने कहा रोजो पर्व झारखंड के प्रमुख आदिवासी त्योहारों में से एक है, जो प्रकृति और संस्कृति से जुड़ा हुआ है। यह त्योहार क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आदिवासी समुदायों की एकता का प्रतीक है। मौके पर महिला एवं पुरुषों ने मांदल की थाप पर खूब झूमे। कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय सदस्य कृष्णा बास्के, कांग्रेस नेता कालीपद सोरेन, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष लालू हांसदा, केंद्रीय सदस्य बिशु हेंब्रम, मुखिया सलमा देवी, छूटाइ सोरेन, बुधराम मुर्मू, रेमो किस्कू, मंगल चंद्र, ईश्वर सोरेन, रामचंद्र मुर्मू, सोबेन बास्के, रमेश किस्कू,श्याम सुंदर टुडू, सुखलाल सोरेन, प्रदीप हांसदा समेत काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

## इंडो डेनिस टूल रूम, गम्हरिया में 106 यूनिट रक्तदान



**गम्हरिया/ जमशेदपुर।** आईडीटीआर जमशेदपुर में वीबीडीए एवं ब्लड बैंक जमशेदपुर के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें कुल 106 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। मौके पर आईडीटीआर के एमडी आनंद दयाल उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान महादान है। कहा कि रक्त किसी कंपनी में नही बनाया जा सकता। दान के माध्यम से ही रक्त की कमी को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यों में आईडीटीआर हमेशा से अपनी भूमिका निभाता आया है। शिविर का संचालन सुमित सिंह ने किया। इस मौके पर वीबीडीए की ओर से विश्वकर्मा, सुदीप बेरा, गौरी मुखर्जी, सिमान, अशोक महतो, ब्लड बैंक के अभिषेक, रवि, विशाल, समीरन, श्रीदीप, हीरा, सलीम तथा डॉ अंजली उपस्थित थे। इसके सफल आयोजन में आईडीटीआर के सुधांशु, मुस्कान, दीया, परशुराम, अंश, आकाश, सुमित, मोहिनी, आकांक्षा समेत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका रही।

## सबर परिवार को सरकारी योजना से जोड़ने को लेकर चापडी स्कूल में लगाया गया शिविर



**जादूगोड़ा।** सबर परिवार को सरकारी योजनाओ से जोड़ने को लेकर उत्क्रमित हिंदी उच्च विद्यालय चापडी स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को सबर परिवारो के लिए शिविर आयोजित की गयी। इधर इस शिविर में अपनी पीड़ा लेकर आ रहे सबर परिवारों को बैठने, पेयजल तक की व्यवस्था नहीं की गई थी। धालभूमगढ़ से चापड़ी गांव अपने ससुराल आए सबर बाबू लाल सबर अपने चार बच्चों के साथ शिविर में पहुंचा लेकिन उसकी पेचीदा समस्या को समझ मामले ठडे बस्ते में डाल दी गई व अंत में बाबू लाल सबर निराशा होकर लौट गया। अन्य कई सबर परिवारों ने हिम्मत जुटा कर आयुष्मान कार्ड का आवेदन जमा किया जबकि करीबन 17 परिवारों ने अपनी स्वास्थ्य की जांच कराई जहां डॉक्टर ज्योति कुमारी ने स्किन, हेमोग्लोबिन समेत अन्य बीमारियों से ग्रसित सबर परिवारों को दवा का वितरण किया।

## स्पीड न्यूज

### तहसीन ने मां के नाम लगाया पौधा



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के करमा का छात्र तहसीन रजा ने मंगलवार को धावाडीह पंचायत के आधा दर्जन के करीब सरकारी विद्यालयों में अपनी मां के नाम एक पौधा लगाया। अभियान के तहत बच्चों ने एक-एक पौधे लगाये और पौधों की देखभाल की जिम्मेवारी स्कूली बच्चों को दी। कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए पेड़ पौधा जरूरी है। मौके पर स्कूली बच्चों ने तहसीन का स्वागत ताली बजाकर किया।

### भारी मात्रा में अवैध लकड़ी भंडार पकड़ा



**हुसैनाबाद, पलामू।** मंगलवार को एसडीओ गौरांग महतो ने अंतरराज्यीय लकड़ी सप्लायर व अवैध लकड़ी के भंडार को पकड़कर भंडाफोड़ किया है। हैदरनगर थाना क्षेत्र के दीवान बीघा के समीप धर्म कांटा के पीछे अवैध लिप्ट्स की लकड़ी काट जमा करने की सूचना मिली। घटनास्थल गये तो एक बड़ा ट्रक व एक ट्रैक्टर और भंडारण तीन से चार गाड़ी रखा पाया। इसके बाद एसडीएम ने सीओ संतोष कुमार, थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने पूरी लकड़ी जब्त कर हैदरनगर थाना ले गये। इसकी सूचना डीएफओ पलामू को दी गयी है। सीओ ने बताया कि लकड़ी किसकी है, भंडारण व काटने की अनुमति कौन दिया, लकड़ी कहा जा रहा था, इससे संबंधित जानकारी नहीं मिल पायी है। लकड़ी की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख बतायी जा रही है।

### बिजली तार की चपेट आकर चार पशु मरे



**हुसैनाबाद, पलामू।** थाना क्षेत्र के बेनिकला पंचायत के जपला पथरा मुख्य सड़क से बेनिकला गांव में जाने वाली मुख्य सड़क किनारे 440 वोल्ट की तार की चपेट में आने से चार मवेशियों की मौत हो गयी। मुखिया श्रवण राम ने बताया कि इस मामले की जानकारी के लिए बिजली विभाग को फोन किया तो सभी अधिकारियों का सरकारी नंबर बंद आया इससे बिजली विभाग की लापरवाही साफ तौर पर झलक रही हैं। असरेश राम, भृदुल पासवान, रामाशीष यादव अहमद मियां कुल चार लोगों की गाय खेत में चर रही थी तभी सड़क किनारे पूर्व से लंगा तार टूट कर गिरा गया। जो एक गाय की पैर में लिपट गयी इसके बाद धीरे-धीरे सभी गाय एक दूसरे की चपेट में आ गयी और सभी गायों की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। मुखिया ने बीडीओ व अन्य अधिकारियों को सूचना देकर क्षतिपूर्ति की मांग की है। पोस्टमार्टम नहीं हुआ है।

### पांडू : वज्रपात से महिला की मौत




**पांडू पलामू।** रतनाग निवासी संगीता देवी (22) वर्ष पति गोरख चौधरी थाना पाण्डु मंगलवार को अपने घर के बाहर शाम के करीब 5:30 बजे घरेलू कार्य कर रही थी कि उसी क्रम में वज्रपात से घायल हो गयी, जिन्हें परिजन रामचंद्र चंद्रवंशी अस्पताल विश्रामपुर ले गये। जहां उन्हें डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतिका को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल मेदनीनगर भेजा गया एवं अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पांडू थाना प्रभारी बिगेश कुमार राय घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा

### जनसमस्याओं के समाधान के लिए हर महीने लगेगा शिविर : सुधीर चंद्रवंशी



**विश्रामपुर (पलामू)।** नगर परिषद मुख्यालय में कांग्रेस ने मंगलवार को जनसुनवाई शिविर लगा। जिसमें कांग्रेस के पूर्व विस प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी ने आम लोगों की समस्याएं सुनी और सभी को समाधान का भरोसा दिलाया। कई मामलों का निष्पादन तो उन्होंने अधिकारियों से बात कर ऑन द स्पॉट करा दिया। इस दौरान उन्होंने आम लोगों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि बिश्रामपुर विस क्षेत्र के सभी प्रखंडों व नगर निकाय मुख्यालयों में प्रत्येक माह लोगों के समस्याओं के समाधान के लिऐ शिविर लगाया जायेगा। मौके पर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय, विवेक शुक्ला, राकेश चौधरी, संतोष पासवान, गुड्डू चौधरी, राजा गुप्ता, संदीप राम, पंचम राम, लक्की गुप्ता आदि मौजूद थे।

### विश्रामपुर : वज्रपात से मजदूर की मौत



**विश्रामपुर (पलामू)।** नगर व अंचल क्षेत्र में मंगलवार को मौसम का मिजाज बदला। पूरे क्षेत्र में तेज गर्जना के साथ झमाझम बारिश हुई, जिसके बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। साथ ही लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत मिली लेकिन इसी बीच एक दुखद समाचार भी सामने आया। जहां रेहला थाना क्षेत्र के उर्दवार गांव निवासी श्यामलाल भुइयां (52) की वज्रपात से मौत हो गयी। वह मजदूरी का कार्य करता था। अभी वह गांव में ही एक कुंआ खुदाई के कार्य में लगा हुआ था। सूचना मिलने पर रेहला पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

### पाटन बीडीओ ने मचावाटांड़ टोला में विभिन्न योजनाओं का लिया जायजा



**पाटन पलामू।** प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र बुका के पहाड़ी एवं जंगल के बीचोंबीच मचावा टांड़ टोला में तीन किमी पैदल चल मनरेगा की विभिन्न योजनाओं की जांच पाटन बीडीओ अमित झा ने की। उसी क्रम में यमुना सिंह का पेंशन स्वीकृत किया। उन्होंने सेमरी पंचायत के किशैनी में 15वीं वित से बने पीसीसी पथ का शिलान्यास भी किया। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अजीत मिश्रा सहित कई कर्मी भी थे। बीडीओ ने कहा कि अति पिछड़ा क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से गुणवत्तापूर्ण हो इसके लिए सभी प्रयासरत हैं। बीडीओ ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को धरातल पर होना चाहिए। कार्य में कोताही बरतने वाले पर कार्रवाई किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कोई जनप्रतिनिधि एवं कर्मी कार्य में कोताही नहीं बरतेंगे नहीं तो जांचोपरांत कार्रवाई होगी।

# बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की पलामू डीसी ने की समीक्षा

खबर मन्त्र संवादाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने समाहरणालय के सभागार से मंगलवार को जिला सामाजिक सुरक्षा विभाग व समाज कल्याण अंतर्गत बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद से सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत केंद्र व राज्य प्रायोजित सभी पेंशन योजनाओं की विवरणी व सभी योजनाओं के लाभुकों की जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन योजना के आवंटन अप्राप्त है जिसके कारण माह अप्रैल, मई व जून 2025 तक का भुगतान लंबित है। इसके अलावे विभिन्न पेंशन योजनाओं में वित्त वर्ष 2025-26 में प्राप्त आवंटन की भी समीक्षा की गयी।



**ये भी रहे उपस्थित :** मौके पर उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत बाल संरक्षण इकाई से जुड़े कर्मीगण उपस्थित थे।

**मिशन वात्सल्य बच्चों की सुरक्षा के लिए बेहतर :** डीसी ने मिशन वात्सल्य को समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि यह योजना अनाथ बच्चों, मानव तस्करी के शिकार बच्चों, बाल मजदूरी में संलग्न बच्चों और घुमंतू बच्चों को एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होने जैसा है। उन्होंने बाल सुरक्षा समितियों और स्थानीय संस्थाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बच्चों को उनका अधिकार दिलाने और उनके साथ होने वाली किसी भी प्रकार की उपेक्षा या हिंसा को रोकने के लिए हर स्तर पर संवेदनशीलता और तत्परता दिखायी।

# 35 पेटी बीयर के साथ एक गिरफ्तार

- गुप्त सूचना पर छतरपुर पुलिस ने लठेया पिकेट के समीप वाहन चेकिंग में स्कार्पियो से अवैध बीयर पकड़ी

खबर मन्त्र संवादाता

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लठेया पिकेट के पास बीती रात्रि को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस के वरीय अधिकारी के गुप्त सूचना पर पिकेट प्रभारी धर्मवीर कुमार यादव एवं सअनि राजेश मांडी पुलिस बल के साथ सघन वाहन जांच कर रहे थे। इसी बीच स्कार्पियो (जेएच 03 टी 6904) छतरपुर से हुसैनाबाद की ओर जा रहा था। चालक पुलिस को सड़क पर खड़ा देख वाहन को पीछे घुमाकर सुशीगंज की ओर भागने लगा। जिसे पुलिस ने आशंका व्यक्त करते हुए वाहन का पीछा करने लगी।



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी व उपस्थित अन्य।

**खास बातें :** पुलिस को पीछा करते देख वाहन में सवार दो व्यक्ति वाहन को बीच रास्ते में ही खड़ा कर भागने लगे। जिसे पुलिस बल के द्वारा पकड़ने के लिए दौड़ाया गया जिसमें संकेत कुमार सिंह पिता दिलीप कुमार सिंह ग्राम पतरिया थाना हैदरनगर को पकड़ा गया। पुलिस द्वारा उससे पूछताछ करने एवं स्कार्पियो की तलाशी लेने पर बेड मंकी नाम के 35 पेटी बीयर बरामद किया गया। इस मामले में पिकेट प्रभारी धर्मवीर कुमार यादव ने गिरफ्तार संकेत कुमार सिंह से बियर से संबंधित कागजात का मांग किया तो वह देने से इंकार कर दिया। पुलिस ने इस पर कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर संकेत सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि फरार व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानें पर छापेमारी कर रही है। इस दौरान पुलिस ने 35 पेटी बीयर के साथ स्कार्पियो व एक मोबाईल जब्त किया है।

### आत्मसमर्पित नक्सलियों को सरकारी देय लाभ सुविधा को लेकर डीसी की बैठक

# नक्सलियों को अंबेडकर आवास योजना से शीघ्र जोड़ें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवादाता

**मेदिनीनगर।** प्रत्यर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को सरकारी देय लाभ सुविधा प्रदान करने को लेकर उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गयी। इसमें सर्वप्रथम डीसी ने सामान्य शाखा प्रभारी रश्मि रंजन से आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की जानकारी ली। बताया गया कि कुल 8 आत्मसमर्पित नक्सलियों को



आवास योजना का लाभ देने को लेकर बैठक करतीं डीसी।

आत्मसमर्पण के बाद शेष देय राशि नियमानुसार दी जानी है। उन्होंने बताया कि 3 आत्मसमर्पित नक्सली को आवास हेतु जमीन भी उपलब्ध करवा दिया गया है। इसपर डीसी ने शेष पांच नक्सलियों को भी गृह निर्माण हेतु 4 डिसमिल जमीन देने की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए उन्हें आवास उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने सामान्य शाखा प्रभारी को अपर समाहर्ता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने की बात कही।

बैठक में उपायुक्त ने बकाया राशि के संबंध में जानकारी ली। बताया गया कि पुनर्वास पैकेज व गृह निर्माण के बकाया राशि को लेकर सरकार से पत्राचार किया गया है। उपायुक्त ने सामान्य शाखा प्रभारी को आत्मसमर्पित नक्सलियों का बीमा कराने,उनके बच्चे के शिक्षा में सहयोग करने,कानूनी लड़ाई में सहायता करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। डीसी ने डीडीसी को आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को बाबा भीमराव अंबेडकर आवास योजना से भी जोड़ने को लेकर निर्देशित किया। डीसी ने कहा कि अगली बैठक से पूर्व सभी को बीमा से लाभान्वित करने की बात कही। इसी तरह उपायुक्त ने जेनेरल सेक्शन से जारी होने वाले चरित्र प्रमाण पत्रों की जानकारी ली।

# वर्षा पूर्व शहर की सभी बड़ी नालियों को विधिवत सफाई का दिया निर्देश

- शहर में जल जमाव व सफाई का एसडीओ ने लिया जायजा

खबर मन्त्र संवादाता

**हुसैनाबाद पलामू।** वर्षा के मौसम में भी शहर में गंदगी की शिकायत पर हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो ने शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया।

मंगलवार की सुबह शहर के पटेल चौक, अंबेडक चौक, सब्जी बाजार, गांधी चौक व मधुशाला रोड के निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने नगर पंचायत हुसैनाबाद के कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश हंश को निर्देश दिया कि शहर के सब्जी बाजार, अंबेडकर चौक, गांधी चौक से मधुशाला रोड व पटेल चौक की तरफ जाने वाली प्रमुख नालियों



नालियों की साफ-सफाई का जायजा लेने पहुंचे एसडीओ।

की तत्काल विधिवत सफाई करायें।

उन्होंने कहा कि यह कार्य वर्षा शुरू होने के पूर्व होना चाहिए। अगर बरसात में जल जमाव हुआ, तो जबाबदेही नगर प्रशासन की होगी। सफाई सुपरवाइजर व सफाई कर्मियों पर भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि यह स्थल शहर का मुख्य स्थल हैं।

हर हाल में सफाई की विधिवत व्यवस्था होनी चाहिए। एसडीओ ने अंबेडकर चौक के कई दुकानदारों का प्रत्येक वर्ष भारी जल जमाव से नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि रुद्रा होटल के पास बन्द नाली से दुकान में पानी घुसने व लाखो की होने वाली नुकसान की शिकायत भी मिली है। एसडीओ ने दुकानदारों को भरोसा दिलाया कि शीघ्र हल कर दिया जायेगा। मौके पर नगर पंचायत के कर्मचारी व व्यवसाई मौजूद थे।

## शादी के नाम पर पैसा ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, पिटाई के बाद किया पुलिस के हवाले

खबर मन्त्र संवादाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** शादी के नाम पर लाखों ठगने वाले बिहार के एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। ग्रामीणों ने एक महिला सहित दो लोगों को पकड़कर पहले जमकर पीटा। उसके बाद तीनों को पुलिस के हवाले कर दिया। मामला विश्रामपुर थाना क्षेत्र के वार्ड 19 के कोशियार गांव का है। कोशियार निवासी शमशेर अली ने बताया कि गांव के अहमद अली की पुत्री की शादी गढ़वा के कल्याणपुर में अगुआ के माध्यम से इसहाक खान के साले फिरोज से तय हुयी थी। फिरोज मूलतः बिहार के रोहतास जिला के शेखपुरा भदारा गांव



का रहने वाला है। फिरोज ने शादी के एवज में दो लाख नकद व एक बाइक मांगी। लड़की के पिता ने दो लाख दे भी दिये। जबकि फिरोज पहले से शादी शुदा था और उसके दो बच्चे भी हैं। इसका खुलासा तब हुआ, जब फिरोज की पत्नी दो बच्चों के साथ आयी। उसने बताया कि वह भी फिरोज खान की दूसरी पत्नी है। मुझसे पहले भी उसने एक शादी कर रखी थी।

## अपनी कार्य प्रणाली में सुधार लायें या कार्रवाई के लिए तैयार रहें : एसडीएम

- अनुमंडलीय अस्पताल का किया औचक निरीक्षण
- लगातार जनता से शिकायत मिलने पर भड़के एसडीओ

खबर मन्त्र संवादाता

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद का एसडीओ गौरांग महतो ने औचक निरीक्षण किया। कर्मियों की लापरवाही व मरीजो को बेवजह रेफर करने के मामले की शिकायत पर किया गया औचक निरीक्षण। आचौक निरीक्षण के दौरान एसडीओ गौरांग महतो ने स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ बिनेश राम से वास्तु स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने एम्बुलेंस, ऑक्सीजन व दवा भंडारण की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उपस्थिति रजिस्टर, ओपीडी में मरीजों से भी बात की। उन्होंने डॉक्टरों को



चेतावनी देते हुए कहा कि सबसे पहले मरीजों के साथ शालीनता के साथ व्यवहार करें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। सरकार से जो सुविधाओं मिल रही हैं, उसे सत प्रतिशत मरीजों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। प्रत्येक मरीज से जानकारी साझा करें।

### भाजपा नेता ने पूर्व सीएम को किया सम्मानित



**सतबरवा पलामू।** भाजपा नेता आशीष सिन्हा ने मंगलवार को रांची में झारखंड राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के रांची स्थित आवास पर बुके देकर सम्मानित किया और क्षेत्र की समस्या को रखा। श्री सिन्हा ने सतबरवा प्रखंड सहित पलामू जिला में व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर श्री मरांडी का ध्यान आकर्षित कराया। मौके पर भाजपा महामंत्री चंचल यादव, प्रवेश यादव, संदीप यादव, अशर्फी यादव, उपेंद्र उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

### पाटन प्रखंड प्रमुख ने उपायुक्त को किया सम्मानित



**पाटन पलामू।** प्रमुख शोभा देवी ने पलामू उपायुक्त समीरा एस को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रमुख ने पाटन के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया जिस पर उपायुक्त समीरा एस ने उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। शोभा देवी ने कहा है कि पलामू उपायुक्त समीरा एस बहुत ही विकास शील पदाधिकारी रही हैं। इसके पूर्व भी उन्होंने पलामू जिला में अपनी सेवाएं दे चुकी है और उनके द्वारा किये गये कार्य सराहनीय रहे हैं। प्रमुख शोभा देवी ने एस समीरा को पलामू उपायुक्त बनने पर बधाई दी। उन्होंने पाटन सहित पूरे जिला में विकास कार्य तेजी से हो इसकी अपेक्षा पलामू उपायुक्त से किया है।

### चांदो में वज्रपात की चपेट में आकर दो महिला की मौत



**चैनपुर (पलामू)।** बारिश के बाद तेज गर्जन के साथ वज्रपात की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के चांदो पंचायत अन्तर्गत हरसंगार टोंगरी निवासी गुड्डन सिंह की पत्नी सरस्वती देवी (60) व पुत्री रूपा कुमारी (25) दोनों घर के बाहर बैठे हुए थे। उसी दौरान बिजली की पोल पर वज्रपात से दोनों की मौत हो गयी। इसी दौरान मौसम बदलने के पश्चात हल्की बूंदा-बूंदी के साथ तेज गर्जन होने पर दोनों महिला वज्रपात की चपेट में आ गये जिससे दोनों की मौत हो गयी। मुखिया नीता सिंह ने घटना पर दुख जताया है। साथ ही आपदा के तहत मिलने वाली मदद राशि शीघ्र ही मृतक के परिजनों को दिलाने की बात कही है। इधर इस संदर्भ में चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दी गयी है।

## ब्राह्मण समाज का अपमान बर्दाश्त नहीं: विजय तिवारी

- अस्मिता को रौंदने का दुस्साहस करने वाले वर्गों से कानूनी लड़ाई लड़ेगा ब्राह्मण समाज
- ब्राह्मण समाज को अपमानित करने का चल रहा षड्यंत्र
- बैठक के बाद पुलिस अधीक्षक को दिया गया ज्ञापन

खबर मन्त्र संवादाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के रेडमा ठाकुरबारी मंदिर परिसर में मंगलवार को ब्राह्मण समाज की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष विजय तिवारी ने की। बैठक में महापुरुषों से प्रेरणा लेते हुए



उनके आदर्शों पर चलने की जरूरत पर बल दिया गया। वहीं समाज को एकजुट होकर समाज में फैली बुराइयों को दूर कर स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुंदर वातावरण स्थापित करने की जरूरत पर बल दिया गया। बैठक के उपरांत एसपी को ज्ञापन देकर इस मामले के न्यायिक जांच का मांग की।

### सेमरी पंचायत में आज आयोजित होगा शिविर

**पाटन पलामू।** धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत शिविर का आयोजन बुधवार को पाटन प्रखंड के सेमरी पंचायत में आयोजित किया जायेगा। इसकी जानकारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अजीत मिश्रा ने दी। कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि एसटी जाति के लोगों के लिए प्रखंड के सेमरी पंचायत में आयोजित किया गया है। इसमें सभी एसटी जाति के लोगों का आय, जाति प्रमाण पत्र, राशनकार्ड, आधार कार्ड बनाये जायेंगे तथा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा रोग से पीड़ित लोगों को जांच कर दवा दी जायेगी।

## लेदवाखांड में धरती आबा जनभागीदरी मेगा कैंप लगा

खबर मन्त्र संवादाता



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोची के गांव लेदवाखाड़ में धरती आबा जनभागीदरी मेगा कैंप सोमवार को लगाया गया। इसमें कुल 75 आवेदन आदिम जनजाति परहिया समुदाय के लोगों ने दिये। कैंप उपायुक्त के निर्देश पर जिला कल्याण पदाधिकारी के आदेश पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राजीव रंजन ने लगाया। जिसमें पोची मुखिया गिरवर राम, राजस्व उप निरीक्षक विकास मिंज, सामाजिक कार्यकर्ता सत्येंद्र सोनी, पंचायत सचिव सह प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रमेश मेहता, जेएसएलपीएस के टीम सदस्यों के अलावा मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर जयराम सिंह, एएनएम, खाद आपूर्ति विभाग के कंप्यूटर आपरेटर भास्कर पाठक, आधारकार्ड जेनरेट हेतु अदनान अशरफ, पंचायत के भीएलई आदि भी थे।

# स्टाइल कलेक्शन ब्रांडेड और ट्रेंडिंग कपड़ों का हब है : मिथिलेश ठाकुर

- राज्य के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर : दीपक तिवारी

खबर मन्त्र संवादाता

**मेदिनीनगर।** शहर के रांची रोड स्थित ठाकुरबाड़ी काम्प्लेक्स में अवस्थित स्टाइल क्लेकशन हब ब्रांडेड एवं ट्रेडिंग कपड़ों का हब है। यहां जींस, सर्ट, जूता, परफ्यूम, बेल्ट सहित विभिन्न प्रकार के पोशाक व पहनावे के उत्पाद हैं। इससे पलामू के साथ-साथ दूसरे जिले के लोगों को भी लाभ मिल रहा है। यह बातें झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री व झामुमो के नेता



पूर्व मंत्री का स्वागत करते लोग।

मिथिलेश ठाकुर ने कही। पूर्व मंत्री स्टाइल क्लेकशन हब पहुंचे थे। उन्होंने पूरे परिसर का भ्रमण कर वहां रखे उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रोपराइटर दीपक तिवारी को इस व्यवसाय के लिए उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतिष्ठान शिखर पर पहुंचेगा और लोगों के बीच अच्छे कपड़ों के साथ-साथ पहनावे के उत्पादों के लिए अपना पहचान कायम करेगा। उन्होंने प्रोपराइटर के इस कार्य को काफी सराहा। कहा कि दीपक तिवारी

पूर्व मंत्री ने यहां व्यवस्थित एवं सजावटी अंदाज में रखे कपड़ों को देखकर काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि दीपक तिवारी न सिर्फ रोजगार के अवसर उत्पन्न करते हैं, बल्कि झारखंड की छवि को भी एक नई पहचान दिलाया है। उन्होंने अन्य युवाओं से भी स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने की अपील की। स्टाइल क्लेकशन हब के प्रोपराइटर दीपक तिवारी ने पूर्व मंत्री के पहुंचने पर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

राजनेता, समाजसेवी व उद्यमी हैं। वे स्वालंबन व जीविकोपार्जन की दिशा में कार्य कर रहे हैं। यह बड़ी उपलब्धि है। वे क्षेत्र में फैशन और युवाओं के नया आयाम देने की दिशा में अग्रसर है।

### कसवा खांड़ पंचायत के होमियां में शिविर का आयोजन

# स्टॉल से लाभान्वित हुए लोग

खबर मन्त्र संवादाता

**पाटन पलामू।** धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत पाटन प्रखंड अंतर्गत कसवा खांड़ पंचायत के होमियां में शिविर लगाया गया। शिविर की अध्यक्षता पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने की। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग, कल्याण विभाग सहित कई विभागों का स्टॉल लगाये गये।

स्टॉल के माध्यम से एसटी जाति के लोगों के समस्या का निराकरण किया गया। शिविर में एसटी के लोगों को आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राशनकार्ड, आधार कार्ड बनाये गये। शिवीर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य



जनभागीदारी अभियान के तहत लगे कैंप में मौजूद लोग।

संबंधित चेक अप कर दवा का वितरण किया गया। पाटन प्रखंड में पांच पंचायत सेमरी, मेराल, नावा खास, लोइंगा, रुदीडीह में धरती आबा जन भागीदारी के तहत शिविर लगाया जायेगा। पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने एसटी जाति के लोगों से शिविर में उपस्थित होकर लाभ लेने के लिए कहा गया। शिविर में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अजीत मिश्रा, मुखिया यशोदा देवी ,पंचायत सचिव रामानंदन मेहता सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

## जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न, विकास योजनाओं पर हुई गहन समीक्षा

# सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी तरीके से हो : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को डीसी सह जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत नई योजनाओं एवं पूर्व स्वीकृत योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।


बैठक करते डीसी दिनेश कुमार यादव व अन्य।

मौके पर डीसी ने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, ग्रामीण विकास, आजीविका और कृषि से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देने पर बल दिया।

पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए डीसी यादव ने जलापूर्ति योजनाओं को शीघ्र प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने अभियंत्रण विभागों जैसे ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, आरडब्ल्यूडी, बिल्डिंग, एनआरईपी, आरसीडी आदि को कार्यों को निर्धारित समय पर पूर्ण करने को कहा। वहीं, लंबे समय से लंबित या विवादित योजनाओं को बंद करने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण और डीएमएफटी मद से चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। सभी विभागों को आवंटित राशि एवं व्यय की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

बैठक में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, सीएस डॉ अशोक कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, डीआरडीए निदेशक रवीश राज सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, योजना पदाधिकारी जेवीयर मिंज सहित कई विभाग के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कॉफी विद एसडीएम का आयोजन आज

**गढ़वा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अनुमंडल कार्यालय, गढ़वा की ओर से बुधवार 18 जून को एक विशेष संवाद कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में सुबह 11:00 बजे से अनुमंडल कार्यालय परिसर में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य योग प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों से संवाद कर उनके अनुभव, सुझाव व चुनौतियों को समझना और योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए स्थानीय प्रशासन के सहयोग की संभावनाएं तलाशना है। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि योग प्रशिक्षक हमारे समाज के स्वास्थ्य योद्धा हैं। इस अवसर पर हम उनके योगदान का सम्मान करना चाहते हैं।


**जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद्, लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 06 वर्ष 2025–26**

**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 24.06.2025 (अपराह्न 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 25.06.2025 को 01:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :25.06.2025 को 03:00 बजे अपराह्न, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लातेहार जिला अन्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पाण्डेयपुरा में कृषि प्रक्षेत्र कीनामाड़ में कृषि यंत्र बैंक केन्द्र का CHC (Custom Hiring Center) निर्माण। | 19,47,800 | 39,000 | 5,000 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञित (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हें B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
PR 355214 (Rural Development)25-26*D
जिला परिषद, लातेहार


## स्पीड न्यूज

### पत्रकार उमेश कुमार के चाचा का निधन


रमना। मंगलवार को सिलीदाग निवासी एवं बीएसएनएल से सेवानिवृत्त 77 वर्षीय रुपन राम का निधन हो गया। वे खबर मंत्र के रिपोर्टर उमेश कुमार के चाचा थे। वे पिछले एक माह से अस्वस्थ चल रहे थे, हालांकि सोमवार तक उनकी स्थिति सामान्य बनी हुई थी। सोमवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें रमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद स्थिति कुछ ठीक हुई, लेकिन मंगलवार दोपहर उन्होंने अपने घर पर अंतिम सांस ली। निधन की खबर फैलते ही परिजनों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीणों और रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई। सभी ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। अंतिम संस्कार में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। मौके पर दैनिक जागरण के रिपोर्टर सत्यप्रकाश, राष्ट्रीय नवीन मेल के रिपोर्टर आशुतोष पासवान, पत्रकार संघ से समाजसेवी रवि कुमार, झामुमो नेता पिंटू कुमार व अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

### बीएसएम कॉलेज भवनाथपुर में नामांकन अभियान शुरू, विभिन्न विद्यालयों में किया गया संपर्क



केतार। बीएसएम कॉलेज टाउनशिप भवनाथपुर द्वारा नामांकन अभियान के तहत क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में संपर्क कर छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में कॉलेज प्रतिनिधियों ने केतार के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, प्लस टू विद्यालय छाताकुंड, परसोडीह सहित अन्य विद्यालयों का दौरा किया। कॉलेज के प्रोफेसर ब्रज बिहारी सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में बीए, बीएससी और बीकॉम में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कॉलेज द्वारा प्रत्येक विद्यालय में जाकर छात्रों को नामांकन और शिक्षा से संबंधित जानकारी दी जा रही है, ताकि स्थानीय छात्र-छात्राएं आसानी से कॉलेज में प्रवेश लेकर अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। श्री सिंह ने यह भी आश्वासन दिया कि छात्रों की सुविधा का विशेष ख्याल रखा जाएगा और कॉलेज में किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा। मौके पर प्लस टू विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीपक कुमार सिंह, राजीव कुमार, बिरेन्द्र कुमार यादव, श्रीराम सिंह, त्रिभुवन सिंह, लक्ष्मण बैठा, फगुनी पंडित, प्रेम प्रकाश रमन व कई लोग उपस्थित थे।

### स्कूल में शरारती तत्वों ने तोड़ा जलमीनार



कांडी। गड़ाखुर्द पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर में शरारती ग्रामीण बच्चों द्वारा विद्यालय की पानी टंकी और सोलर प्लेट तोड़ दिए जाने से विद्यार्थियों के बीच पीने के पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। विद्यालय में नामांकित 82 बच्चों को अब बेहद कम मात्रा में चापानल के पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है। विद्यालय प्रभारी हेमेन्द्र राम ने बताया कि स्कूल की छत पर लगे 1000 लीटर की पीवीसी टंकी और सोलर प्लेट को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिससे जल आपूर्ति पूर्णतः ठप हो गई है। यह जलमीनार पंचायत द्वारा 14वें वित्त मद से लगाया गया था। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर में केवल एक चापानल है, जो काफी कम पानी देता है और उसकी मरम्मत की आवश्यकता है। इस संबंध में उन्होंने बीआरसी कार्यालय को लिखित सूचना दे दी है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में चहारदीवारी नहीं होने के कारण स्कूली समय के बाद असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे ऐसी घटनाएं घट रही हैं। विद्यालय प्रशासन ने जलमीनार की मरम्मत व सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।

### सेवानिवृत्त सेलकर्मी का निधन

भवनाथपुर। रौनियार वैश्य महासभा के प्रखंड सचिव सह व्यवसायी सतेंद्र प्रसाद गुप्ता के पिता एवं सेवानिवृत्त सेलकर्मी अवधेश प्रसाद गुप्ता (उम्र 67 वर्ष) का मंगलवार की अहले सुबह कपूरी चौक स्थित अपने निवास पर हृदयगति रुकने से निधन हो गया। व्यवसायियों, समाजसेवियों और विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने स्व. अवधेश प्रसाद गुप्ता के आवास पर पहुंचकर पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। मंगलवार की शाम सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में रजदहवा नदी के पावन तट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र सतेंद्र प्रसाद गुप्ता ने दी। स्व. अवधेश प्रसाद गुप्ता अपने पीछे तीन पुत्र, एक पुत्री और भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। रौनियार वैश्य महासभा ने शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। मौके पर रौनियार वैश्य महासभा के प्रदेश महासचिव बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, मुखिया बेबी देवी, शिक्षक सुजीत कुमार, समाजसेवी दीपु गुप्ता, गुप्तेश्वर प्रसाद, दामोदर प्रसाद गुप्ता, बजरंगी साह, युगेश्वर पाल, ओमप्रकाश आर्य, दिनेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, बबलू गुप्ता, विनय गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सिंचाई व नल-जल योजना की बदहाल स्थिति पर भाजपा नेताओं ने एसडीओ को सौंपा मांग पत्र



कांडी। प्रखंड की प्रमुख समस्याओं को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामलाला दुबे और भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे ने सदर एसडीओ संजय कुमार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने विभिन्न गांवों में सिंचाई व नल-जल योजना में अनियमितताओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। नेताओं ने कहा कि कांडी प्रखंड के 80 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं, लेकिन खेतों तक अब तक बिजली के पोल और तार नहीं पहुंच पाए हैं। किसान बांस-बल्ली के सहारे बिजली खींचकर सिंचाई कर रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। हेंठार क्षेत्र में बारिश में जलभराव से स्थिति और गंभीर हो जाती है। भाजपा नेताओं ने पतीला, बलियारी, गड़ाखुर्द, कसनप, चंद्रपुरा, सड़की, बरवाडीह, सोनपुरा आदि गांवों में सिंचाई सुविधा बहाल करने हेतु बारिश से पहले बिजली पोल व तार लगाने की मांग की। साथ ही बताया कि सेमौरा, पतीला, शिवपुर, चेचरिया जैसे गांवों में नल-जल योजना के कार्य में सड़कों को तोड़कर छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद कोई सुधार कार्य नहीं हुआ है। नेताओं ने सड़कों की शीघ्र मरम्मत की भी मांग की। भाजपा नेताओं ने एसडीओ से इन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल कराने की अपील की है।

### दहेज हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

धुरकी। थाना क्षेत्र के खाला गांव में दहेज के लिए विवाहिता रुखसाना खातून (20 वर्ष) की हत्या के मामले में धुरकी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी उसके पति बदरुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। मृतका की मां हलीमा बीवी ने धुरकी थाना में पति, ससुर, सास और दो ननदों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि दहेज को लेकर रुखसाना को लगातार प्रताड़ित किया जाता था, जिसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की गई है और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है और जल्द ही सभी को पकड़ लिया जाएगा।

# पत्नी ने खाने में जहर मिलाकर की पति की हत्या

## आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रंका।** थाना क्षेत्र के बाहुकूदर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव निवासी स्व. सपूर्ण सिंह के 23 वर्षीय पुत्र बुद्धनाथ सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने उसकी पत्नी सुनिता पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि बुद्धनाथ की शादी महज एक माह पहले छत्तीसगढ़ के रामचंद्रपुर के किशुनपुर गांव निवासी रघुनाथ सिंह की पुत्री सुनिता से हुई थी। शादी के 10 दिन बाद ही सुनिता मायके चली गई थी और वापस आने से इंकार कर रही थी। पंचायती के बाद 5 जून को जबरन उसे ससुराल भेजा गया। रविवार की रात उसने पति को खाना खिलाया। सोमवार सुबह जब बुद्धनाथ नहीं उठा, तो मां और भाभी कमरे में गईं और देखा कि वह मृत अवस्था में बिस्तर पर पड़ा है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा। इस संबंध में थाना प्रभारी चेतन कुमार ने बताया कि मृतक की मां के आवेदन पर सुनिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

पूछताछ में उसने कबूल किया कि रविवार को गोदरमाना बाजार में मक्खी मारने वाली दवा को समोसे में मिलाकर बुद्धनाथ को खिलाया और फिर रात के खाने में भी जहर मिलाया। पुलिस ने सुनिता को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

### बारिश के दौरान झोपड़ी गिरने से चार लोग घायल

**भवनाथपुर।** केतार थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव में मंगलवार को बारिश के दौरान एक खपड़ैल नुमा झोपड़ी गिर गई, जिससे उसमें बैठे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से निजी वाहन द्वारा भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश सिंह ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों में केतार के पालनगर निवासी राजू पाल, अनुज गुप्ता, रोहित सिंह और करीमन पाल है। उक्त झोपड़ी का निर्माण मात्र दो दिन पहले ही किया गया था। मंगलवार को जब बारिश शुरू हुई, तो गांव के कई लोग उसी झोपड़ी में शरण लिए हुए थे। तभी झोपड़ी भरभराकर गिर पड़ी और वहां बैठे लोग उसके मलबे के नीचे दब गए।

## आम बागवानी उत्सव सह मेला का आयोजन, किसानों ने साझा किए अनुभव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सगमा।** बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत सगमा प्रखंड के घघरी पंचायत सचिवालय में आम बागवानी उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बीपीओ कुमार अभय ने किया, जिनके मार्गदर्शन में आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मेला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख अजय शाह, पूर्व जिला पार्षद नंदगोपाल यादव, उप प्रमुख अर्जुन पासवान एवं मुखिया सरिता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में प्रखंड के पांचों पंचायतों से आम बागवानी के लाभुकों ने भाग लिया और आम्रपाली, मल्लिका, मालदा, लंगड़ा, दशहरी जैसे उन्नत किस्मों के आमों की प्रदर्शनी लगाई। लाभुकों ने मंच से आम बागवानी के अपने अनुभव साझा किए और बताया कि इस योजना से उन्हें आर्थिक रूप से लाभ हुआ है। बीपीओ कुमार अभय ने किसानों को आम बागवानी के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि यह आत्मनिर्भरता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का माध्यम है।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्रों को दी गयी सड़क सुरक्षा की जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा।** डीटीओ के निर्देशानुसार मंगलवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज सोह में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रोड सेफ्टी टीम ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व और दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में गुड सेमेरिटन योजना के बारे में विशेष जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की गोल्डन ऑवर में मदद करने वाले नेक व्यक्ति को 2,000 रुपये और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। यदि कोई व्यक्ति एक घंटे के भीतर गंभीर रूप से घायल को अस्पताल पहुंचाता है, तो उसे 5,000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि भी दी जा सकती है। इसके अलावा हिट एंड रन मामलों में अज्ञात वाहन से दुर्घटना की स्थिति में मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को 2 लाख रुपये तथा गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपये की सहायता राशि देने का प्रावधान बताया गया।

### वज्रपात की चपेट में आकर वृद्ध की मौत, पत्नी घायल

**रमना।** भागोडीह पंचायत के चुन्दी गांव में मंगलवार दोपहर वज्रपात की घटना में 60 वर्षीय लखन भुइया की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गुड़िया देवी घायल हो गईं। हादसा दोपहर करीब दो बजे उस समय हुआ जब दोनों अपने घर के पास बैठे थे। वज्रपात से लखन भुईयां की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं पत्नी को स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। मृतक लखन भुईयां निःसंतान थे। घटना की जानकारी मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि चुन्नू सिंह मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

## गढ़वा के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जीते दो मेडल

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**गढ़वा।** झारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ और जामताड़ा जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 14-15 जून तक जामताड़ा स्टेडियम में दूसरी राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा चयनित 15 सदस्यीय टीम ने विजय सिंह के नेतृत्व में भाग लिया। गढ़वा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिले के लिए 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल जीता। अंडर-16 आयु वर्ग के गोला फेंक स्पर्धा में मनीष कुमार ने सिल्वर मेडल हासिल किया, वहीं इसी आयु वर्ग के ट्रायथलॉन बी में विवेक कुमार ठाकुर ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। संघ के अध्यक्ष शिव कुमार पांडेय और सचिव आलोक कुमार मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जिले के खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में लगातार मेहनत और सही मार्गदर्शन से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। संघ खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हमेशा समर्पित है और उन्हें उचित मंच उपलब्ध कराता रहेगा। बधाई देने वालों में ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, संरक्षक अमृत शुक्ला, कोषाध्यक्ष अजयकांत, क्रिकेट संघ के सचिव गुडू सिंह, विजय केशरी, मदन प्रसाद केशरी, ओमप्रकाश तिवारी, राकेश पाल, अनिता दत्त, सुशील कुमार तिवारी, जगरनाथ राम समेत कई लोगों का नाम शामिल है।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा**
समग्र शिक्षा
समाहरणालय भवन, कोडरमा

शिक्षा का अधिकार
jepckoderma@yahoo.co.in
kodermassa@gmail.com
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
पिन कोड–825410

**विज्ञापन संख्या:–910 / 14.06.2025**

**कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, जिला–कोडरमा के रिक्त पूर्णकालिक शिक्षिका एवं लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों पर चयन हेतु आवश्यक सूचना**

1. विभागीय आदेश संख्या GE/08/163/2022-23/1811 दिनांक 09/05/2025, पत्रांक 3545 दिनांक 14.09.2023, पत्रांक 3190 दिनांक 14.08.2023 तथा सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक 2835 दिनांक 03.11.2022 के आलोक कोडरमा जिला में संचालित 04 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु इच्छुक योग्य एवं अर्हताधारी महिला अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तों के अधीन शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मी के रिक्त पदों के विरुद्ध विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 30 जून 2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा कार्यालय, कोडरमा में आमंत्रित किए जाते हैं :–

| Sl No | Name of Post | Vacancy | Roster UR | BC-I | BC-II | SC | ST | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – भाषा | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – गणित | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 3 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| 4 | लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | कुल | 8 | 3 | 2 | 0 | 3 | 0 | 8 |

2. उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा कोडरमा के पदनाम से आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिला कार्यालय, समग्र शिक्षा, कोडरमा Collectriate Building, Ranchi Patna Road, Koderma - 825410 में अनिवार्य रूप से दिनांक 30 जून 2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक जमा किया जा सकता है। साधारण डाक एवं हाथो–हाथ भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. चयन हेतु वांछित अर्हता एवं निर्धारित परिलब्धि –

| क्र | पदनाम | वांछित अर्हता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1 | भाषा शिक्षिका (हिन्दी/अंग्रेजी) | 1. शैक्षणिक अर्हता :– I. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक शिक्षिका यथा क्रमांक 1, 2, एवं 3 पर अंकित पदों हेतु आवेदन किया जा रहा हो) में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक की अर्हता अनिवार्य है। अनुसूचित जाति/जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यर्थी को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जाएगी। 2. प्रशैक्षणिक अर्हता – मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी.एड. अथवा समकक्ष परीक्षा यथा प्रारंभिक शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा में उत्तीर्णता अनिवार्य होगा। 3. शिक्षक पात्रता परीक्षा :– राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अधीन झारखण्ड सरकार द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 8 के लिए आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (JTET) में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार द्वारा JTET की वैधता आजीवन मान्य किया गया है। | 1. शिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रु 15840/–प्रतिमाह देय होगी। 03 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने पर नियत प्रतिमाह परिलब्धि में 50 प्रतिशत की वृद्धि देय होगी। 2. संविदा विस्तार की स्थिति में 250 रु की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 2 | गणित शिक्षिका | | |
| 3 | विज्ञान शिक्षिका | | |
| 4 | लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 1. शैक्षणिक अर्हता:– किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान/विश्वविद्यालय से बी कॉम प्रतिष्ठा में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्णता। 2. तकनीकि अर्हता:– किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स में पी.जी.डी.सी.ए./डी.सी.ए./समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्णता। 3. कार्य अनुभव– हिन्दी एवं अंग्रेजी में कम्प्यूटर टाईपिंग के साथ टैली सॉफ्टवेयर (Tally Software) की जानकारी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। 4. चयन हेतु सिर्फ महिला अभ्यर्थी ही योग्य माने जायेंगे। | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रु 9900/– प्रतिमाह देय होगी। 2. प्रत्येक एक वर्ष के संतोषप्रद कार्य करने की स्थिति में संविदा का विस्तार किया जायेगा। 3. 03 वर्ष तक संतोषप्रद कार्य किये जाने के पश्चात नियत मानदेय मे एकबारगी 50 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए मानदेय स्वरूप प्रदान किया जायेगा। 4. प्रत्येक वर्ष संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक मानदेय वृद्धि देय होगी। |

4. चयन संबंधी दिशा–निदेश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्तें निम्नवत है–
i कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में चयन हेतु निर्धारित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों को राज्य कार्यकारिणी की 52वीं एवं 64वीं बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में चयन में निम्न प्रकार के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी:–
1. झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्/समग्र शिक्षा/सर्व शिक्षा अभियान/राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान/कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय/साक्षर भारत/महिला समाख्या इत्यादि में कार्य करने का अनुभव रखते हों।
2. उपरोक्त संस्थान में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को इस प्रकार की छूट प्रदान की जायेगी–
(क) वैसे अभ्यर्थी जो 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके हैं उन्हें शैक्षणिक अर्हता में न्यूनतम 05 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।
(ख) वैसे अभ्यर्थी जितने वर्ष उपरोक्त संस्थान में कार्य किये हो उन्हें प्रत्येक वर्ष के लिए 01 अतिरिक्त अंक देय होगा। इसके लिए उपरोक्त संस्थान में कार्य करने का प्रमाण पत्र के साथ–साथ वेतन/मानदेय के रूप में प्राप्त राशि का प्रमाण पत्र देना भी अनिवार्य होगा।

**5.** आयु सीमा:–
i चयन हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होगी।
ii कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक संख्या 29 दिनांक 04.01.2021 झारखण्ड सरकार के आलोक में कोटिवार अधिकतम उम्र सीमा निम्नवत होगी :–

| Sl | Category | Maximum age Limit |
|---|---|---|
| 1 | Female (UR/EWS/BC-I/BC-II) | 38 |
| 2 | SC/ST (Female) | 40 |
| 3 | Person with bench mark disability (PWBD) | A relaxation of 10 years in their respective category. |

iii. अनुभवी महिला Ex-Servicemen को अपनी कोटि में 05 वर्ष तक उपरोक्त अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।
iv. उम्र की गणना दिनांक 01.06.2025 के आधार पर की जायेगी।

6. आवेदन :– सिर्फ विहित प्रपत्र में पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि 30.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, कोडरमा, समाहरणालय भवन, कोडरमा, पिन–825410 के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे। साधारण डाक, हाथो–हाथ एवं अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्तें, अर्हता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के आधिकारिक वेबसाइट www.koderma.nic.in पर उपलब्ध है। चयन से संबंधित सभी दिशा–निर्देश उपरोक्त वर्णित वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे तथा अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे समय–समय पर जानकारी हेतु वेबसाइट का अवलोकन करते रहेंगे।
8. आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अनुलग्नक :–
 i. 23 x 10 से.मी. का स्वपता लिखा हुआ दो लिफाफा।
 ii. सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा अन्य स्वअभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न की जाए।
 iii. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र (झारखण्ड राज्य के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत) स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति।
 iv. झारखण्ड राज्य के सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत नियोजन हेतु आवासीय प्रमाण पत्र की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति।
 v. अनुभव प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)
9. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है, अतः चयनित अभ्यर्थी को विद्यालय में रहना अनिवार्य होगा।
10. अभ्यर्थियों का चयन संबंधित जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का निर्णय अंतिम माना जाएगा।
11. अपरिहार्य कारणों से चयन प्रक्रिया किसी भी समय स्थगित/रद्द/परिवर्तन करने का अधिकार राज्य परियोजना निदेशक अथवा जिले के उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला चयन समिति, समग्र शिक्षा, कोडरमा को सुरक्षित रहेगा।
12. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से आवेदन के लिफाफे के ऊपर लाल रंग से मोटे अक्षर में आवेदित पद का नाम, विद्यालय का नाम (KGBV) एवं कोटि अंकित करना होगा, अन्यथा आवेदन अस्वीकार होने की स्थिति में वे स्वयं जवाबदेह होंगे।
13. अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, कोडरमा।
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, समग्र शिक्षा, कोडरमा।
PR 355272 Jharkhand Education Project Council(25-26)D

# खबर मन्त्र

रांची. बुधवार 18 जून 2025




# नियमों की अनदेखी

ब्रिटेन अगर सवाल करेगा कि जब दुर्घटनाओं पर आपका बस नहीं है तो फिर उड़ान के नियम, कानून, सुरक्षा मानक, आपदा प्रबंधन ये सब क्या दिखावे के लिए भारत में बने हैं। जब आपको कोई जिम्मेदारी लेनी ही नहीं है तो फिर मंत्रालय का गठन भी क्यों किया गया है, क्या केवल इसलिए कि मंत्रालय बताए कि सरकारी उड़ान सेवाओं में घाटा है और इस तरह सभी चीजों का निजीकरण कर दिया जाए। लगभग सारे विमानतल और बंदरगाह अडानी समूह के हवाले हो ही चुके हैं, जो थोड़ी बहुत सरकारी संपत्ति और प्रतिष्ठान बचे हैं, उन्हें भी अपने लोगों में बांटने का सिलसिला चल ही रहा है। पहाड़, खदानें, जंगल, तालाब, रेल, हवाई क्षेत्र, समुद्री इलाके सब व्यापारियों के हवाले कर दिया जाए तो फिर सरकार क्या केवल तस्वीर खिंचाने के लिए बनाई गई है, यह सवाल अब देशवासियों को उठाना होगा। इधर अनाप-शनाप खबरों को ट्रेंड करवा कर जनता का ध्यान भटकाया जा रहा है। इस बेकार के इल्जाम पर अब तुर्की की कंपनी ने स्पष्टीकरण जारी किया है कि टर्किश टेक्निक ने कभी भी एअर इंडिया बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का रखरखाव नहीं किया। टर्किश टेक्निक का एअर इंडिया के साथ रखरखाव समझौता है, लेकिन यह बोइंग 777 वाइड-बॉडी विमान तक ही सीमित है और बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर को कवर नहीं करता है। बहुत से लोग इस हादसे में कांग्रेस को दोषी ठहरा रहे हैं कि ये विमान कांग्रेस सरकार के वक्त खरीदा गया था और तब ऐसे कई घोटाले हुए थे। अगर ऐसा है तो भी 11 सालों में मोदी सरकार ने ऐसे घोटालों और पुराने विमानों की जांच क्यों नहीं की। यह सही है कि विमान कांग्रेस के काल में खरीदा गया था लेकिन उसकी जांच विगत 11 साल से क्यों नहीं की गयी यह एक आश्चर्य और दुखद मसला है।

## आज का राशिफल

मेष : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनें। शुभांक-3-6-9

वृष : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा। शुभांक-3-5-7

मिथुन : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-6-7

कर्क : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

सिंह : शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

कन्या : सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-6-7

तुला : शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-6-7

धनु : नवीन जिम्मेदारी बढ के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक-3-5-6

मकर : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी। शुभांक-1-4-5

कुंभ : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-2-5-7

मीन : यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शुभांक-2-4-6


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# पवन ऊर्जा क्षेत्र और तीन प्रमुख चुनौतियां

**देश** में बिना बाधा के बिजली आपूर्ति में पवन ऊर्जा का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। इस दिशा में मोदी सरकार पूरी ईमानदारी से प्रयासरत है। सरकार मानती है कि इस क्षेत्र में कई चुनौतियां हैं। इनसे पार पाने के बाद ही स्थिति में क्रांतिकारी परिवर्तन आ सकता है। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊजार्मंत्री प्रह्लाद जोशी ने 15 जून को बेंगलुरु में वैश्विक पवन ऊर्जा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पवन ऊर्जा क्षेत्र के लिए तीन चुनौतियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, हमें 24 घंटे बिजली और ग्रिड स्थिरता प्रदान करने के लिए पवन को सौर और भंडारण (बीईएसएस) के साथ जोड़ना होगा। दूसरा, शुल्क प्रतिस्पर्धी होना चाहिए। 3.90 रुपये प्रति यूनिट की दर बहुत अधिक है। हमें लागत कम करने के लिए मिलकर काम करना होगा। तीसरा, घरेलू विनिर्माण को और अधिक कुशल बनना होगा। साथ ही अपने लक्ष्यों को पूरा करने के साथ निर्यात को प्रोत्साहन भी देना होगा।

वैश्विक पवन ऊर्जा दिवस पर आयोजित सम्मेलन के संदर्भ में भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्र सरकार के निरंतर नीतिगत समर्थन से पवन ऊर्जा क्षेत्र ने पर्याप्त वृद्धि प्रदर्शित की है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तत्वावधान में बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार के प्राधिकरणों, डिस्कॉम, सीपीएसयू, पवन उद्योग, शिक्षाविदों, प्रमुख विचारकों, प्रमुख हितधारकों आदि की भागीदारी से देश में पवन ऊर्जा विकास की प्रगति सहित प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम में पवन स्वतंत्र विद्युत उत्पादक संघ (डब्ल्यूआईपीपीए), भारतीय पवन टरबाइन निमार्ता संघ (आईडब्ल्यूटीएमए) और भारतीय पवन ऊर्जा संघ (आईडब्ल्यूपीए) का भी सहयोग रहा। केंद्रीयमंत्री जोशी ने कार्यक्रम में मौजूद हितधारकों को संबोधित किया। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि पवन ऊर्जा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए भारत की रणनीति के केंद्र में है। जोशी ने कहा कि वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के लिए भारत को ऊर्जा की अधिक आवश्यकता है, चाहे वह सौर ऊर्जा हो, पवन ऊर्जा हो या ऊर्जा का कोई अन्य स्वरूप हो।





-मुकुंद

> भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य महत्वाकांक्षी और स्पष्ट हैं। वर्ष 2030 तक हमारी बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से होगा। वर्ष 2070 तक भारत शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला देश बन जाएगा। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के में पवन ऊर्जा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। पवन ऊर्जा अक्षय ऊर्जा रणनीति का घटक नहीं है, लेकिन यह इसके दिल में है और आत्मनिर्भर भारत के केंद्र में है।

कार्यक्रम में जोशी ने यह कहकर चिंता कम की कि भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य महत्वाकांक्षी और स्पष्ट हैं। वर्ष 2030 तक हमारी बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से होगा। वर्ष 2070 तक भारत शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला देश बन जाएगा। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के में पवन ऊर्जा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। पवन ऊर्जा अक्षय ऊर्जा रणनीति का घटक नहीं है, लेकिन यह इसके दिल में है और आत्मनिर्भर भारत के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें 'विनिर्माण के लिए अक्षय ऊर्जा और घरेलू खपत के लिए पारंपरिक ऊर्जा' का एक दृष्टिकोण दिया है। हम उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण अक्षय ऊर्जा उत्पादन, भंडारण और उपयोग के महत्व पर बल देता है, ताकि जब भारत निकट भविष्य में वैश्विक विनिर्माण केंद्र बन जाए, तो वह अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों के माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में सक्षम हो सके।

जोशी ने कहा कि भारत में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, क्योंकि इसकी विश्व स्तर पर चौथी सबसे बड़ी पवन ऊर्जा स्थापित क्षमता है और यह तीसरा सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा उत्पादक है। उन्होंने कहा कि किसी ने नहीं सोचा था कि भारत 10 वर्ष में अक्षय ऊर्जा का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन जाएगा, लेकिन आज यह एक वास्तविकता है।

सरकार इस क्षेत्र को पूरी गंभीरता से सहायता प्रदान कर रही है। इस वर्ष अक्षय ऊर्जा बजट में 53 प्रतिशत यानी 26,549 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। इसमें से एक बड़ा हिस्सा पवन ऊर्जा को दिया गया है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग की ओर संक्रमण अपरिहार्य है। राज्यों को इस संक्रमण का नेतृत्व करना चाहिए। भूमि की उपलब्धता और पारेषण में देरी को दूर करना होगा। यह संकोच का समय नहीं है, यह कार्यान्वयन का समय है।

उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत 225 किलोवाट से लेकर 5.2 मेगावाट तक की क्षमता वाले पवन टर्बाइनों का निर्माण कर रहा है। इसमें 14 कंपनियां 33 मॉडल तैयार कर रही हैं। यह टर्बाइन हमारी घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करते हैं और वैश्विक स्तर पर लागत-प्रतिस्पर्धी भी हैं। जोशी का मानना है कि राष्ट्रीय पवन ऊर्जा क्षमता का पूरी तरह से उपयोग करने के लिए समन्वित राष्ट्रीय प्रयास की आवश्यकता होगी। इसलिए हम पांच प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

इसके तहत मध्य प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा जैसे नए राज्यों में विस्तार किया जाएगा। गुजरात और तमिलनाडु में चार गीगावाट के लीजिंग क्षेत्रों की पहचान की जाएगी। भंडारण से जुड़े व्यावसायिक मॉडलों के माध्यम से चौबीसों घंटे चलने वाली और दृढ़ हरित ऊर्जा रणनीतियों में पवन ऊर्जा को एकीकृत किया जाएगा। ग्रिड का आधुनिकीकरण किया जाएगा। परिवर्तनशील नवीकरणीय ऊर्जा के प्रबंधन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)-आधारित पूवार्नुमान में निवेश किया जाएगा। पूरी पवन ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन समय की जरूरत है। जोशी ने कार्यक्रम में पवन ऊर्जा रूपरेखा और विनिर्माण कार्ययोजना पर रिपोर्ट भी जारी की। इस रिपोर्ट में मजबूत और आत्मनिर्भर पवन ऊर्जा इको सिस्टम पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने सुखद यह है कि कर्नाटक 1331.48 मेगावाट की पवन ऊर्जा क्षमता वृद्धि के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद तमिलनाडु (1136.37 मेगावाट) और गुजरात (954.76 मेगावाट) का स्थान है। (लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### आशातीत सफलता

**प्रयागराज** महाकुंभ के आशातीत सफल समापन पर विचार प्रकट करने वाला था। महाकुंभ में संगम में लगभग 66 करोड़ देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने सनातनी परंपरा को जीवंत कर दिया। श्रद्धालुओं का कुंभ पर्व पर एकत्रित होना सामाजिक, आध्यात्मिक एकता समरसता का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश सरकार की कुशल शासन प्रशासन व्यवस्था से महाकुंभ को सफल बनाया उल्लेखनीय है।

**-अनिल कौशिक,रांची**

### जेनेरिक दवाइयां को बढ़ावा

**ब्रांडेड** दवाइयां महंगी होती हैं, जिससे हर साल लाखों लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। जेनेरिक दवाएं, जो उसी साल्ट से बनती हैं, 10 से 20 गुना सस्ती होती हैं और इन्हें सरकारी योजनाओं में बढ़ावा दिया जा रहा है। डॉक्टरों को जेनेरिक दवाइयों का प्रयोग के लिए बढ़ावा देना चाहिए। जिससे गरीबों को राहत मिले।

**– श्यामलाल सिंह, गढ़वा**

## X ट्वीट

**भारत** आज सिर्फ.सीमाओं की रक्षा नहीं कर रहा, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था खड़ी कर रहा है, जो हमें सामरिक, आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से मजबूत बना रही है।

पहले हम रक्षा उपकरणों के लिए पूरी तरह से विदेशों पर निर्भर थे, लेकिन आज भारत डिफेंस के मामले में बड़ी तेजी से 'आत्मनिर्भर' बन रहा है।

**– राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

अमर शहीद बुद्धु नोनिया जी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के आह्वान पर नमक सत्याग्रह में सहभागिता की।अंग्रेजों ने उन्हें खौलते नमक के कड़ाह में डाल दिया, लेकिन वे झुके नहीं। उनके मुंह से आखिरी शब्द निकला - भारत माता की जय,

**– शिवराज सिंह चौहान**

# थमती भाषाएं, चुप राज्य—जनजातीय अस्मिता का संकट



**हेमंत अहीर**

समाज

**झारखंड** की सांस्कृतिक बनावट जितनी प्राचीन है, उतनी ही विविध और जीवंत भी। कुड़ुख, मुंडारी, खोरठा, नागपुरी, पंचपरगनिया, संताली, हो, कुरमाली और खड़िया जैसी भाषाएं न केवल संवाद के माध्यम हैं, बल्कि एक समृद्ध परंपरा, विचारधारा और पहचान की वाहक हैं। किंतु आज इन भाषाओं का अस्तित्व खतरे में है–और यह संकट केवल भाषिक नहीं, सांस्कृतिक और शैक्षिक है।

जहाँ नई शिक्षा नीति मातृभाषाओं और जनजातीय भाषाओं के संवर्धन की बात करती है, वहीं झारखंड में इन लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में गंभीर उदासीनता दिखाई दे रही है। प्रदेश के दस विश्वविद्यालयों में से केवल छह में ही इन भाषाओं का



पठन-पाठन संचालित हो रहा है, वह भी अपर्याप्त संसाधनों और शिक्षकों की कमी के बीच। दशकों से सेवा दे रहे प्रोफेसर रिटायर हो रहे हैं, पर उनकी जगहों पर नई नियुक्तियां नहीं हो रही। ₹नीड बेस्ड₹ शिक्षकों की नियुक्ति ने अस्थायी रूप से इस शून्य को भरने की कोशिश की है, किंतु इन शिक्षकों को आज भी संस्थागत स्थायित्व का अधिकार नहीं मिला। यह शासन की एक ऐसी खामोशी है जो धीरे-धीरे इन विभागों के अस्तित्व को निगल रही है।

स्थिति इस कदर बिगड़ चुकी है कि नेट और जेआरएफ जैसी योग्यता रखने वाले छात्र वर्षों तक मार्गदर्शन के अभाव में शोध कार्य प्रारंभ नहीं कर पा रहे। यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं है, बल्कि युवा प्रतिभाओं के आत्मविश्वास और संभावनाओं की हानि है।

इसके दूरगामी परिणाम केवल अकादमिक नहीं होंगे। जनजातीय पर्व–सरहुल, करम, टुसू–जो इन भाषाओं के विद्यार्थियों की कोशिशों से अब भी विश्वविद्यालय परिसरों में जीवित हैं, उनकी सामाजिक स्वीकृति भी धीरे-धीरे क्षीण हो रही है। जब अन्य विषयों के शिक्षक इन्हें ह्लनाच-गानह्व कहकर खारिज करते हैं, तब यह न केवल अनुचित है, बल्कि समावेशी शिक्षा के मूल उद्देश्य का मखौल भी है।

यह क्षण आत्मनिरीक्षण का है–राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को मिलकर यह ठोस आश्वासन देना होगा कि झारखंड की भाषाएं केवल अतीत नहीं हैं, वे इसका जीवंत वर्तमान और भविष्य भी हैं।

हमारी चुप्पी यदि जारी रही, तो आने वाली पीढ़ियां हमसे पूछेंगी – किस मूल्य पर हमने अपनी पहचान खो दी?

**(जनजातीय एवं क्षेत्रिय भाषा विभाग, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची)**

# योग से मस्तिष्क के दोनों गोलार्ध एक साथ विकसित होते हैं

**- स्वामी मुक्तरथ**

अध्यक्ष, सत्यानन्द योग मिशन राँची

योग

आज दिनांक 17.06.2025, मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल गाँधीनगर, राँची में प्राचार्य प्रदीप झा के विशेष आमंत्रण पर विद्यालय परिसर में बृहत योग कक्षा का संचालन स्वामी मुक्तरथ के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

प्राचार्य श्री झा ने बच्चों को योग के समग्र रूपों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग शारिरिक व्यायाम नहीं है ,यह विद्या पूरी तरह से वैज्ञानिक है जो मनुष्य के चित्त के गंदगी को हटाता है और प्रकाश को दिखाता है। महर्षि पातञ्जलि का यह सूत्र बताता है- योगश्चित्त वृत्ति निरोधः। योग से चित्तवृत्तियों का निरोध होता है,और निरोध होने से वास्तविक ज्ञान उजागर होता है। व्यक्ति का मन स्थिर होता है और प्रसन्नचित होता है। योग शरीर और मन दोनों को तनावरहित कर ध्यान के लिए मस्तिष्क को तैयार करता है। ध्यान में मन की स्थिरता के लिये योगासन और प्राणायाम की साधना करनी होती है ताकि शरीर घन्टों तक स्थिर और सुखद अवस्था में बनी रहे।

स्वामी मुक्तरथ योग के कई पहलुओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए मानव मस्तिष्क की संरचना और मस्तिष्क में सुषुप्त केंद्रों को जागृत करने के उपाय पर योग साधनाओं की जानकारी दिये। उन्होंने



कहा मस्तिष्क के दोनों गोलार्द्ध का समान रूप से विकाश नही हो पाता है। किसी में दाहिना मस्तिष्क तो किसी में बायाँ मस्तिष्क असंतुलित रूप से क्रियाशील रहता है जिस कारण से हमारी एकाग्रता ठीक नही रहती है और बुद्धि के स्तर पर भी हम कमजोर रह जाते हैं। पर जिस व्यक्ति का समुचित रूप से मस्तिष्क के दोनों हिस्से विकसित होते हैं उसमें मेधा शक्ति,बौद्धिक शक्ति,आत्मिक शक्ति सभी तेज होते हैं।

इसके लिए खास रूप से जीवन के प्रथम चरण में ही आसन,प्राणयाम,मुद्रा और ध्यान शुरू कर देना चाहिये।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम है ₹ एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य यानि समस्त जीवों के स्वास्थ्य प्रबंधन का



खयाल हमें रखना है। राँची के सभी डीएवी विद्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी जोड़-सोर से शुरू हो गई है। सत्यानन्द योग मिशन राजधानी में विभिन्न जगहों पर योग शिविर का संचालन कर रहा है। सीसीएल गाँधीनगर डीएवी में पाँच सौ विद्यार्थियों को स्वामी मुक्तरथ और इनके सहयोगी रोहित कुमार, केशव कुमार और सूरज कुमार ने वृक्षासन,ताड़ासन,त्रिकोणासन, अर्धचक्रासन,कटिचालन, तितली आसन,शशांकासन, उष्ट्रासन,उत्तानकुर्मासन,उत्तानपादासन, सुप्तपवनमुक्तासन,सेतुबंध आसन, मकरासन,भुजंगासन,शलभासन तथा नाड़ीशोधन एवं भ्रामरी प्राणायाम को कराया गया।

**एक नजर में**

## अगर उजाला नहीं मिलेगा तो कोयला भी नहीं जाएगा: कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह का तीखा अल्टीमेटम



**हजारीबाग।** मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेता और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने केंद्र सरकार और डीवीसी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस ज़िले से हर दिन हज़ारों टन कोयला देशभर के ताप संयंत्रों तक भेजा जाता है, उसी ज़िले की जनता अंधेरे में जीने को मजबूर है। गांवों में शाम होते ही अंधेरा छा जाता है, बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे, और अस्पताल जनरेटर पर चल रहे हैं। मुन्ना सिंह ने चेतावनी दी कि अगर एक सप्ताह के भीतर बिजली की आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ, तो जनता कोयले की आपूर्ति रोकने पर मजबूर होगी। उन्होंने इसे केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि संरचनात्मक अन्याय बताया। शिक्षा के मुद्दे पर उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत इंटरमीडिएट शिक्षा को सरकारी अंगीभूत कॉलेजों से हटाने के फैसले की कड़ी आलोचना की। यह निर्णय गरीब, ग्रामीण और विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा के दरवाजे बंद कर रहा है, उन्होंने कहा। के.बी. विमेन्स कॉलेज जैसी संस्थाओं पर नामांकन रोकने को उन्होंने शिक्षा संकुचन की संज्ञा दी और राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने कॉलेजों को दो पालियों में चलाने और नए महिला कॉलेज खोलने की भी अपील की। प्रेस वार्ता में कई कांग्रेस नेता मौजूद थे।

## बरकागांव में निकली नशामुक्ति रैली, गूंजे जन-जागरूकता के नारे



**बरकागांव।** बरकागांव प्रखंड में मंगलवार को नशामुक्ति अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली की शुरुआत बरकागांव थाना परिसर से हुई, जो मुख्य बाजार, विद्यालय और पंचायत भवन होते हुए आसपास के गांवों से होकर गुजरी। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने नशा छोड़ो, जीवन संवारो, नशा मुक्त समाज, सुरक्षित समाज जैसे नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया। हाथों में पोस्टर और बैनर लिए बच्चों और अधिकारियों ने समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की कि वे खुद भी नशे से दूर रहें और अपने परिवार व समाज को भी इससे मुक्त रखने में सहयोग करें। थाना प्रभारी ने कहा कि नशा अपराध की जड़ है और इसे जड़ से खत्म करने के लिए जनसहभागिता जरूरी है। इस रैली का उद्देश्य केवल एक दिन की जागरूकता नहीं, बल्कि दीर्घकालिक सामाजिक बदलाव की ओर बढ़ना है, जहां हर नागरिक नशे से दूर एक स्वस्थ जीवन जिए।

## तरंग ग्रुप की सांस्कृतिक पहल : फैशन के रंगों में खिली सोहराय कला



**हजारीबाग।** नगर भवन में रविवार को आयोजित हजारीबाग कलाकार महोत्सव 2025 में तरंग ग्रुप, हजारीबाग की ओर से एक अनोखी सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सबका दिल जीत लिया। इस बार फैशन शो की झलक कुछ खास थी—झारखंड की पारंपरिक सोहराय पेंटिंग, जिसे जीआई टैग प्राप्त है, को परिधानों और जूट बैग्स पर उकेर कर मंच पर प्रस्तुत किया गया। इस अभिनव पहल के पीछे तरंग ग्रुप के निर्देशक अमित कुमार का संकल्प है कि पारंपरिक कला को आधुनिक मंच पर लाया जाए और स्थानीय कलाकारों को इससे रोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि सोहराय पेंटिंग को ट्रेंड में लाकर इसे राष्ट्रीय पहचान दिलाई जाए। फैशन शो में युवा मॉडल्स जैसे समीक्षा तिवारी, अदिति शुक्ला, तनिष्क अंश, दीपिका साहू, हिमांशी प्रकृति, हरवंश सिंह और मिस ग्लोबल ट्राइबल क्वीन 2025 पूजा लकड़ा की विशेष उपस्थिति रही। बच्चों को मिस झारखंड विजेता अपराजिता तिवारी ने प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सहित कई राजनीतिक व सामाजिक हस्तियों ने भाग लिया और इस पहल को झारखंड की सांस्कृतिक पहचान को आगे ले जाने वाला कदम बताया। तरंग ग्रुप पूर्व में भी कोनार महोत्सव, सोहराय उत्सव और पेंट माय सिटी अभियान जैसे कार्यक्रमों के जरिए अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन कर चुका है। यह प्रयास युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने की एक सार्थक कोशिश है।

## बरही में खड़े ट्रक से टकराया ट्रक, दोनों चालक गंभीर रूप से घायल

**बरही ।** मंगलवार की सुबह बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसोत चौक एनएच-19 पर हुए भीषण सड़क हादसे ने लोगों को दहला दिया। एफसीआई गोदाम, हजारीबाग से चावल लेकर बरकट्ठा जा रहे ट्रक (संख्या खल02इढ 9252) में अचानक तकनीकी खराबी आ जाने से वह सड़क किनारे खड़ा था। चालक वाहन के नीचे उतर कर खराबी देख रहा था। उसी दौरान बरही की ओर से आ रहा एक अनियंत्रित ट्रक (संख्या डब्लूबी23डीबी-9377) तेज गति में आकर खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खड़े ट्रक के नीचे खराबी देख रहे चालक के दोनों पैरों पर पहिया चढ़ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरा ट्रक चालक स्टेयरिंग में फंस गया और बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को किसी तरह बाहर निकाला और प्रशासन को सूचना दी। मुखिया मोतीलाल चौधरी की सूचना पर बरही थाना पुलिस और एनएचएआई की एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को पहले बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया और वहां से उन्हें हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि इस दुर्घटना के एक घंटे बाद सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपांकर दत्ता का इसी मार्ग से गुजरने का कार्यक्रम था, जिसको लेकर पहले से ही पुलिस-प्रशासन हाई अलर्ट पर था।

## बरही से गुजरे सुप्रीम कोर्ट जस्टिस दीपांकर दत्ता, प्रशासन रहा हाई अलर्ट



**बरही।** मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के माननीय जस्टिस दीपांकर दत्ता की विशेष यात्रा के दौरान बरही सहित एनएच-19 पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही। वे बिहार के डोभी से झारखंड के धनबाद की ओर जा रहे थे, और इस दौरान उनका काफिला चौपारण, बरही, बरकट्ठा होते हुए बगोदर की ओर निकला। यात्रा को लेकर प्रशासनिक तैयारियां कई दिन पहले से ही शुरू हो चुकी थीं। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी सतर्कता में थे। उच्चस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में पायलट और स्कॉर्ट वाहन लगाए गए थे, ताकि यात्रा बिना किसी व्यवधान के पूरी हो सके। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष बलों की तैनाती की गई थी। हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, डीएसपी अजीत कुमार विमल, सीओ संजय यादव और चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश सहित कई वरीय अधिकारियों ने एक दिन पहले सोमवार को पूरे रूट का स्थलीय निरीक्षण किया था। इस दौरान क्रॉसिंग प्वाइंट्स और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष व्यवस्था की गई। ट्रैफिक यूनिट को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि आम जनता को परेशानी न हो, लेकिन सुरक्षा में कोई चूक न होने पाए। पूरे मार्ग पर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए थे, जो रीयल टाइम निगरानी में लगे थे। यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सफल रही।

## कुजू दक्षिणी पंचायत सचिवालय में हुआ ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का शुभारंभ



**कुजू।** ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्राप्त करने से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। यह प्रशिक्षण उन्हें कौशल प्रदान करता है, जिससे वे अपना व्यवसाय शुरू कर सकती हैं या नौकरी पा सकती हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। उक्त बातें कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कही। श्री सिंह कुजू दक्षिणी पंचायत सचिवालय में जन शिक्षण संस्थान रामगढ़ के तहत ब्यूटीशियन प्रशिक्षण के शुभारंभ में बतौर मुख्य अतिथि युवतियों व महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर आज के समय मे किसी कारण से कोई बच्ची पढने में पीछे रह गयी है तो, उनको इस तरह के प्रशिक्षण से आगे बढ़ने का मौका मिलता है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इधर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल समाजसेवी सह जिले के वरिष्ठ पत्रकार अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि आज के समय में हर क्षेत्र में महिलाएं स्वावलम्बी बनकर पुरुष से एक कदम आगे हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जन शिक्षण संस्थान रामगढ़ द्वारा जो कार्य किया जा रहा है काफी सराहनीय है। वही निदेशक आकाश शाह ने महिलाओं को संस्थान से मिलने वाले कई तरह के लाभ की जानकारी दी। साथ ही बताया कि उक्त प्रशिक्षण में 20 युवतियों को ब्यूटीशियन सिखाया जाएगा। वही प्रशिक्षक शहनाज खातून के द्वारा क्षेत्र की बेरोजगार युवतियों को जागरुक करते हुए प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल की गयी। मौके पर संस्थान के इंचार्ज रोहित शाह, रवि प्रकाश, फील्ड कोऑर्डिनेटर द्विवेश कुमार, समाजसेवी उमेश सिंह, प्रशिक्षिका शहनाज खातून, गुड़िया कुमारी, सीमा देवी, वर्षा कुमारी सिंह, सुनीता देवी, रिया कुमारी, अलका देवी, नीतू देवी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### 108 एम्बुलेंस कर्मियों की चेतावनी : अब आर-पार की जंग!

# 28 जून को होगा 'राजभवन घेराव'

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले की 108 एम्बुलेंस सेवा में जान जोखिम में डालकर दिन-रात मरीजों की ज़िंदगी बचाने वाले कर्मियों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। अब ये कर्मी चुप नहीं बैठेंगे, 28 जून को राजधानी रांची स्थित राजभवन का घेराव कर सरकार को उसकी जिम्मेदारी याद दिलाई जाएगी। सालों से सेवाएं देने के बावजूद ये कर्मचारी न नियुक्ति पत्र के हकदार बने, न ईपीएफ, न ईएसआई, और न ही सुरक्षित भविष्य की कोई गारंटी। सम्मान फाउंडेशन, ज़िकित्ज़ा हेल्थ केयर और एमरी ग्रीन हेल्थ सर्विसेज पर

● सरकार को झकझोरने को तैयार हैं जिंदगियां बचाने वाले

गंभीर आरोप लगाते हुए कर्मचारी संघ ने कहा कि अब हमारी चुप्पी नहीं, हमारी गूंज सुनी जाएगी। कर्मियों ने बताया कि जिले में कुल 26 एम्बुलेंस हैं, जिसमें 12 कबाड़ की हालत में हैं। बाकी 14 वाहनों की भी स्थिति सही नहीं है। ये वाहन जर्जर हालत में हैं, जिसके कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



सबसे शर्मनाक पहलू यह है कि खराब एम्बुलेंस को कागज पर 'ऑन रोड' दिखाकर कंपनियां सरकार से पैसा ले रही हैं, जबकि उन्हीं गाड़ियों में काम कर रहे कर्मियों की तनख्वाह काट दी जाती है। और अब तो हाल यह हो गया है कि अगर किसी दिन मरीज न मिले, तो कर्मचारियों की सैलरी तक काटी जाती है कि जैसे वे पेशेवर नहीं, बंधुआ मजदूर हों। यह लड़ाई अब सिर्फ वेतन की नहीं, यह लड़ाई है इज्जत की, अस्मिता की, और उस देशभक्ति की, जिसमें इन कर्मियों ने निष्ठा से ज़िंदगियां बचाईं। 28 जून को झारखंड की सड़कों पर एक नई इमरजेंसी बजेगी—इस बार न मरीज के लिए, बल्कि सिस्टम की आत्मा को जगाने के लिए। सरकार अगर अब भी नहीं जागी, तो यह चिंगारी ज्वाला बन जाएगी।

## सांसद की पहल पर दिव्यांगजनों को मिला सहारा

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा पिछले 02 मार्च 2025 को हजारीबाग के नगर भवन सभागार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की एपिड योजना के अंतर्गत आयोजित नि:शुल्क दिव्यांग जांच शिविर के चयनित लाभुकों के लिए मंगलवार को पुन: नि:शुल्क सहायता उपकरण वितरण शिविर का आयोजन कर उन्हें सहायक उपकरण भेंट किया गया। चयनित दो लाभुकों को 02 मोटराइज्ड ट्राई साईकिल, 09 व्हील चेयर सहित वॉकर, स्टिक, हियरिंग मशीन, नी ब्रेस, व्हील कमोड, एल.एस. बैट सहित कई सहायक उपकरण जरूरतमंद दिव्यागजनों के बीच वितरण किया गया।

**SALE OF OLD CAR**

Registration No. : JH-02V-8025
Make : SWIFT DZIRE VXI BS IV
Colour : Silky Silver
Fuel : Petrol
Vehicle Class : LMV
Body Type : Saloon
Seating Capacity : 005
Date of Mfr. : June 2012
Registration Date : 27/06/2012
Road Tax Paid Upto : 15/06/2027
Registration Validity : 30/05/2027
Insurance upto : 29/05/2026
PUC Valid upto : 16/12/2025
Condition : Running Condition

Interested person may visit upto 31.07.2025 and submit your quoted rate in sealed envelope by Registered / Speed post to:

Principal
Agrasen DAV Public School, Bharech Nagar Ramgarh (Jharkhand) -829117
Contact :8292734111

### ओल्ड एज होम और मूकबधिर विद्यालय में भाजपा नेत्री का स्नेहिल स्पर्श

# बुजुर्गों और बच्चों के चेहरे पर खिली मुस्कान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** भाजपा नेत्री एवं ओम आरोहणम् संस्था की संस्थापिका शेफाली गुप्ता ने मंगलवार को एक भावनात्मक पहल करते हुए ओल्ड एज होम और मूकबधिर विद्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने वहां रह रहे बुजुर्गों एवं विशेष बच्चों को जरूरत की सामग्रियां भेंट कीं और आम फल वितरण कर उनके साथ समय बिताया। ओल्ड एज होम में उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के बीच आत्मीयता से समय बिताया और

● आपका स्नेह ही मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा है : शेफाली गुप्ता

हजारीबाग का प्रसिद्ध बर्रा-कचरी व्यंजन सभी के साथ साझा किया। इस दौरान बुजुर्गों की आंखों में खुशी और चेहरे पर मुस्कान देखकर शेफाली गुप्ता भी भावविभोर हो गईं। उन्होंने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और कहा कि आपका स्नेह ही मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा है। आपकी खुशी ही मेरी असली पूंजी है। इसके बाद उन्होंने मूकबधिर विद्यालय जाकर बच्चों के साथ अपनापन का नाता जोड़ा। बच्चों के मासूम चेहरे पर उभरी निश्छल मुस्कान ने सबका दिल जीत लिया।

उन्होंने हरसंभव मदद का भरोसा देते हुए कहा, वरिष्ठ नागरिक और मूकबधिर बच्चे हमारे समाज का हिस्सा हैं। उनकी देखभाल और सम्मान करना हमारा नैतिक दायित्व है। यह पहल केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव थी जो यह साबित करती है कि सेवा का असली रूप वही है जहां किसी की आंखें मुस्कुरा उठें।

## बरही में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर आज से

बरही। प्रखंड के आदिवासी बहुल क्षेत्रों रानीचुआं और खोड़ाहार पंचायतों में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। खोड़ाहार पंचायत में 18 जून और रानीचुआं पंचायत में 19 जून को यह शिविर आयोजित किए जाएंगे। बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री आदिवासी समावेशन मिशन के तहत हजारीबाग जिले के 76 आदिवासी बहुल गांवों में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आदिवासी समुदाय के समग्र विकास और उन्हें सरकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभ दिलाना है। बीडीओ ने स्थानीय विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों से शिविर में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की है। शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, पेंशन, राशन कार्ड, जल-नल योजना समेत विभिन्न सरकारी सेवाओं से पात्र परिवारों को जोड़ा जाएगा। शिविर की समुचित व्यवस्था के लिए खोड़ाहार पंचायत में पंचायत सचिव जितेन्द्र साहू और रानीचुआं पंचायत में सरोज कुमार को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है।

**JHARKHAND EDUCATION PROJECT COUNCIL**
**DoSE&L, GOVERNMENT OF JHARKHAND**
Old HEC High School, JSCA Stadium Road, Sector-III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone No.- 0651-2444501, 2444502, Fax-0651-2444506, email: jepcranchi1@gmail.com

**Very Short Term Procurement Notice**

On behalf of DoSE&L, Govt. of Jharkhand, JEPC invites Separate Technical & Financial proposals from eligible and interested firms for Supply maintenance of approx.15 piece Laptop computers. Interested and eligible firms are requested to submit their proposal to our above mentioned office latest by **23.06.2025 at 02.00 PM**. All documents required for evaluation must be submitted in sealed envelops.

The details of the requirement can be seen at our website **https://jepc.jharkhand.gov.in** only.

Sd/-
(Shashi Ranjan)
State Project Director

Bid Ref. No. -MIS/06//08/2002/2242Date :17/06/2025
PR 355328 (Jharkhand Education Project Council)25-26*D

# रामगढ़ में चरमराई विद्युत व्यवस्था में शीघ्र सुधार किया जाए : अरूण सिन्हा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** रामगढ़ में इन दिनों विद्युत आपूति व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जिससे नाराज वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने मंगलवार को इसमें सुधार किये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि रामगढ़ में वर्तमान में कब लाइन कट जाए इसका भरोसा नहीं है। कहा कि विद्युत व्यवस्था के चरमराने से किसानों को खेती में, छात्रों में पढ़ाई में परेशानी होने के साथ-साथ विभिन्न कार्यालयों में भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि झारखंड सरकार डीवीसी से बिजली लेकर सप्लाई करती है। बताया कि रामगढ़ जिले में लगभग 20 स्थानों में डीवीसी से डायरेक्ट विद्युत सप्लाई की जाती है। बताया कि जिन स्थानों में डीवीसी से डायरेक्ट विद्युत की सप्लाई होती है वहां आपूर्ति में कभी कोई बाधा उत्पन्न नहीं होती है। वहीं, जब झारखंड सरकार डीवीसी से जेबीएनएल के माध्यम से विद्युत लेकर राज्य में सप्लाई करती है तो उसमें हमेशा व्यवधान उत्पन्न होता रहता है। श्री सिन्हा ने बताया कि डीवीसी के द्वारा पश्चिम बंगाल में भी विद्युत सप्लाई किया जाता है लेकिन वहां सप्लाई में कभी हल्का सा भी व्यवधान उत्पन्न होता है तो वहां के लोग अंदोलन के लिए तुरंत डीवीसी के कार्यालय पहुंच जाते हैं। जिस कारण डीवीसी वहां हमेशा विद्युत आपूर्ति को नियमित रखता है। डीवीसी द्वारा हजारीबाग, कोडरमा और रामगढ़ में विद्युत की सप्लाई की जाती है और इन तीनों जिलों में विद्युत आपूर्ति अनियमित है। कोई भरोसा नहीं रहता कि कब बिजली आएगी और कब कट जाएगी। अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि इस उमस भरी गर्मी में तीन घंटे की लोड शेडिंग होने से लोगों की परेशानी और भी बढ़ गई है। ऐसे में अनियमित विद्युत आपूर्ति में तत्काल सुधार किये जाने की जरूरत है। क्योंकि यदि स्थिति ऐसी ही रही तो रामगढ़ वासियों का आक्रोश विभाग के प्रति बढ़ता जाएगा।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची**
**अति अल्पकालीन निविदा / कोटेशन आमंत्रण सूचना-36 / 2025-26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या-1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 25.06.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 26.06.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.06.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल-1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Barrack and Guard Room Building of Sales Tax Office, Government of Jharkhand, Ranchi | 4882700 | 96900 | 5000 | Three Months |

नोट :- निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या-1, राँची।

PR 355301 Building(25-26)D

## नीट 2025 की परीक्षा में सौंदा डी की सिया चौधरी ने लहराया परचम

● पहले प्रयास में हासिल की 5061वीं रैंक, आनंद मार्गी समाज ने जताया हर्ष, दी बधाई



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नीट 2025 की कठिन मेडिकल परीक्षा में सौंदा डी की बेटी सिया चौधरी ने पहले ही प्रयास में ऑल इंडिया 5061वीं रैंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे आनंद मार्गी समाज का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि की खुशी में मंगलवार को भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित आनंद मार्ग आश्रम में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आनंद मार्गी समुदाय के लोगों ने सिया को मिठाई खिलाकर और आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सिया ने नीट परीक्षा में 498 अंक अर्जित किए हैं, जो उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और लगन का प्रतिफल है। सिया चौधरी सौंदा डी निवासी पूर्व पोस्ट मास्टर सुबोध कुमार चौधरी और अनिता चौधरी की सुपुत्री हैं। उनके दादा भोला प्रसाद चौधरी और दादी मंजू चौधरी ने इस सफलता पर अपार हर्ष जताते हुए कहा कि सिया ने पूरे आनंद मार्गी समाज का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। इस अवसर पर नारायण सेवा के अंतर्गत फल व मिठाइयों का वितरण किया गया और सभी ने ह्यपरमपिता बाबा की जयह्न के जयघोष के साथ सिया के सुनहरे भविष्य की कामना की। सिया ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रामगढ़ के संतना स्कूल से प्राप्त की और मैट्रिक में 96.7 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके बाद डीएवी बरकाकाना से इंटरमीडिएट की परीक्षा 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ पास की। नीट जैसे राष्ट्रीय स्तर के कठिन परीक्षा में पहले प्रयास में सफलता पाकर सिया ने यह सिद्ध कर दिया कि कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। सिया की सफलता पर आनंद मार्गी समाज के जिला मुक्ति प्रधान सुनील अग्रवाल, जीएसटी प्रधान भोला प्रसाद चौधरी, सेवा दल प्रधान कृष्ण शर्मा, सचिव लक्ष्मण प्रजापति, सहायक सचिव सुरेश कुशवाहा, माधव प्रसाद, शकुंतला देवी, सुषमा देवी, उमेश प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद, सुनील प्रसाद, गोपीचंद प्रसाद, रामचंद्र गोसाई, मंजू देवी, रिया कुमारी, अनीता शर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

**ऊर्जा विभाग**
**झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-2,धुर्वा, राँची**

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई-निविदा प्रसंग सं०- Energy/EWD/Ranchi/23/2025-26 दिनांक-16/06/2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | प्राजेक्ट भवन, धुर्वा राँची में स्थित कमरा सं० 223, 224A, 225, 240, 243, 246, 247, 249, 309, 314, 315, 319, 322, 324, 340, 345, 346, 416, 429, 431, 435, 437, 443, 445 मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 17,30,281-00 | 5,000-00 | 35,000-00 | 35 दिन |
| II | पुराने जेल चौक, राँची स्थित पूर्व मुख्य मंत्री के आवास, गार्ड रूम, मिटिंग रूम, स्टोर रूम एवं सोलर पैनल रूम मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 11,20,639-00 | 2,500-00 | 23,000-00 | 35 दिन |
| III | डोरण्डा, राँची स्थित न्यायाधीश आवास सं० 6 के परिसर स्थित बगीचा लाईट, गेट लाईट एवं परिसर लाईट के बदलीकरण एवं अतिरिक्त कार्य एवं स्टाफ क्वार्टर, पुलिस बैरक एवं रोड मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 12,98,370-00 | 2,500-00 | 26,000-00 | 35 दिन |
| IV | कॉके रोड, राँची स्थित ज्यूडिसियल कमिशिनर आवास मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 10,33,743-00 | 2,500-00 | 22,000-00 | 35 दिन |
| V | लोहरदगा स्थित सर्किट हाउस के आन्तरिक एवं बाहरी विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 16,16,344-00 | 5,000-00 | 33,000-00 | 35 दिन |
| VI | पलामू स्थित जज कॉलोनी के F ब्लॉक के E टाईप आवास सं० F1, F2, F3, F4, F4 एवं F6 मे विद्युत अधिष्ठान के विशेष मरम्मति का कार्य। | 17,28,946-00 | 5,000-00 | 35,000-00 | 35 दिन |
| VII | एच० एच०पी० भवन, धुर्वा राँची स्थित कमरा सं० 217 मे 1 अदद 1.5 टन, एम०डी०आई० भवन स्थित कमरा सं० 101, प्रोजेक्ट भवन धुर्वा राँची स्थित कमरा सं० 1, 115, 229, 237, 437 कैश रूम एवं 345, 416 (मुख्य मंत्री मिडिया एडवाईजर चैम्बर) मे 11 अदद एवं कमरा सं० 116 मे 2 अदद 2.0टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 10,67,000-00 | 2,500-00 | 22,000-00 | 35 दिन |
| VIII | गढ़वा जज कॉलोनी स्थित पी० डी० जे०, फैमिली जज, सी०जे०एम० आवास मे केबल, पैनल एवं सोलर वायरिंग के बदलीकरण का कार्य। | 15,94,659-00 | 5,000-00 | 34,000-00 | 35 दिन |
| IX | दिनदयाल नगर, राँची स्थित केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो कार्यालय के आन्तरिक एवं बाहरी लाईट के विद्युत मरम्मति का कार्य। | 23,69,691-00 | 5,000-00 | 48,000-00 | 35 दिन |
| X | धुर्वा राँची स्थित आतंकवाद निरोधी दस्ता कार्यालय के प्रशासनि भवन एवं बैरक मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 31,44,403-00 | 5,000-00 | 63,000-00 | 42 दिन |
| XI | पुराने हाई कोर्ट भवन, डोरण्डा से नये हाई कोर्ट भवन, धुर्वा राँची के वातानुकूलित संयंत्र के स्थानान्तरण का कार्य। | 13,54,062-00 | 2,500-00 | 28,000-00 | 35 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 24.06.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 25.06.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 02.07.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 03.07.2025 को 3.00 बजे अपराह्न मे | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ठ का फोन नं०/ई० मेल | 0651-2490069 / electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,राँची

PR 355219 Energy(25-26).D

# रजरप्पा क्षेत्र में योग बूट कैंप का शुभारंभ

● योग हमारे शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन बनाए रखने का एक प्रभावी साधन है : जीएम

**रजरप्पा।** रजरप्पा क्षेत्र में मंगलवार को सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र द्वारा योग बूट कैंप का भव्य शुभारंभ किया गया। यह विशेष शिविर 21 जून को आयोजित होने वाले योग संगम के लिए माहौल और मानसिक तैयारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। बूट कैंप प्रतिदिन एक से डेढ़ घंटे के लिए आयोजित होगा और यह 20 जून तक चलेगा।

इस योग बूट कैंप का उद्घाटन कल्याणजी प्रसाद, महाप्रबंधक, रजरप्पा क्षेत्र द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र के दौरान आशीष झा, क्षेत्रीय कल्याण पदाधिकारी तथा सुबोध चौधरी, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद ने कहा कि आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में योग हमारे शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन बनाए रखने का एक प्रभावी साधन है। इस बूट कैंप में रजरप्पा परियोजना कॉलोनी के कर्मचारियों, अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पतंजलि परिवार के कुशल योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन प्रातःकालीन सत्र में सरल योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियां सिखाई जा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को योग संगम का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाएगा।

### विधायक, उपायुक्त व जिप अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से जिला परिषद मार्केट कॉम्प्लेक्स का किया शिलान्यास

# स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से मार्केट कॉम्प्लेक्स का हो रहा निर्माण : उपायुक्त

## मार्केट कॉम्प्लेक्स का बेहतर निर्माण हो, यह शहरवासियों के सपना पूरा होने के समान : डॉ नीरा यादव

- मार्केट कॉप्लेक्स निर्माण से खुलेंगे व्यापार के द्वार : रामधन यादव
- 3 करोड़ 42 लाख की लागत से होगा मार्केट कॉम्पलेक्स का निर्माण





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** 3 करोड़ 42 लाख की लागत से बनने वाले तिलैया थाना के सामने जिला परिषद की भूमि पर मार्केट कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास मंगलवार को मंत्रोच्चार व शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया तथा उपायुक्त ऋतुराज, विधायक डॉ. नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी एवं जिप सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से शिलान्यास किया गया। बता दें कि मार्केट कॉम्प्लेक्स का निर्माण 11 डिसिमल भूमि पर किया जाएगा। इस काम्प्लेक्स का निर्माण जी-5 स्तर पर किया गया है। जबकि फिलहाल बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर तक किया जाएगा। जिला परिषद की शहरी क्षेत्र के भूमि पर मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण एजेंसी डेढ़ साल में पूर्ण करेगी। वहीं डीसी ऋतुराज ने कहा कि झुमरीतिलैया व्यापारिक क्षेत्र है और यहां जिला परिषद की जमीन पर सालों से मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण को लेकर पहलकदमी चल रही थी। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य शुरू हो रहा है। यह जिला परिषद की बेहतर सोच है, जिससे स्थानीय लोग लाभान्वित होंगे।

वहीं विधायक डॉ.नीरा यादव ने कहा कि जिला परिषद बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जब वे जिप उपाध्यक्ष थीं, तब से जिला परिषद की शहरी क्षेत्र की भूमि में बेहतर प्लान तैयार की जा रही थी। उन्होंने कहा कि जिप अध्यक्ष के नेतृत्व में मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण हो रहा है, जिससे हमारे शहर के लोगों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि आम जनमानस के लिए वे हरसंभव प्रयासरत रहती हैं। मार्केट कॉम्प्लेक्स का बेहतर निर्माण हो, यह शहरवासियों के सपना पूरा होने के समान है।

वहीं जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि व्यावसायिक क्षेत्र के लिए जिला परिषद की यह महत्वपूर्ण योजना है। शहरी क्षेत्र में जिला परिषद की जमीन पर मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण में कई तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, मगर आखिरकार मेहनत रंग लाई। वहीं उन्होंने कहा कि मार्केट काम्प्लेक्स निर्माण को लेकर कई बार उन्होंने विभाग के उच्च अधिकारियों से आग्रह किया, जिसके परिणामस्वरूप अब 3 करोड़ 42 लाख की लागत से निर्माण कार्य प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण में स्थानीय जनप्रतिनिधियों समेत जिप सदस्यों के अलावे उपायुक्त ऋतुराज का विशेष व अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ। वहीं उन्होंने कहा कि जिप अध्यक्ष के तौर पर तीन साल के कार्यकाल पूरा होने के साथ मार्केट कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास होना स्वप्न हकीकत होने के स्वरूप है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास हमेशा से जनउपयोगी योजनाओं को धरातल पर उतारने की रही है और यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। मौके पर जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, महेंद्र यादव, जिप प्रतिनिधि देवनारायण यादव, शांति प्रिया, लक्ष्मण यादव, नीतू कुमारी, केदार नाथ यादव, जिप प्रतिनिधि राजकुमार यादव, जेई हेमन्त कुमार, थाना प्रभारी विनय कुमार, राकेश रौशन, लक्ष्मण यादव, संजय पासवान, टिंकू हक, सुबोध यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### उपायुक्त ने मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय का किया निरीक्षण



**कोडरमा।** जिला अंतर्गत नगर परिषद् झुमरीतिलैया स्थित नवनिर्मित मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय का उपायुक्त ऋतुराज द्वारा किया निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया एवं पुस्तकालय में प्रस्तावित सुविधाओं की व्यवस्था की जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुस्तकालय के संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने एक माह के भीतर सभी कार्य पूर्ण कर पुस्तकालय को आमजन के लिए खोलने का निर्देश दिया। इस अवसर पर डीईओ अविनाश राम, सीओ सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### राज्यव्यापी मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** जिले में पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के निर्देश के आलोक में सोमवार को मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला के इण्डोर स्टेडियम बागीटांड स्थित तीरंदाजी खेलो इंडिया सेंटर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। साथ ही जागरूकता को सृजनात्मक रूप से अभिव्यक्त करने के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में जिला खेल-सह-पर्यटन पदाधिकारी कैलाश राम, जिला स्तरीय पर्यटन विशेषज्ञ सीमा शुक्ला, जिला खेल समन्वयक अशोक कुमार तुरी, खेलो इंडिया प्रशिक्षक मुकेश तुरी एवं विभाग के अन्य कर्मी शामिल थे।

### आरईओ सड़क को जेसीबी मशीन से काटा गया, लोगों को हो रही परेशानी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** पेयजल एवं स्वक्षता विभाग द्वारा आरईओ सड़क को जेसीबी मशीन से काट दिया गया है। सड़क काटे जाने से स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। सड़क कट जाने से दुर्घटना की भी संभवाना बनी रहती है। ज्ञात हो कि जल नल योजना के तहत सड़क के किनारे पाइप लाइन का काम सड़क बनने के बाद 6 महीना पहले हुआ था। उस समय पेयजल स्वक्षता विभाग के द्वारा आरईओ सड़क को काटा गया था और उसी तरह मिट्टी से ढक दिया गया था। यह मामला मरकच्चो प्रखंड के नावाडीह पंचायत स्थित नावाडीह से नवलशाही जाने वाली सड़क का है, जहां 17 जून को फिर से सड़क को जेसीबी से काट दिया गया। इस संबंध में आरईओ के कनीय अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि पेयजल एवं स्वक्षता विभाग द्वारा कोई सूचना नही है। अगर सड़क कटा है तो विभाग के द्वारा जांच किया जाएगा। वहीं पेयजल एवं स्वक्षता विभाग के कनीय अभियंता जहेंद्र भगत से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पानी सप्लाई पाइप जाम हो गया था। जिसके कारण सड़क को काटा गया है, काम होते ही पुनः सड़क को उसी तरह बना दिया जाएगा।

### हत्या कर फरार चल रहा एक अभियुक्त गिरफ्तार

कोडरमा। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम खेशकरी में अपने पुत्र को अज्ञात अपराधियों के द्वारा हत्या करने के मामले में 75 वर्षीय वादिनी रबिया खातून पति मो.मुखतार खान के आवेदन पर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। वहीं गिरफ्तार युवक की पहचान 25 वर्षीय नवाज खान उर्फ धोनी पिता स्व.एजाज खान खेशकरी थाना जयनगर निवासी के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने प्रेस व्यान जारी कर बताया कि रबिया खातून के द्वारा जयनगर थाना को सूचित किया गया कि उनके पुत्र अंजार खान को अज्ञात अपराधियों के द्वारा हत्या कर दिया गया है। उनके द्वारा दिये गए आवेदन के आधार पर मामले को जयनगर थाना कांड संख्या-76/24 के तहत कांड दर्ज किया गया। मामले को गंभीरता को देखते हुए एसपी अनुदीप सिंह द्वारा मामले का उद्भेदन एवं कांड में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुअनि. बबलू कुमार थाना प्रभारी जयनगर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम के द्वारा इस कांड में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए तकनिकी साक्ष्य के आधार पर छापामारी किया जाने लगा। अंनुसंधान के दौरान कांड के प्राथमिक अभियुक्त नवाज खान उर्फ धोनी जो कि मृतक का भतीजा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त नवाज खान उर्फ धोनी ने अपना अपराध स्वीकारोक्ति बयान में आपसी नोक-झोक होने के कारण अपने चाचा अंजार खान को आंगन में सोये हुए देख हत्या कर दिया। छापामारी दल में पुअनि.बबलू कुमार थाना प्रभारी जयनगर, पुअनि.प्रतित टोप्पोनो, सशस्त्र बल, जयनगर थाना के जवान शामिल थे।

## कोडरमा पुलिस ने साईबर अपराधी को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत गगरेसिंघा से थाना प्रभारी के नेतृत्व में मोबाइल से साइबर ठगी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में एसपी ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि मोबाईल नं 9597638465 के धारक के द्वारा साईबर ठगी की जा रही है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुअनि थाना प्रभारी नंदकिशोर तिवारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गगरेसिंघा में छापामारी की गई, छापामारी के दौरान संदिग्ध मोबाईल न. के धारक को अपने घर में उपस्थित पाया एवं उक्त मोबाईल नं. को मोबाईल में लगा हुआ पाया। टीम के द्वारा गहन पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि अभियुक्त राजकुमार साव का चेन्नई शहर में पेरिस बस स्टैंड के पास चाट दुकान है, जहां पर विगत कई वर्षों से अपनी दुकान चलाते आ रहे हैं। इनके दुकान पर करीब दो महीने पहले विनोद साव नामक व्यक्ति दुकान पर आया, उसी दौरान उसकी जान-पहचान हुई। वहीं विनोद साव ने प्रलोभन देकर कहा कि तुम्हारे दुकान के क्युआर कोड स्कैनर पर साईबर ठगी का रुपया मंगवाने तथा प्रति एक हजार रुपया में सौ रुपये कमीशन देने की बात तय हुई। इस ठगी में अभियुक्त राजकुमार साव की दुकान का क्युआर कोड का स्कैनर का इस्तमाल कर भोले-भाले ग्राहकों से रुपयों की ठगी की जाती थी। छापामारी के क्रम में प्रथिमिकी अभियुक्त के घर से रियल मी नारजो मोबाईल न. 9597638465 लगा हुआ बरामद हुआ। इसी मोबाईल नं. से क्युआर कोर्ड का स्कैनर से लिंक है। अभियुक्त अपने एट्रीएम कार्ड के माध्याम से साईबर ठगी के पैसों का अपना कमीशन काटकर शेष राशि विनोद साव को दे दिया करता था। संदिग्ध के मकान से 4 सिम कार्ड, 2 पासबुक, 2 एट्रीएम कार्ड, 1 वोटर आईडी कार्ड, 1 पैन कार्ड बरामद कर जब्त किया गया। इस संबंध में मरकच्चो थाना कांड संख्या-42/25 के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त 31 वर्षीय राजकुमार साव पिता ईश्वर साव गगरेंसिंधा थाना मरकच्चो निवासी है। छापामारी दल में पुअनि. नंदकिशोर तिवारी, थाना प्रभारी मरकच्चो सहित दल-बल के जवान शामिल थे।

## रामलीला में लक्ष्मण शक्ति व मेघनाथ वध का मंचन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मरचोई गांव स्थित मनोकामना सिद्धपीठ मां भगवती मंदिर में चल रही रामलीला मैदान में सोमवार को नवमें दिन नजारा अलग था। इधर मेघनाद का वध हुआ उधर जमीन से आसमान तक जमकर आतिशबाजी होने लगी। इस दौरान पूरा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वहीं रामलीला मैदान दर्शकों से भरा हुआ था। एक ओर राम दरबार दूसरी ओर दशानन का दरबार सजा था। लीला के प्रारंभ में दशानन के दरबार में कुंभकर्ण के युद्ध भूमि में वीरगति के प्राप्त होने का समाचार आता है। रावण कुंभकरण के मारे जाने की खबर से विचलित हो जाता है। वह अपने पुत्र इंद्रजीत को युद्ध भूमि में जाने का आदेश देता है। मेघनाद युद्ध में आकर लक्ष्मण जी को युद्ध के लिए ललकारता है। युद्ध की ललकार सुनकर वीर राम एवं लक्ष्मण युद्ध भूमि में आते हैं। इंद्रजीत नागपाश का वार करता है। जामवंत जी को छोड़कर सब इस वार से बंध जाते हैं। जामवंत गरुड़ को लेकर आते हैं। गरुड़ द्वारा नागपाश को काटा जाता है और रामदल को मुक्त कराया जाता है। दोनों ओर से घनघोर युद्ध होता है। रामदल द्वारा पापियों के नाश को अधर्म के विनाश को राम जी सेना चली का उद्घोष किया जाता है। लक्ष्मण द्वारा मेघनाद को युद्ध के लिए ललकारा जाता है। मेघनाद अपनी कुल देवी निकुंबला का यज्ञ कर रहा है, तभी विभीषण द्वारा बताया जाता है कि अगर मेघनाद द्वारा अपनी कुलदेवी को मना लिया तो वह अमर हो जाएगा। विभीषण द्वारा बताए गए गुप्त रास्ते से लक्ष्मण जी, हनुमान जी व वानर सेना के साथ कुल देवी का यज्ञ विध्वंस करने के लिए जाते हैं, दोनों ओर से घनघोर युद्ध होता है। समस्त देवता आकाश से युद्ध देख रहे होते हैं। इंद्रजीत मायाजाल से लक्ष्मण जी को फंसाता है तभी लक्ष्मण जी कहते हैं कि यदि श्री राम का सच्चा सेवक हूं तो इस बाण से मेघनाद का संहार होगा। लक्ष्मण जी मेघनाद का संहार कर देते है, लंका में मेघनाद की भुजा गिरती है। रामलीला मैदान पर इंद्रजीत का पुतला दहन किया जाता है। मैदान में मेघनाद के वध के बाद आतिशबाजी भी जलाई गई। मौके पर राहुल कुमार, बालमुकुंद पाण्डेय, मनोज सिंह, रामविलास, धीरज सिंह, रंजीत कुमार, सोनू कुमार, अजय कुमार, मोहन सिंह, पवन सिंह, राजाबाबू, ओमकार सिंह, सीरी सिंह, मुरारी सिंह, प्रभाकर सिंह, आनंदी सिंह, विनय सिंह, बबलू सिंह, आदित्य सिंह, कुंदन सिंह, सोनू सिंह, मंटू सिंह, सोनी पाण्डेय मौजूद थे।

### दिव्यांगता प्रमाण-पत्र व यूडीआईडी कार्ड को लेकर जांच शिविर का आयोजन

**सतगावां (कोडरमा)।** उपायुक्त के निर्देश पर दिव्यांग प्रमाण-पत्र व यूडीआईडी कार्ड बनाने को लेकर शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीआरसी भवन में बीपीओ अशोक उपाध्याय की अध्यक्षता में मंगलवार को जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ ओमप्रकाश बड़ाईक मुख्य रूप से मौजूद थे। वहीं जांच शिविर को मुख्य अतिथि व चिकित्सकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिविर में तीन वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक आयु के कुल 74 स्कूली बच्चों ने अपना निबंधन करवाया। शिविर में 26 बच्चों को कान, नाक के ईलाज किया गया। वहीं 17 बच्चों को मानसिक रोग के इलाज के लिए रिनपास रांची भेजा गया। वहीं तीन बच्चों को एक्स-रे के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जबकि 7 बच्चों को दिव्यांग प्रमाण-पत्र के लिए नामित किया गया, जिसे 15 दिनों के बाद प्रमाण-पत्र वितरण किया जाएगा तथा 12 बच्चों को यूडीआईडी कार्ड बना, शिविर में सदर अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.सुनील कुमार मोदी, फिजिसियन डॉ.मनोज कुमार, ऑर्थिपेडी डॉ.रत्ना कुमारी, फिजियोथेरेपीस्ट राजीव रंजन, ओडियोलॉजिस्ट मनोज कुमार, डॉ. शब्बी प्रवीण मौजूद थे।

### ग्रामीणों के बीच किया गया मनरेगा जॉब कार्ड का वितरण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं प्रधानमन्त्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजना अंतर्गत प्रखंड के डगरनवा पंचायत अंतर्गत ग्राम बनमुरहा में मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीडीओ हुलास महतो, एलडीएम विमलकान्त झा के साथ साथ विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे। उक्त शिविर का आयोजन अनुसूचित जनजाति समुदाय के परिवार को केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु किया गया। शिविर में जाति, आवासीय, आधार कार्ड बनाने, राशन कार्ड, उज्वला योजना, पोषण अभियान सहित विभिन्न योजनाओं के स्टॉल लगाए गए। स्टॉल के दौरान विभिन्न विभागों के लिए लगभग तीन सौ आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर के दौरान ग्रामीणों के बीच मनरेगा जॉब कार्ड का भी वितरण किया गया।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

- नन्हें वैज्ञानिकों ने मॉडल प्रस्तुत कर दिखायी प्रतिभा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में मंगलवार को वर्ग 5 से सातवीं तक के बच्चों के बीच विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉडलों में उनके वैज्ञानिक सोच की झलक साफ दिखाई पड़ी। जब छोटे-छोटे हाथों में बड़े-बड़े सपने हों, तो चमत्कार होना तय है। बच्चों ने विज्ञान को सिर्फ किताबों तक सीमित न रखकर उसे जीवन से जोड़ते हुए ऐसे मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें देख दर्शकों की आंखें चमक उठीं। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने सतत विकास हेतु नवाचार विषय पर आधारित कई कार्यशील मॉडल और जीवंत प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने यह न सिर्फ बताया कि वे विज्ञान समझते हैं, बल्कि यह भी दिखाया कि वे अपने समाज और पर्यावरण के लिए सोचते भी हैं। कुछ प्रमुख मॉडलों में ग्रीन हाउस फार्मिंग, रासायनिक अभिक्रियाओं द्वारा वाष्प निर्माण, सुरक्षा अलार्म प्रणाली, पवन और जल विद्युत उत्पादन, सौर ऊर्जा मॉडल, प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, जल शुद्धिकरण प्रणाली, 3 डी होलोग्राम निर्माण, खाद्य श्रृंखला, मानव शरीर की रचना, सौर परिवार और सिंचाई प्रणाली शामिल रहीं। प्रदर्शनी में एक विशेष पल वह था, जब एक छात्रा ने अपने जल शुद्धिकरण मॉडल को दिखाते हुए कहा, अगर गांवों में यह तरीका अपनाया जाए, तो हर बच्चा साफ पानी पी सकता है। यह मासूम भावुकता और वैज्ञानिक सोच का मिला-जुला रूप था, जिसने हर किसी का दिल जीत लिया। वहीं निदेशक प्रमोद कुमार ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा एवं कहा कि बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल में उनके वैज्ञानिक सोच की झलक दिखाई पड़ती है। यह बाल वैज्ञानिक आगे चलकर देश के विकास में अपना विशेष योगदान दे सकेंगे। वहीं प्रधानाचार्य प्रमोद शर्मा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी में भारत के भविष्य की झलक दिखाई देती है। सेक्रेड हार्ट स्कूल की यह पहल नन्हें वैज्ञानिकों को न केवल मंच देने का कार्य कर रही है, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार और नवाचारशील नागरिक बनने की दिशा में भी प्रेरित कर रही है। इस विज्ञान प्रदर्शनी में वर्ग पांच के उम्में सिदरा, आदरिजा विश्वास और परी कौर को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। जबकि वर्ग छः में सृष्टि कुमारी, रागिनी कुमारी और सृष्टि कुमारी को प्रथम स्थान मिला। साक्षी कुमारी को द्वितीय, काव्या कुमारी, सौम्या कुमारी सोनी, सक्षम तिवारी, कृष कुमार, कुशल राज और आर्यन अंसारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जबकि वर्ग 7 में एंजेल अनुसा, दिव्यांशु भारती को प्रथम, आद्या शर्मा, माही भारती, आपूर्ति सिंह को द्वितीय और श्रेयांश शाह, अर्णव राज और अंकित शर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। आयोजन को सफल बनाने में आशुतोष गौतम, किशोर कुणाल, सुमित साव और राधा कुमारी सहित अन्य शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## खबर एक नजर में

### चतरा उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, शिक्षा विभाग, वृद्धा पेंशन, विकलांग ट्राई साइकिल, आवास, आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल हैं। जनता दरबार में मिलने आये सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमसंगत जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

### राजस्व शिविर, आयुष्मान एवं राशन कार्ड को लेकर शिविर का आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत भवन में मंगलवार को राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के नेतृत्व मुखिया समीरा कुमारी एव पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय ने किया। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव अंचला अधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा कर्मचारी प्रमोद कुमार सिंह एटीएम सोनम कुमारी उपस्थित थे। इस राजस्व शिविर में कई विभाग भी उपस्थित थे। जहां कुल 283 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 50, राशन कार्ड सुधार के लिए 06, सिकल सेल एनीमिया टेस्ट के लिए 221, दाखिल खारिज के लिए 06 एवं स्वास्थ्य विभाग जातीय आवासीय के लिए काफी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती, उप मुखिया विकास कुमार पांडेय, परमेश्वर रविदास, रोजगार सेवक निर्मल दांगी, पार्वती कुमारी, ऑपरेटर अभिनंदन कुमार, भेखलाल रविदास, परसादी पासवान, सुनील कुमार यादव, कर्मधारी रजक, विजय रजक, विकास कुमार विकु, सेविका, सहिया दीदी एवं बारीसाखी पंचायत के विभिन्न गांव से ग्रामीण उपस्थित थे।

### कसारी और सेरनदाग पंचायत में आयोजित कैंप का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**सिमरिया (चतरा)।** आयुष्मान कार्ड बनाने एवं स्किल सेल एनिमिया स्क्रीनिंग को लेकर मंगलवार को प्रखंड के कसारी एवं सेरनदाग पंचायत में आयोजित कैंप का प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने निरीक्षण किया। सिमरिया प्रखण्ड में 16 जून से 25 जून तक पंचायतवार कैंप आयोजित किया जाएगा। कैंप में आयुष्मान कार्ड बनाने, स्वास्थ्य जांच, राशन कार्ड बनाने, राशन कार्ड में संशोधन का कार्य किया जा रहा है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सभी आयुष्मान कार्डधारी को प्रति वर्ष पांच लाख का निशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। निशुल्क इलाज की सुविधा निजी अस्पतालों में भी उपलब्ध है। सभी लोगों से कार्ड बनाने की अपील की है। सभी डीलर को शत प्रतिशत लाभुकों का कार्ड बनवाने का निर्देश दिया गया। कैंप में पंचायतों के सभी डीलर, पंचायत सचिव, प्रज्ञा केंद्र संचालक, पंचायत स्तरीय कर्मी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का किया गया प्रारंभ

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड में प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत मंगलवार को ग्राम कोरी से की गई। प्रखण्ड के चयनित ग्रामों में निवास कर रहे जनजातीय परिवार सामुदायिक संगठन को केंद्र राज्य प्रायोजित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु 17 जून से 26 जून तक शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें 17 जून को कोरी, 18 जून को बगरा, 19 जून को जबड़ा, 20 जून को हफूआ, 24 जून को कोरी पीवीटीजी, 25 जून को सोंस, 26 जून को बंडगांव में शिविर आयोजित किया जाएगा। ग्राम कोरी में आयोजित शिविर में आधार, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व, कृषि, पेंशन, बीमा, पशुपालन, उज्जवला योजना, आपूर्ति, बाल विकास परियोजना, मनरेगा, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, छात्रवृत्ति, सर्वजन पेंशन योजना से संबंधित स्टॉल लगाया गया। जिसमें आधार सेवा अंतर्गत 14 आधार कार्ड, 07 आयुष्मान कार्ड, 48 स्किल सेल की जांच, 09 मनरेगा योजनाओं की स्वीकृति, 11 आवासीय प्रमाण पत्र एवं पशुपालन विभाग के द्वारा दवाओं का वितरण कैम्प के दौरान ही किया गया। कैंप में विभागों के पदाधिकारी, कर्मी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, पंचायत सचिव एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### दो गुटों में मारपीट में 19 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के सिंदुआरी खुर्द गांव में जमीन विवाद में दो गुटों में जमकर मार पीट हो गया। काउंटर केस में 19 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। बताया गया कि सिंदुआरी खुर्द गांव निवासी सीताराम दांगी ने मारपीट करने को लेकर 11 लोगों पर थाना में आवेदन दे प्राथमिकी दर्ज करायी है। मारपीट में सीताराम दांगी गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं गांव के ही बैजनाथ दांगी ने मारपीट को लेकर 8 लोगों पर आवेदन दे प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया गया दोनों अपने चचेरे भाई हैं। जमीन विवाद में मारपीट की गयी है।

### ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे सलगा पीड़ित परिवार से की मुलाकात



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के सलगा गांव में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक प्रदेश प्रवक्तानंद किशोर पांडेय सोमवार को शाम सलगा पहुंचे। जहां रामकुमार पांडेय का छोटा पुत्र सोनटिया का बीते रविवार को आकस्मिक वज्रपात से मृत्यु हो गई थी। जिनके परिजनों से मिलकर हरसंभव मदद करने की बात करते हुए परिवारों को ढांढस बंधाया एवं परिजनों को सांत्वना दिये। मौके पर ब्राह्मण समाज के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय, गणेश पांडेय, लक्ष्मी पांडेय, अयोध्या पांडेय एवं परिजन उपस्थित थे।

### पत्थलगड्डा प्रखंड में धरती आबा उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर आयोजित, 102 बने आयुष्मान कार्ड



**चतरा।** धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत पत्थलगड्डा प्रखंड में आयुष्मान कार्ड एवं स्किल सेल से जुड़ी सेवाओं के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। बरवाडीह पंचायत में आयोजित इस शिविर में कुल 116 लोगों ने आयुष्मान भारत योजना के तहत आवेदन किया, जिसमें से 102 लाभार्थियों के आवेदन स्वीकृत कर लिए गए। शेष 14 आवेदन तकनीकी समस्या (सर्वर डाउन) के कारण रिजेक्ट हो गए। वहीं मेराल पंचायत में भी इसी अभियान के तहत शिविर लगाया गया, लेकिन बारिश के कारण कम ही लोग पहुंच सके और सीमित संख्या में ही आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी ऊदल राम ने शिविर स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर आंगनबाड़ी सेविकाएं, पंचायत मुखिया संदीप कुमार सुमन तथा संबंधित विभागों के कर्मी भी उपस्थित रहे।

### हथियारबंद अपराधियों ने मोटरसाइकिल लूटी

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज-प्रतापपुर मुख्य पथ स्थित खगड़वाटांड़ जंगल के समीप सोमवार की देर शाम 7 बजे हथियारबंद अपराधियों के द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया गया। इस दौरान पांच हथियारबंद अपराधियों ने मोटरसाइकिल, नगद पैसा और मोबाइल लूट लिया। इस संबंध में पीड़ित शेरघाटी थाना क्षेत्र के रामपुरधाप गांव के मोहम्मद ओबेदुल्ला अंसारी ने हंटरगंज थाने में आवेदन दिया है। पीड़ित ओबेदुल्ला अंसारी ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार के घर हंटरगंज के बोड़ा गांव आया हुआ था। जहां से अपने दोस्त जितेंद्र भारती की मोटरसाइकिल लेकर अपने ससुराल इमामगंज जा रहा था। इसी दौरान खगड़वाटांड़ जंगल के पास दो मोटरसाइकिल पर सवार पांच नकाबपोश अपराधियों ने उसकी मोटरसाइकिल को ओवरटेक कर रोक लिया और हथियार के बल पर उसके साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान उसके साथ मारपीट भी की गयी। लुटेरों ने पीड़ित से उसकी मोटरसाइकिल होंडा शाइन एसपी जेएच02 बी क्यू 5323, नगद 15000 और एक मोबाइल भी लूट लिया। इसके बाद लुटेरे पीड़ित का मोटरसाइकिल लेकर खरांटी गांव जाने वाले जंगल के रास्ते से फरार हो गये। पुलिस लुटेरों की धर पकड़ में जुटी हुई है।

### वज्रपात से एक की मौत, एक घायल

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के मीरपुर पंचायत अन्तर्गत सोनवर्षा गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं घटना में एक महिला गंभीर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह घटना उस वक्त हुई है, जब खेत की ओर मवेशी चराने दोनों गए हुए थे। बारिश से बचने के लिए दोनों एक बड़े महुआ पेड़ के नीचे शरण लेने लगे, तभी उसी पेड़ पर वज्रपात हो गई। इस हादसे में एक की ही मौत हो गई जबकि वृद्ध महिला झुलस गई। इधर ग्रामीणों ने घायल महिला को लेकर हंटरगंज समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया, जहां से चिकित्सकों ने मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान सोनवर्षा निवासी नन्हक यादव के 50 वर्षीय पुत्र देवलाल यादव (50) वहीं घायल वृद्ध महिला देवलाल होरिल यादव की पत्नी सुगिया देवी (75) के रूप में हुई है।

## स्पीड न्यूज

### गुमला के करमडीपा चौक व उर्मी चौक पर चलाया गया वाहन जांच अभियान



गुमला। सड़क सुरक्षा को लेकर एक सघन वाहन जांच अभियान गुमला में चलाया गया। डीसी प्रेरणा दीक्षित और पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा के निर्देशानुसार गुमला शहर के करमडीपा चौक और उर्मी चौक पर यह अभियान आयोजित किया गया। मोटरयान निरीक्षक रोबिन अजय सिंह और थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली के नेतृत्व में पुलिस बल ने इस अभियान में भाग लिया। अभियान का मुख्य उद्देश्य हेलमेट लगाओ, जान बचाओ था। जांच के दौरान हेलमेट न पहनने वाले वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया और उन्हें हेलमेट पहनने की आवश्यकता के बारे में समझाया गया। इसके अतिरिक्त वाहन के आवश्यक दस्तावेज जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस आदि की भी जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 22 वाहनों से 90,750 का जुर्माना वसूला गया। स्कूली छात्रों पर भी कार्रवाई की गई। जिनमें बिना लाइसेंस और बिना हेलमेट के पाए गए थे। उन्हें 10,000 का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा बिना लाइसेंस के 5,000 और बिना इंश्योरेंस के 2,000 के चालान भी काटे गए। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा के मद्देनजर ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे और हेलमेट न पहनने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के डुको गांव में सहदेव मुंडा ने घर के छप्पर के काठ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि सहदेव मुंडा विगत एक महीने पूर्व ईंट भट्ठा से कमा कर वापस लौटा था। वह काफी नशा पान करता था। हमेशा नशे की हालत में रहता था। नशा में रहकर हमेशा उग्र रहता था और परिवार वालों को डांटते रहता था। सोमवार दोपहर में घर पर छोटी बच्ची थी। जिसे वह नशे में डांट डपट्ट करके भगा दिया और घर के अंदर जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब देर शाम परिवार के सदस्य घर लौटे तो देखा कि वह घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। जिसके बाद घटना की सूचना घाघरा थाना को दी गई।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीरकेरा के प्रधानाचार्य की करंट लगने से हुई मौत

रायडीह। सुरसांग थाना क्षेत्र के रेंगोला ग्राम में सोमवार को समय संध्या घर का बिजली ठीक करने पोल खुंटा में चढ़े सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बिरकेरा के प्रधानाचार्य सह हिन्दू परिषद बजरंग दल खण्ड समिति सुरसांग के कार्यकर्ता 28 वर्षीय गजेन्द्र किसान की बिजली करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। ग्रामीणों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार गजेन्द्र किसान अपने घर में बिजली लाईट व्यवस्था ठीक करने के लिए ट्रांसफार्मर से लगा हुए मेन लाईन को ठीक करने के पोल के ऊपर चढ़े थे। पहले से ही मेन लाईन में करंट था। उसी समय मेन लाईन के चपेट में वे आ गये। जिसे उनका दर्दनाक मौत हो गया। वे घंटों तक तार से चिपके रहे। उनका शरीर में आग की लपेटें धधकती रही। ग्रामीणों के द्वारा सुरसांग थाना प्रभारी को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मृतक गजेन्द्र किसान के शव को नीचे उतरवाया। वहीं शव को पुलिस अपने कब्जे में लेते हुए मंगलवार को पोस्टमार्टम करवाकर उनके परिवार को सौंप दिया।

### बिमरला पंचायत में आयोजित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान संपन्न



घाघरा। घाघरा प्रखंड के बिमरला पंचायत सचिवालय में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के निमित्त जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास और लाभान्वित करने को लेकर कई जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही कई विभाग के स्टाल लगाए गए। जहां ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग में सरकार द्वारा संचालित कई अन्य योजना लेने को लेकर आवेदन भर कर जमा किया गया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से आप सभी लाभांवित हो जिसे लेकर आवश्यकता अनुसार आवेदन भर कर जमा करें। उक्त कार्यक्रम का सभी ग्रामीण लाभ उठाएं। मौके पर मुखिया चांदनी उरांव, व विभाग के पदाधिकारी कर्मी ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### जारी में अवैध महुआ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, दो महिलाएं गिरफ्तार

जारी। उत्पाद अधीक्षक गुमला के सख्त निर्देश पर मंगलवार को अवैध महुआ शराब के खिलाफ एक व्यापक अभियान जारी प्रखंड में चलाया गया। इस अभियान के तहतजारी थाना क्षेत्र के श्रीनगर और जारी इलाकों में छापेमारी की गई। जिसके परिणाम स्वरूप रीता करकेटा व सविता देवी को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 20 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब और 40 किलोग्राम जावा महुआ जब्त किया। इस अभियान में अवर निरीक्षक प्रदीप कुमार करमाली, उत्पाद सिपाही और सशस्त्र गृह रक्षा बल के जवान शामिल थे।

### दुष्कर्म के मामले में एक नाबालिग को डुमरी पुलिस ने किया निरूद्ध

डुमरी। डुमरी थाना क्षेत्र के कोकावाल गांव से दुष्कर्म के एक मामले में एक नाबालिग को डुमरी पुलिस ने निरूद्ध किया है। जानकारी के अनुसार दुष्कर्म पीड़िता की मां के बयान के आधार पर डुमरी थाना में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें दो अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज की गई थी। जांच में एक आरोपी की उम्र 16 वर्ष पाई गई जो नाबालिग है। इस आधार पर उसे विधिवत निरुद्ध किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं एक की तलाश पुलिस कर रही है।

## सच्ची ताकत नशीली पदार्थों को न कहने और एक बेहतर समाज के निर्माण में है : शिबा नारायण

**पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में नशे की लत और नशाखोरी पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर मंगलवार को नशे की लत और नशाखोरी के खिलाफ व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों और समुदाय को मादक पदार्थों के खतरों के बारे में जागरूक करना और उन्हें सकारात्मक, लक्ष्य संचालित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7:00 बजे एक जोशीले मार्च के साथ हुई। जहां छात्रों ने एक मानव श्रृंखला बनाई और परिसर से पास के इलाके चंदाली तक पैदल चले। प्रभावशाली जागरूकता पोस्टर पकड़े और नशा विरोधी नारे लगाते हुए, छात्रों ने नशीली पदार्थों के उपयोग के नुकसान के बारे में एक मजबूत दृश्य और मुखर संदेश दिया। मार्च के बाद कॉलेज परिसर में पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ शिबा नारायण साहू और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ला ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित किया और सभी से शिक्षा, खेल और रचनात्मक कार्यों में अपनी ऊर्जा लगाने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सच्ची ताकत नशीली पदार्थों को न कहने और एक बेहतर समाज के निर्माण बनने में निहित है। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अकांक्षा कुमारी प्रथम, कुमारी मुस्कान राज द्वितीय व आशिष किंडो तृतीय स्थान पर रहे। यह पहल नशीली पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में आशा की किरण के रूप में खड़ी है और जिम्मेदार और जागरूक नागरिकों को आकार देने के लिए कॉलेज के समर्पण को दशार्ती है। जिला प्रशासन ने अपना सहयोग दिया तथा प्राध्यापकों, छात्रों और स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

## 12 वर्षीय बच्ची ने गणित को बनाया खेल

**प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों में जुटे विद्यार्थी भी बच्ची की कला को देख हुए दंग**



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। इमरजिंग फ्यूचर इंस्टीट्यूट में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों उस समय अचंभित हो गए जब एक 12 वर्षीय बच्ची ने गणित को खेल बना दिया। मौका था विद्यार्थियों के प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक प्रोग्राम का आयोजन का। जिसमें 12 साल की एक छोटी सी बच्ची नवी (अध्या मोही) ने इंस्टिट्यूट के बच्चों को पलक झपकते ही बड़े बड़े कैलकुलेशन करके चौंका दिया। जिससे इंस्टीट्यूट के बच्चों को बहुत प्रोत्साहन मिला ताकि वे भी कम समय में सही तरीके से प्रश्नों के उत्तर दे सके जो की प्रतियोगिताओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। नवी जो मिशन चौक निवासी मुकेश महतो और मनिता की सुपुत्री है जो वर्तमान में पुणे में रहती है। अबाकस में स्टेट, नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर बहुत सारे प्रतियोगिताओं में भाग लिया है और सुपर स्टार के पुरस्कार से नवाजी भी गयी है। इसके माता पिता मनीता-मुकेश को इस पर बहुत नाज है। इस अवसर पर इमरजिंग फ्यूचर के डायरेक्टर विकास सर्राफ ने भी बच्चों को बताया की अगर छोटी सी बच्ची इतना अच्छा परफॉर्म कर सकती है तो हम सभी को भी अपने क्षेत्र में कोशिश करके अपने सपनो को पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए। कार्यक्रम में नवी को मेडल और गिफ्ट्स देकर सम्मानित किया गया। माता पिता तथा लोहरदगा जिले का नाम रोशन करने के लिए उसे भी प्रोत्साहित किया गया।

## भूमि संरक्षण विभाग तालाब निर्माण कार्य में लाखों रुपये का हुआ घपला : विजय सिंह

**झानद के संयोजक ने बिशुनपुर प्रखंड में भूमि संरक्षण विभाग से बने तालाबों का किया निरीक्षण**



तालाब का निरीक्षण करते झानद संयोजक व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह मंगलवार को बिशुनपुर प्रखंड का दौरा कर भूमि संरक्षण विभाग द्वारा कराए गए तालाब निर्माण का निरीक्षण कर किसानों व स्थानीय लोगों से योजना के बाबत जानकारी प्राप्त की । विदित हो कि भ्रष्टाचार विरोधी मंच गुमला इकाई को सूचना मिली है कि फर्जी ग्राम सभा कर योजना पारित किया गया। वहीं लाभुक समिति भी नाम मात्र के लिए बनाई गई है और विभाग द्वारा स्वयं ठेकेदारी का काम किया गया तथा योजना निर्माण में गड़बड़ी व अनियमितता बरतते हुए लाखों रुपए निकासी कर ली गई है। इस पर भ्रष्टाचार विरोधी मंच के सदस्यों ने कामरेड विजय सिंह के नेतृत्व में बिशुनपुर के बनारी पंचायत, सेरका सहित कई कार्य स्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय सदस्यों को अन्य स्थान पर बने विभाग द्वारा तालाब निर्माण की स्थिति को पता कर रिपोर्ट करने के लिए कहा है। तीन सदस्यीय टीम के द्वारा 19 जून 2025 को गुमला उपायुक्त को जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी तथा विभाग के सचिव को उच्च स्तरीय जांच के लिए पत्राचार की जाएगी। टीम में भ्रष्टाचार विरोधी मंच के जिला कोऑर्डिनेटर अजीत विश्वकर्मा, आरटीआई सह सामाजिक कार्यकर्ता आनंद किशोर पांडा व शंकर उरांव मुख्य रूप से मौजूद थे।

**गुमला समाहरणालय स्थित सभागार में डीसी प्रेरणा दीक्षित ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा**

## जन शिकायत निवारण दिवस जनता की समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम

खबर मन्त्र संवाददाता



जन शिकायत निवारण दिवस पर समस्या सुनती डीसी प्रेरणा दीक्षित।

गुमला। समाहरणालय स्थित सभागार में डीसी प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डीसी ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी तथा आवश्यक निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए। जन शिकायत निवारण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 40 आवेदक अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे। प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पानी, भूमि विवाद, सरकारी सहायता,रोजगार, जमीन ऑनलाइन करने के संबन्ध में चिकित्सा सहायता, आर्थिक सहायता एवं शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को डीसी के समक्ष रखा। रायडीह प्रखंड अंतर्गत कांसीर पंचायत के नीचडुमरी गांव के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण हेतु आवेदन दिया है। इनका कहना है कि गांव में कच्ची सड़क है। जिससे ग्रामीणों को बरसात के दिनों में आवागमन में काफी समस्या होती है। गुमला जिला अंतर्गत सभी ऊर्जा मित्रों द्वारा ससमय मानदेय भुगतान नहीं होने की शिकायत की गई है। इनका कहना है कि विभाग द्वारा समय पर भुगतान नहीं किया जाता है। जिससे इन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। इस सम्बन्ध में डीसी ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया है। नीचे डुमरी गांव में विद्यालय में कक्षा एक से पांच तक में एकमात्र शिक्षक हैं। जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। ग्रामीणों ने उक्त विद्यालय में शिक्षक की कमी के संबन्ध में डीसी को आवेदन सौंपा है। डीसी प्रेरणा दीक्षित ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु एक सशक्त माध्यम है तथा प्रशासन सभी मुद्दों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

## हाटी अंबेरा में अबुआ जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत लगा शिविर



खबर मंत्र संवाददाता

भंडरा। अबुआ जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत उदरंगी पंचायत के हाटी अंबेरा गांव में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीडीओ प्रतिमा कुमारी, पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली सहित सभी विभाग के कर्मी उपस्थित थे। शिविर में राशन कार्ड के लिए 27, पीएम किसान योजना के लिए 22, जनधन खाता के लिए 10, केवाईसी के लिए 7, वृद्धा पेंशन के लिए 7, पशुधन योजना के लिए 13, केसीसी के लिए 16 आवेदन प्राप्त हुए. शिविर में आयोजित हेल्थ कैंप में 49 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। सभी स्वास्थ्य जांच करने वाले लोगों को दवा दी गई।

## डंपिंग यार्ड के बाहर कचड़ा फेंके जाने से दुन्दरिया बस्ती के लोग परेशान, जीवन यापन करना मुश्किल

खबर मन्त्र संवाददाता



डंपिंग यार्ड के बाहर फेंका गया कचड़ा।

गुमला। नगर परिषद के दुन्दरिया स्थित कचड़ा डंपिंग यार्ड से बाहर शहर का कचड़ा ले जाकर फेंकने से स्थानीय लोग परेशान हैं। डंपिंग यार्ड से बाहर कचड़ा फेंके जाने से पूरे मुहल्ले के लोग मक्खियों से परेशा हैं। वहीं उन्हें संक्रमित बीमारी होने की अशंका भी सता रही है। स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद से तत्काल कचड़ा डंपिंग यार्ड में फेंकने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। नगर परिषद विभाग के द्वारा दुन्दरिया में डंपिंग यार्ड का निर्माण कर कचड़ा का रिसाइकिलिंग किया जाता है। लेकिन कचड़ा बाहर फेंके जाने से मुहल्ले में संक्रमण फैलने की आशंका बढ़ गई है।

आस-पास के लोग जब घर से निकलते हैं तो दुर्गंध से सड़क पर चलना भी उनको मुश्किल हो जाता है। विभाग को स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित मुहल्ले के लोगों ने मामले को लेकर जानकारी भी दी गई, लेकिन उनके कहने के बाद भी कचड़ा यार्ड के बाहर ही फेंका जा रहा है।

### डीएसओ ने जन वितरण दुकानों का किया निरीक्षण




लोहरदगा। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने सदर प्रखंड के कुटमु और सेन्हा प्रखण्ड के तोड़ार में जनवितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में गुलाबी राशन कार्ड, हारा राशन कार्ड और सफेद राशन कार्ड के लाभुकों की संख्या व उसमें निर्धारित मात्रा अनुसार राशन की मात्रा लाभुकों को दिए जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण में प्राप्त खाद्यान्न व वितरण की जांच की गई और छूटे हुए लाभुकों के बीच राशन वितरण का निर्देश दिया।

### सुब्रतो मुखर्जी फूटबॉल प्रतियोगिता प्रारंभ



कुडू। 64वीं प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फूटबॉल प्रतियोगिता प्रखंड के +2 गांधी मेमोरियल हाई स्कूल मैदान माराडीह में मंगलवार से प्रारंभ हुई।प्रतियोगिता के प्रथम दिन कुडू प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के अंडर 15 बालक वर्ग के बीच प्रतियोगिता हुई। प्रखंड स्तरीय अंडर 15 बालक वर्ग का फाईनल मैच रा. मध्य विद्यालय उडूमुडू और बेसिक स्कूल कुडू के बीच खेला गया जिसमें बेसिक स्कूल कुडू की टीम 2-0 से विजयी हुई। मौके पर उपविजेता टीम को मेडल और विजेता टीम को प्रमाणपत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।इस प्रकार जिला स्तर के मैच में बेसिक स्कूल कुडू की टीम अब कुडू प्रखंड का नेतृत्व करेगी।कार्यक्रम को सफल बनाने में बीपीओ प्रवेज शाह, शारीरिक शिक्षा शिक्षक संतोष कुमार, बिपिन किशोर, अंजना खलखो इत्यादि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन पीएमश्री रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी एवं खिलाड़ियों को आशीर्वचन विजय कुमार साहू ने दिया। मौके पर धर्मदेव प्रसाद, शशिभूषण भगत, अशोक कुमार, संतोष कुमार, तारा कुंवर, कुर्बान अंसारी, जावेद अख्तर, बिपिन किशोर सहित शिक्षक और विभिन्न विद्यालयों के छात्र मौजूद थे।

### किसानों के बीच बादाम बीज का हुआ वितरण



लोहरदगा। जिला कृषि कार्यालय लोहरदगा द्वारा नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल स्कीम के तहत बादाम बीज का वितरण किया गया। जिसमें जोरी पंचायत के किसानों को 375 किलो बादाम बीज का वितरण किया गया। जिसमें जोरी पंचायत के मुखिया सुनील लकड़ा, जिला कृषि पदाधिकारी, कालेन खलखो, परियोजना निदेशक मोहित सिंह, तकनीकी सहायक दिनेश चंद, संबंधित पंचायत के जनसेवक प्रखंड तकनीकी प्रबंधक और किसान उपस्थित हुए।

### झारखंड नवनिर्माण दल की बैठक 18 को गुमला में

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत केंद्रीय स्तर की बैठक दल के प्रमुख नेताओं को लेकर दिन के 11 बजे से 18 जून 2025 को जिला मुख्यालय गुमला में आयोजित की गई है। बैठक में राज्य के सभी पांच प्रमंडल के प्रभारी तथा प्रमुख नेताओं को आमंत्रित की गई है। बैठक में वीर बिरसा मुंडा के शहादत दिवस बीते 9 जून 2025 को रांची में संपन्न राजभवन मार्च की समीक्षा तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए रणनीति बनाई जाएगी। देशव्यापी रोजगार और सामाजिक अधिकार अभियान को राज्य में चलाने जैसे मुद्दों को लेकर भी विचार विमर्श की जाएगी। यह जानकारी शंकर उरांव ने दी है।

## लोहरदगा में आजसू होगा मजबूत :आशुतोष

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। आजसू पार्टी की एक आवश्यक बैठक केंद्रीय सचिव लोहरदगा जिला प्रभारी आशुतोष तिवारी की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस बैठक में आजसू पार्टी के संगठन को और मजबूत करते हुए संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाने की बात पर बल दी गई। आशुतोष तिवारी ने जिला संगठन को मजबूत करने के लिए लोहरदगा विधानसभा प्रखंडवार प्रभारी मनोनीत की है। इस क्रम में कुडू प्रखंड के नवनियुक्त प्रभारी लाल गुडडू नाथ शाहदेव, राजेंद्र लोहार, परमेश्वर महतो एवं शशि साहू होंगे। कैरो के प्रभारी विपिन सिंह होंगे। किस्को के प्रभारी बबलू महतो होंगे। भंडरा के प्रभारी देवेंद्र साहू, दिलीप साहू एवं पंकज मिश्रा होंगे। लोहरदगा ग्रामीण के प्रभारी कवलजीत सिंह होंगे। लोहरदगा नगर प्रभारी महेंद्र महतो एवं पेशरार के प्रभारी सूरज अग्रवाल तथा विनोद उरांव होंगे। बैठक में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, राम लखन प्रसाद, महासचिव अंजू देवी, सदस्य रामकुमार महतो, महेंद्र महतो, प्रवक्ता सागर वर्मा, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सरस्वती देवी, नगर अध्यक्ष पवन प्रजापति, कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता आदि उपस्थित थे।

## सड़क पर पत्थर गिरा देने से जनता को हो रही है परेशानी : आलोक साहू

खबर मन्त्र संवाददाता



किस्को। किस्को रिचुघूटा पथ में पथ निर्माण विभाग के द्वारा मसूरिया खाड़ के पास गार्डवाल का निर्माण कराया जा रहा था। गार्डवाल निर्माण के दौरान एक बहुत बड़ा पत्थर निकला संवेदक द्वारा उसे पत्थर को दूसरे रास्ते में गिरा दिया जिसके कारण विगत डेढ़ माह से मसूरिया खाड़ से ठकुराइन डेरा, दमगड़वा, खूंभीखाड़ इत्यादि गांव जाने वाले लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चार चक्का का आवागमन बंद हो गया है इसकी जानकारी वहां के मुखिया कमिल टोपनो ने सांसद के निजी सचिव आलोक कुमार साहू को दिया। साहू ने स्थल का भ्रमण भी किया। साहू ने पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से वार्ताकर शीघ्र पत्थर को हटाने का निर्देश दिया ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो। कार्यपालक अभियंता ने इस पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दी है।

## अलग राज्य के आंदोलन में आजसू के नौजवानों ने कुबार्नी दी तब बना झारखंडः देवशरण

**22 जून को आजसू पार्टी का स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में रांची में मनाया जायेगा**



बैठक को संबोधित करते केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत।

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। जिला आजसू पार्टी की बैठक मंगलवार को परिसदन सभा कक्ष में जिला अध्यक्ष दिलीपनाथ साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसके मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता सह दक्षिणी छोटागपुर प्रमंडल के प्रभारी डॉक्टर देवशरण भगत, विशिष्ट अतिथि जिला संगठन सह प्रभारी अरविंद यादव उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि 22 जून को आजसू पार्टी का स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेल गांव रांची में मनाया जाएगा। जिसमें संपूर्ण झारखण्ड प्रदेश से पार्टी के कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। मौके पर डॉक्टर देवशरण भगत ने कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस को पार्टी बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। झारखंड स्वाभाविक राज्य नहीं है। अलग राज्य के आंदोलन में आजसू के नौजवानों ने कुबार्नी दी। जिसके बदौलत झारखंड अलग राज्य बना है। आंदोलन काल में आजसू के नौजवानों ने घर बार छोड़े अपनी जवानी कुर्बान की अपना सर्टिफिकेट जलाया। आर्थिक नाकेबंदी की, तब जाकर सरकार अलग राज्य बनाने की मांग को स्वीकार किया। बलिदान दिवस के अवसर पर संघर्ष के इतिहास का बोध कार्यकर्ताओं को कराया जाएगा। वर्तमान सरकार के कार्य काज का समीक्षा किया जाएगा। साथ ही भावी कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। जिला प्रभारी अरविंद यादव ने कहा कि गुमला जिला में धारदार कार्यकर्ताओं का मजबूत और सशक्त संगठन विस्तार किया जाएगा। जनमुद्दों को लेकर पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता मुखर रहेंगे। जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने कहा कि गुमला जिला के सभी प्रखंड एवं पंचायत से सक्रिय कार्यकर्ता बलिदान दिवस में शामिल होंगे। बैठक में आजसू पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सलीम टोप्पो ने आजसू पार्टी और केंदीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व पर आस्था विश्वास रखते हुए घर वापसी की। इनके अलावे पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष इंदु देवी, चापो देवी, झरियो देवी, रानी देवी, प्रकाश सोनी, बंधनू उरांव आजसू पार्टी में घर वापसी किया। सभी को देवशरण भगत ने माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में रांची जिला सचिव दयाशंकर झा, साथ में कैप कुमार, जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय सचिव सह सिमडेगा जिला प्रभारी गोपीनाथ सिंह, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र खरवार, छोटू उर्फ दीपक साहू, सचिव गोलू श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रामू गोप, मनदीप महली, सुखदेव गोप, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र कुमार, किसान संघ जिला अध्यक्ष मेघनाथ साहू, जिला उपाध्यक्ष उत्तम कुमार, छात्र संघ प्रभारी सानू कुमार, विकास साहू, लायन मनीष सिंह, मार्कोस मिंज, समलेश शर्मा, अजीत साहू, अशोक कुमार सिंह, सलीम टोप्पो, प्रकाश सोनी, बंधनु उरांव, राजेश गोप सहित पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे।

**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का चैनपुर के रामपुर से हुआ शुभारंभ**

## जनजातीय समुदाय को योजनाओं का लाभ देना उद्देश्य : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



चैनपुर। जनजातीय समुदाय को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के उद्देश्य से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ चैनपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत से किया गया। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से जनजातीय परिवारों को जोड़ना है। बीडीओ यादव बैठा ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि यह विशेष अभियान 30 जून तक प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में चलाया जाएगा। इस पहल के तहत जनजातीय परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, महात्मा गांधी आयुष्मान भारत कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से जोड़ा जाएगा। रामपुर पंचायत में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन जमा किए और सिकल सेल एनीमिया की जांच भी कराई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ यादव बैठा ने अपने संबोधन में कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आदिवासी, हरिजन एवं पिछड़े वर्ग के लोगों को शत-प्रतिशत सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचना अत्यंत आवश्यक है। तभी उन्हें उनका वास्तविक लाभ मिल सकता है। बीडीओ ने ग्रामीणों को पीएम आवास योजना, मनरेगा, अबूआ आवास, जनमन आवास, किसान क्रेडिट कार्ड, वृद्धा एवं विधवा पेंशन, मंईयां सामान योजना सहित कई अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। इस अवसर पर पंचायत सचिव लक्ष्मण राम, बीपीआरओ राममोहन साहू, कृषि पदाधिकारी कृष्ण कुमार, कल्याण पदाधिकारी हुलास प्रसाद, आंगनबाड़ी सेविका, एटीएम, बैंक बीसी सत्यम, प्रज्ञा केंद्र संचालक सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# चकला कोल माईन्स के लिये ग्रामीणों ने जमीन देने की दी सहमति

- हिंडालको चकला कोल परियोजना को लेकर जमीन की बाधा हो रही दूर
- रैयतों ने कहा विकास के लिए जमीन देंगे, लेकिन हमारी मांगों को भी सुना जाए
- एसडीओ ने रैयतों एवं हिंडालको प्रबंधन के साथ की सार्थक चर्चा, जमीन अधिग्रहण की बाधा को दूर करने को लेकर किया पहल

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते ग्रामीणों के साथ हिंडालको प्रबंधन और प्रशासन।


बैठक में एसडीओ ग्रामीणों के साथ चर्चा करते।

**चंदवा।** हिंडालको चकला कोल परियोजना को गति देने एवं चल रहे जमीन को लेकर चल रहे गतिरोध को दूर करने को लेकर एसडीओ अजय कुमार रजक की अध्यक्षता में तीसरे बार हिंडालको प्रबंधन एवं ग्रामीणों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कंपनी प्रबंधन एवं रैयतों के बीच विस्थापन नीति, मुआवजा, हक एवं अधिकार को लेकर चर्चा हुई व कोल परियोजना को लेकर चल रही जमीन की बड़ी बाधा दूर होती नजर आई। बैठक में विस्थापित जमीन देने के पक्षधर दिखे वहीं कुछ ग्रामीणों ने अपनी मांगों को रखा व शर्तों के साथ जमीन देने की बात कही। कहा हम सभी विकास के लिए जमीन देने को तैयार है, लेकिन हमारी कुछ मांगे है, जिस पर प्रबंधन विचार करे। हाल सर्वे में काफी त्रुटियां है जिस कारण रैयतों का जमीन इधर उधर हो गया है, इसका निपटारा किया जाए। रैयतों ने गैर मजरूआ जमीन एवं वन भूमि पर भी अधिकार देने की मांग रखी। ग्रामीणों की ओर से विकाश भगत, हरि भगत, सुरेंद्र उरांव, मो इजहार व अन्य ने लिखित व मौखिक रूप से अपनी मांगों को रखा। जिसमें रैयती जमीन का मुआवजा, 18 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक व्यक्ति नौकरी, विस्थापित परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था, निशुल्क समुचित व्यवस्था करने, कच्चा व पक्का मकान का मुआवजा राशि, विस्थापित कॉलोनी में पशु शाला व चारागाह का निर्माण करने, कोल परियोजना में स्थानीय लोगों की भागेदारी, सामुदायिक वन पट्टा निर्गत करने समेत कई मांग शामिल हैं। बैठक के दौरान हिंडालको प्रबंधन की ओर से यूनिट हेड दीपक लेंका व अन्य ने कंपनी के ओर एन आर पॉलिसी एवं ग्रामीणों की ओर से की गई मांगों पर अपना पक्ष रखा। इन्होंने कहा कि आर एन आर पॉलिसी में जो भी बातें उल्लेखित है, उसका शत प्रतिशत पालन करने को कंपनी प्रबंधन तैयार है। रैयतों का जमीन नियम संगत तरीके से अर्जित की जा रही है। जिसमें सरकार द्वारा निर्धारित दर से चार गुना मुआवजा देने का प्रावधान है, जिसका पालन किया जा रहा है।

### कानून हो हाथ में न लें ग्रामीण: एसडीओ

बैठक के दौरान एसडीओ ने ग्रामीण से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने बातों को रखने का अधिकार है। लेकिन कानून हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है। इसलिए ग्रामीण कानून को अपने हाथों में न लें। प्रशासन आपका हक एवं अधिकार की रक्षा को लेकर संकल्पित है। अगर कोई अधिकारी पदाधिकारी या फिर कंपनी में काम करने वाले स्थानीय क्षेत्र में जाए तो उनके साथ अभद्र व्यवहार ना करें, अगर कोई शिकायत है तो सीधे इसकी सूचना प्रशासन को दें, प्रशासन नियम संगत कार्रवाई करेगी। बैठक में अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक, पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार, कंपनी प्रबंधन के अधिकारी व सैकड़ों रैयत मौजूद थे।

## मूसलाधार बारिश जनजीवन अस्त ब्यस्त



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय, सेरेगड़ा, आरा, चमातू, गणेशपुर, बालू ,मुरूपा, भगिया क्षेत्र में मंगलवार की सुबह से ही मूसलाधार बारिश होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। रविवार एवं सोमवार को भी पूरे दिन रुक-रुक कर बारिश होते रहा। लेकिन मंगलवार को सुबह 7:00 बजे से ही पूरे दिन बारिश होने से बालूमाथ में लगने वाले साप्ताहिक हाट फीका रहा। अधिकांश लोग घरों में दुबके रहे। दुकानों में अन्य दिनों की अपेक्षा कम भीड़ देखे गए। वही उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है।

## मनिका थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े दो अपराधी 7.50 लाख रुपए का जेवर लेकर हुए फरार

# अपराधियों ने थाना से 50 मीटर की दूरी पर घटना को दिया अंजाम

- मामले की छानबीन करते हुए अपराधियों को पकड़ने में जुटी पुलिस

खबर मंत्र संवाददाता


जानकारी देते भुक्तभोगी।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना से महज 50 मीटर दूरी पर स्थित एक जेवर दुकान के मालिक के लगभग 7 लाख 50 हजार रुपए के जेवर मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधी दिन मंगलवार को दिनदहाड़े लेकर फरार हो गए हैं। वहीं जेवर दुकानदार ईश्वर प्रसाद सोनी ने बताया कि प्रतिदिन की भांति आज भी दुकान के महंगे जेवर अपने साथ झोले में लाए थे और झोला मोटरसाइकिल में ही टंगा हुआ था,जब दुकान का ताला खोलकर वापस मोटरसाइकिल की ओर मुड़े तो देखा कि जेवर से भरा झोला गायब है। जिसके बाद हल्ला मचाया और खोजबीन आरंभ की परंतु जेवर का कोई पता नहीं चला। वहीं आसपास के दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा गया तो उसमें साफ दिख रहा था कि एक मोटरसाइकिल पर दो युवक आए और जेवर दुकानदार की मोटरसाइकिल पर रखे हुए जेवर से भरा झोला उठाकर भाग गए। जिसके बाद दुकानदार ने मनिका थाना में जाकर मामले की लिखित शिकायत किया है। वहीं शिकायत के आधार पर थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम आसपास के दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर मामले की छानबीन आरंभ कर अपराधियों को पकड़ने में जुटी हुई है। वहीं थाना प्रभारी शशि कुमार ने कहा कि इस संबंध में दुकानदार के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है,पुलिस के द्वारा हर पहलू को ध्यान में रखते हुए मामले की छानबीन की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। वहीं आसपास के कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि इतना कीमती सामान अपने साथ मोटरसाइकिल पर लाना कहीं से भी उचित नहीं था, यदि जेवर को अपने साथ ला रहे हैं तो उसका पूरा ध्यान भी रखना चाहिए,क्योंकि इससे पूर्व भी इस प्रकार की चोरी की घटना घट चुकी है। वहीं कई जेवर दुकानदारों का कहना है कि कीमती जेवर को वे लोग दुकान में नहीं छोड़ते हैं,उसे रात में अपने साथ ले जाते हैं और फिर सुबह अपने साथ लेकर दुकान आ जाते हैं,इस कारण जेवर चोरी होने का डर नहीं होता है। परंतु जिस प्रकार मंगलवार को थाना के समीप स्थित दुकान के दुकानदार की मोटरसाइकिल से पलक झपकते ही अपराधियों ने जेवर की चोरी कर ली है,इससे साफ प्रतीत होता है कि अपराधियों का हौसला बुलंद है और यह काफी गंभीर मामला है।

## बरवाडीह प्रखंड कार्यालय के सौंदर्यीकरण पर लाखों खर्च, लेकिन बाजार जलजमाव से बेहाल


मुख्य बाजार की सड़को पर जल जमाव।

- पांच लाख का सौंदर्यीकरण, लेकिन जनहित की अनदेखी
- बुनियादी समस्याओं की अनदेखी पर उठे सवाल, जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय के सौंदर्यीकरण पर पंचायत समिति फंड से पांच लाख रुपये खर्च कर दिये गए, लेकिन उसी प्रखंड के मुख्य बाजार में बारिश के साथ ही जलजमाव की गंभीर समस्या ने जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़ा कर दिया है। जाम नालियों के कारण सड़कें पानी से लबालब हैं, जिससे राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से जब नालियों की सफाई व मरम्मत को लेकर सवाल किया गया, तो फंड की कमी की बात कही गई। सवाल उठता है कि जब कार्यालयों के रंग-रोगन पर लाखों रुपये खर्च किए जा सकते हैं, तो जनता की बुनियादी समस्याओं के लिए धन क्यों नहीं ?

### क्या जनहित के कार्यों से बढ़कर है कार्यालयों की सजावट

व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने इस मुद्दे पर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर आकस्मिक कोष से तत्काल नालियों की सफाई कराने की माँग की थी, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई है। इससे नाराज लोगों और व्यवसायियों ने ज़िला प्रशासन से इस मामले में हस्तक्षेप की माँग की है।

उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल का कहना है कि कार्यालय व्यय की राशि से रंग-रोगन कार्य कराया गया है, लेकिन सवाल यही है, क्या कार्यालय की सजावट, आमजन की समस्याओं से बड़ी है? अब देखना यह है कि प्रशासन जनता की तकलीफ को कितनी गंभीरता से लेता है और कब तक समस्या का समाधान होता है।

## चंदवा: ओरिसा एलॉय स्टील कंपनी एवं समिति के साथ एसडीओ ने की बैठक


बैठक करते एसडीओ एवं अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा अंचलाधिकारी कार्यालय कक्ष में मंगलवार को एसडीओ अजय कुमार रजक कुमार ने किसान विकास श्रमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड एवं एस्सार पावर प्लांट को लेने वाली ओरिसा एलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड प्रबंधन के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विगत लंबे समय से अपनी मांगों लेकर आवाज उठा रही समिति एवं प्रबंधन के बीच गतिरोध को दूर करने का प्रयास किया। एसडीओ ने प्रबंधन को 15 दिनों में समिति की मांगो पर विचार करने की बात कही। बैठक के पश्चात समिति की ओर से मांगों को रखते हुए अध्यक्ष प्रयाग गंझू ने कहा कि चंदवा के चतरो अनगड़ा में वर्ष 2007-8 में एस्सार पावर झारखंड के द्वारा पावर प्लांट स्थापित करने को लेकर 22 बिंदुओं पर एकरारनामा के साथ जमीन अधिग्रहण किया गया था, लेकिन वर्ष 2012 में किसी कारण वश प्लांट ठप पड़ गया। वर्तमान में प्लांट को लेने वाली ओरिसा एलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड कंपनी आई व समिति के साथ बैठक की व प्लांट खोलने को लेकर चर्चा की। लेकिन बिना किसी अल्टीमेटम व पूर्व सूचना के ही विस्थापित रैयत जो नौकरी में रखे गए थे उन्हें निकाल दिया गया व अब प्रबंधन आना कानी कर रही है। एसडीओ के द्वारा प्रबंधन को मांगो को लेकर निर्देशित किया गया है। दिए गए समय के अंतर्गत अगर हमारी मांगों पर प्रबंधन विचार नहीं करती है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, साथ ही समिति न्यायालय का भी रुख करेगी। बैठक में अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार,प्रबंधन के राज सिंह, मुखिया दुर्गावती देवी, सितमोहन मुंडा, दीपू सिन्हा समेत समिति के दर्जनों लोग मौजूद थे। श्रमिक सहयोग सहकारी समिति लिमिटेड महुआ मिलान ने बैठक में आमंत्रित नहीं किए जाने पर जताई नाराजगी। इधर आहूत बैठक में श्रमिक सहयोग सहकारी समिति लिमिटेड महुआ मिलान जमीरा को आमंत्रित नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। समिति के अध्यक्ष पूर्व मुखिया बैजू मुंडा, संजीव कुमार, चंद्रदीप प्रसाद ने कहा कि हम लोगों के द्वारा विस्थापित और प्रभावित क्षेत्र के रैयतों के अधिकार को लेकर लगातार आंदोलन किया जा रहा है, लेकिन बैठक में समिति को आमंत्रित नहीं की गई। यह कहीं ना कहीं हमारे हक और अधिकार का हनन है। आगे कहा कि जब तक स्थापित व प्रभावित लोगों को हक व अधिकार नहीं मिल जाता है तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

# एसडीओ के साथ वार्ता के बाद टोरी में आरओबी निर्माण व अन्य मांग को लेकर चल रहा जल समाधि सत्याग्रह समाप्त


प्रदर्शन करते किसान।


एसडीओ को मांग पत्र सौपते किसान।

खबर मन्त्र संवाददाता

- आंदोलनकारियों ने तीसरे दिन रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम, ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, सबको सम्मति दे भगवान गीत के साथ किया प्रदर्शन

**चंदवा।** किसानों का जल समाधि सत्याग्रह आंदोलन तीसरे दिन एसडीओ अजय कुमार रजक के आश्वासन के बाद सम्पन्न हो गया। मंगलवार को आक्रोशित किसानों ने बारिश होने के बाद भी भींगकर डैम पहुंचे। डैम के पानी मे लेटकर किसानों ने तीसरे दिन भी जल समाधि सत्याग्रह आंदोलन किया। इस दौरान चटुआग डैम के पानी में लेटकर व खड़ा होकर जल सत्याग्रह किया। किसानों की आंदोलन की अनदेखी व समस्या समाधान नहीं होता देख किसानों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी और रेलवे विभाग की सद्बुद्धि के लिए किसानों ने तीसरे दिन महात्मा गांधी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम, ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, सबको सम्मति दो भगवान, गाया। लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी अजय रजक सीओ जयशंकर पाठक पुलिस निरीक्षक रंधीर कुमार अंचल निरीक्षक महेश सिंह आंदोलन स्थल चटुआग डैम पहुंचे। यहाँ उन्होने किसानों से वार्ता की। एसडीएम के आश्वासन के बाद किसान माने और आंदोलन स्थगित किया। गौरतलब हो कि आंदोलन का नेतृत्व किसान सह पंचायत समिति सदस्य अयुब खान कर रहे थे। अयूब खान ने कहा कि किसान आज अनाज की उपज कर सभी का पेट भर रहे हैं लेकिन आज किसान बारिश में भी जल समाधि सत्याग्रह करने को मजबूर हैं लेकिन इनकी मांगों को सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार समस्या समाधान की बात करती है लेकिन रेलवे क्रॉसिंग जाम से निजात देने के लिए शिलान्यास राशि का आवंटन, छः बार टेंडर होने वाले फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण चालु कराने की दिशा में अबतक ठोस कदम नहीं उठाया है। आरओबी का निर्माण नहीं होने से नेशनल हाईवे पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग जाम में प्रत्येक दिन इमरजेंसी एम्बुलेंस समेत लाखों लोग घंटों परेशान हो रहे हैं। एसडीएम अजय रजक ने फ्लाई ओवरब्रिज मामले पर किसानों से कहा कि कार्य प्रोसेस में है सभी लोग लगे हुए हैं कि कार्य जल्द शुरू हो। रेलवे क्रॉसिंग जाम से लोग काफी प्रभावित हैं। आपकी मांगों को सरकार तक पहुंचा दी जाएगी। फुट ब्रिज पर उन्होंने सीओ को निर्देश दिया कि मामले पर हस्तक्षेप कर इसे चालू कराएं। आंदोलन कारीयों ने एसडीएम को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, रेलवे मंत्री, उपायुक्त के पदनाम ज्ञापन सौंपा। जल समाधि सत्याग्रह में किसान सह मुखिया नरेश भगत, संजय कुमार, रविशंकर गंझु, भूनू गंझु, सरहुला गंझु, सुरेश गंझु, बिनोद गंझु ,जिदन टोपनो, गुज्जर भगत, संजीवन भोक्ता, माईकल हंस, जीवन मिंज, संजय राम सजेबुल खान, जसीम खान, मोफील खान, कार्तिक गंझु, कृपा गंझु, रसीद खान, हसीब खान, बंधन गंझु, असरफुल खान, दिलवा गंझु, समेत दर्जनों किसान शामिल थे।

## मानसून की अच्छी बारिश से किसानों में खुशी की लहर

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे सोमवार से मानसून की अच्छी झमाझम बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसान अब खेतों की तैयारी में जुट गए हैं। इस वर्ष अच्छी वर्षा की उम्मीद जताई जा रही है जिससे धान, मक्का, टमाटर अरहर की बुआई के लिए किसान खेतों की जुताई मे तेजी कर दिया है। एक पखवाड़े तक मानसून साथ दिया तो मक्का और धान बिचड़ा की बुआई करना शुरू कर देंगे। बारियातू प्रखंड मुख्यालय सहित गोनिया, टोटी, सिबला, बालूभाँग, अमरवाडीह, साल्वे, फूलसु व डाढ़ा पंचायत क्षेत्र के किसान सर्वप्रथम मक्का खेती करते हैं। उसके पश्चात धान रोपाई के लिए बिचड़ा तैयार करने मे जुट जाते हैं। बिचड़ा तैयार करने के क्रम मे टमाटर का भी बिचड़ा मे विशेष रूप से मेहनत करते हैं। स्थानीय कृषि विभाग ने किसानों को सुझाव दिया जाता है कि वे बीज बोने से पहले मिट्टी की नमी की जांच कर लें और प्रमाणित बीजों का ही उपयोग करें। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। हालांकि धान की नर्सरी लगाने का एक पखवाड़े के अंदर सही समय है। किसान जलभराव न हो इसके लिए कमर कस लिया है।

## कार और ट्रक में टक्कर, तीन घायल, रिम्स रेफर


घायल युवक।

**बारियातू।** बारियातू थाना क्षेत्र के बरनी चौक के समीप सोमवार देर रात को एक भीषण सड़क हादसा हुआ जिसमे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के सम्बन्ध मे मिली जानकारी के अनुसार जब एक कार बरियातू की ओर से बालूमाथ की ओर आ रही थी तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से उसकी जबरदस्त टक्कर हो गई। कार और ट्रक की भिड़ंत इतनी भयानक थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा तुरंत इसकी सूचना बरियातू थाना को दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल व्यक्तियों को तुरंत बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों की पहचान विपिन कुमार (36 वर्ष), प्रकाश सिंह (35 वर्ष) और चंदन कुमार (40 वर्ष), तीनों निवासी बालूमाथ के रूप में हुई है। चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया लेकिन सभी की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। डॉ. कुमार ने बताया कि घायलों को सर व शरीर के कई हिस्सों में गंभीर आंतरिक चोटें आई हैं।

## बालूमाथ में लगेगा आयुष का विशेष कैंप

**बालूमाथ।** लातेहार सिविल सर्जन एवं जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर बालूमाथ विशेष कैंप लगाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए आयुष चिकित्सक सुरेंद्र कुमार ने बताया कि बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित कैम्प में डॉक्टर सुरभि कुमारी उपस्थित रहेंगी। आगामी गुरुवार को इस विशेष कैंप में मरीजों की स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लगाए जा रहे आयुष्मान कैंप का लाभ उठाये।

## दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में स्वयंसेवक घायल


घायल स्वयंसेवक।

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के तरवाडीह पंचायत के गाला नदी के पास दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें तरवाडीह पंचायत के स्वयंसेवक खुर्शीद अंसारी 35 वर्ष पिता सफीक अंसारी तरवाडीह और सोनू नायक उम्र 28 पिता शंकर नायक ग्राम शासन की पहचान हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही तरवाडीह पंचायत के मुखिया मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल भिजवाए जहां प्राथमिक की इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार खुर्शीद अंसारी पंचायत भवन में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर में स्टेशन से अल्पहार लेकर जा रहे थे इसी कर्म में घटना घटी।

# छिपादोहर को प्रखंड सह अंचल बनाने की मांग हुई तेज

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** जिले के छिपादोहर को प्रखंड सह अंचल बनाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। लोग अब इस मांग को ले कर मुखर होने लगे हैं। प्रखंड निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवनाथ सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को समाहरणालय पहुंचा और मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपायुक्त, लातेहार को सौंपा। ज्ञापन में पंचायत केड़, कुचिला, चुंगरू, हरातु, लात और छिपादोहर को मिलाकर नया प्रखंड बनाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि झारखंड राज्य गठन के समय से ही छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग की जा रही है। लेकिन राज्य गठन के 24 वर्ष बाद भी छिपादोहर को अब तक प्रखंड का दर्जा नहीं मिल सका है। जबकि इसी दौरान राज्य में तीन से पांच पंचायतों को मिलाकर दर्जनों नए प्रखंड बनाए जा चुके हैं। देवनाथ सिंह ने कहा कि लंबे समय से जारी इस मांग को अब तक नजरअंदाज किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है ताकि क्षेत्र के आदिवासी समुदाय को न्याय मिल सके और विकास की राह प्रशस्त हो। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र व मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव

### मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन


उपायुक्त को ज्ञापन सौपते हुए ग्रामीण।

छिपादोहर दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों से घिरे हुए गांव है। आजादी के 78 वे वर्ष बीत जाने के बाद भी सड़क मार्ग, सिचाई कृषि का विकास, शिक्षा, पयेजल, बिजली एवं स्वास्थ्य सुविधा आदि का घोर अभाव है। आज भी ग्रामवासी अंधेरी युग के के अधीन अपना जीवन-यापन जंगलों पहाड़ो से चोरी छिपे तथा कन्द-मूल खाकर, दातुन पता बेचकर नदी नाले का पानी पीकर गुजर-वसर कर रहे है। तथा युवा पीढ़ी रोजगार के अभाव मे पलायन को मजबूर है।

प्रस्तावित छिपादोहर प्रखंड उत्तर-दक्षिण में लगभग 40 किलोमीटर और पूर्व-पश्चिम में लगभग 60 किलोमीटर में फैला हुआ है। यह क्षेत्र पलामू टाइगर रिजर्व जैसे संरक्षित वनक्षेत्र से भी घिरा हुआ है। 85 प्रतिशत से अधिक आबादी आदिवासी समुदाय की है, जो अब तक विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है। प्रस्तावित प्रखंड भवन निर्माण के लिए लगभग 4-5 एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध है। इसका उपयोग प्रशासनिक कार्यों के लिए किया जा सकता है। यह क्षेत्र एक्शन प्लान-01 एवं एक्शन प्लान-02 के क्षेत्र में आता है। लात पंचायत उग्रवाद का रानी स्थल के नाम से जाना जाता है। बूढ़ा पहाड़, जो कि माओवादियों का प्रमुख प्रशिक्षण केंद्र रहा है, वह लात पंचायत से मात्र 8-9 किलोमीटर की दूरी पर है। चुंगरू और हरातु पंचायतें भी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में आती हैं और इनके समीप स्थित रानीदह झील को भी माओवादी गतिविधियों का गढ़ माना जाता रहा है।

## जंगली हाथी का उत्पात, दो घरों को किया ध्वस्त


क्षतिग्रस्त घर को दिखाती पीड़ित।

**चंदवा।** चंदवा में जंगली हाथियों का उत्पात बदस्तूर जारी है। जंगलों से सटे ग्रामीण इलाकों में हाथियों का झुंड या फिर झुंड से बिछड़ा अकेला हाथी आए दिन किसी न किसी गांव में उत्पात जम कर तांडव मचा रहे है। सोमवार की देर रात्रि करीब दो बजे माल्हन पंचायत अंतर्गत केकराही गांव में एक जंगली हाथी गांव में आ धमका। गांव में प्रवेश करने के बाद जंगली हाथी गांव में हड़कंप मच गया व ग्रामीण किसी प्रकार भाग कर सुरक्षित ठिकाने शरण लेकर अपनी जान चाहिए। इस दौरान गांव में घूंसे हाथी ने रामकिशुन गंझु व रामचंद्र गंझु (दोनों भाई) के घरों व चहारदीवारी ध्वस्त कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी उक्त घर को तीन बार निशाना बनाया है। भुक्तभोगी द्वारा इसकी सूचना फॉरेस्टर विभाग को लेटर के माध्यम से दिए हैं। इन्होंने कहा कि गांव में अंधेरा रहता है जिस कारण हाथी ज्यादा उत्पात मचाते हैं। ग्रामीणों ने गांव में स्ट्रीक लाइट लगवाने की मांग की थी, पर अभी तक नहीं लगा है। देहात फिल्टर का बिजली ढीक-ढाक से नहीं रहने कारण हमेशा अंधेरा रहता है। ग्रामीणों ने समस्या को देखते हुए लातेहार उपायुक्त, बीडीओ एवं वन विभाग के अधिकारियों से बिजली व्यवस्था में सुधार एवं स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है। मांग करने वालों में सुनील ढाकुर, सीताराम गंझु, लक्ष्मण गंझु, मंटू गंझु, रामदेव गंझु, हरिलाल गंझू, बुधराम गंझु, दिनेश गंझू, अकलू गंझू समेत अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

# बोकारो सीआरएम-थ्री के पीएलटीसीएम के लिए पीआईडब्लू कार्यशाला का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केन्द्र में सीआरएम-थ्री विभाग के पीएलटीसीएम लाइन के लिए मिशन 90000 टन प्रति माह रोलिंग के विषय पर परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सीआरएम-एक दो व तीन एवं एचआरसीएफ व हॉट स्ट्रिप मिल आई एंड ए ईटीएल तथा आरसीएल विभाग के कुल 39 प्रतिभागी शामिल थे। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सीजीएम-अनुरक्षण शरद गुप्ता के साथ सीआरएम थ्री के सीजीएम राजेश कुमार झा जीएम-प्रभारी बीएन त्रिपाठी जीएम बीके मोहंती ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की प्रभारी जीएम मीनम मिश्रा तथा जीएम एसके भगत उपस्थित थे। आरम्भ में मीनम मिश्रा ने सभी का स्वागत किया तत्पश्चात प्रबंधक-ज्ञानार्जन एवं विकास जेएन यादव ने कार्यशाला के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी। सीजीएम शरद गुप्ता ने इस कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतिभागियों से अधिकतम ज्ञान हासिल करने तथा सीआरएम-थ्री के पीएलटीसीएम लाइन से 90000 टन प्रति माह रोलिंग करने की अपील की। अन्य सीजीएम एवं जीएम ने इस कार्यशाला को अन्तः क्रियात्मक बनाकर अधिकतम ज्ञान अर्जित करने तथा अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा करके पीएलटीसीएम लाइन से 90000 टन प्रति माह रोलिंग का अनुरोध किया। कार्यशाला में संकाय के रूप में सीआरएम-थ्री के वरीय प्रबंधक ए वत्स तथा डी मजूमदार ने एक्शन प्लान के बारे में सभी प्रतिभागियों से इस कार्य में आने वाली बाधाओं तथा उसके निदान के बारे में विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला केआयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कनीय प्रबंधक एसकेडी भौमिक वरीय ओपरेटिव राकेश कुमार इंस्ट्रक्टर कौशलेन्द्र प्रताप सिंह तथा अर्जुन बाउरी का सराहनीय योगदान रहा।

### बेरमो : श्रमिक नेता ने लिया संज्ञान, खबर छपते ही समस्या का हुआ समाधान

# जरूरत है निडरता से प्रबंधन के समक्ष मुखर होने की : अजय

**खबर का असर**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** किसी ने ठीक ही कहा है कि अगर सीसीएल क्षेत्र में मजदूरों की राजनीति करने वाले श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि निडरता व निष्पक्षता से कार्य करे तो प्रबंधन को घुटनों के बल बैठने को मजबूर कर सकता है। इसी का उदाहरण आरसीएमयू सीसीएल कथारा एरिया अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने कर दिखाया है। ऐसे भी कथारा प्रक्षेत्र मे मजदूरो के मुद्दों को प्रबंधन के समक्ष मुखरता से उठाने मे सिंह अव्वल माने जाते हैं। ज्ञात हो कि उन्ही के शिकायत के बाद कथारा जीएम संजय कुमार स्वयं कथारा क्षेत्र के कई स्थानों का निरीक्षण किए और अधिकारियों को कई निर्देश मे जारी किए। सीसीएल कथारा के असैनिक विभाग हमेशा अपने कार्य कलापों के चलते सुर्खियों में बने रहते हैं। इस विभाग के अधिकारी इतने लापरवाह माने जाते हैं कि मजदूरों की समस्याओं को उठाते उठाते श्रमिक नेता थक जाते हैं, मगर इन अधिकारियों के कान मे जूं तक नही रेंगता। आखिरकार हार कर श्रमिक प्रतिनिधि क्षेत्र के मुखिया यानी जीएम के समक्ष शिकायत लेकर पहुच जाते हैं और जीएम के हस्तक्षेप के बाद ही कोई सकारात्मक पहल देखने को मिलती है मगर उपरोक्त बातों से थोड़ी दिगर है। इसी का एक उदाहरण उस समय देखने को मिला जब श्रमिक नेता अजय कुमार सिंह निरीक्षण के दौरान सीसीएल के एक कार्यालय भवन के छत पर एक विशाल पेड़ की टहनी गिरी देखा जिसे सीसीएल प्रबंधक हटाने मे आनाकानी कर रहे थे जबकि यह टहनी पूर्व से ही छत पर तेज हवा के कारण गिरा था जिससे भवन को खतरा भी था मगर विभाग की लापरवाही के कारण टहनी नही हटाया गया। सिंह को यह बात काफी नागवार गुजरी और उन्होंने उक्त तस्वीर के साथ एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की जिसे मिडिया ने भी प्रमुखता से 16 जून को अखबारों में छापा जिसका असर ठीक एक दिन बाद ही देखने को मिला और विभाग द्वारा उक्त पेड़ की डाली को जो छत पर गिरा पड़ा था रातों रात कटवा के हटा दिया। यह घटना इस बात को प्रमाणित करने के लिए काफी है कि अगर कोलियरियो मे कार्य कर रहे सभी श्रमिक संगठन निडरता से मुखर हो कर मजदूरों की समस्याओं को उठाये तो सीसीएल प्रबंधन को घुटनों के बल बैठाया जा सकता है।

## एक नजर में

### बेरमो : अंडरग्राउंड माइन्स में आग लग जाने से मजदूरों के बीच मची अफरा तफरी



बेरमो। सीसीएल खास दोरी क्षेत्र में अंडरग्राउंड माइन्स परियोजना में 4, 5, नंबर इंक लाइन पंखा घर के समीप पहली पिलर में आग लगने से मंगलवार की सुबह मजदूरों में अफरा-तफरी का माहौल बन गई। आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल पा रहा है। आग पर काबू पाने के लिए प्रबंधन की ओर से कार्य किया जा रहा है। इस दौरान खान मैनेजर से पूछे जाने पर कुछ भी बोलने से उन्होंने साफ इंकार करते रहे। कहां और कैसे आग लगी इसकी जांच की जा रही है। अधिकारी जवाब देने से भागते रहे। मालूम हो कि इसी माइंस में कुछ दिन पहले दो मजदूर कार्य करने के दौरान चोटिल हो गए थे। जिनका इलाज रांची में चल रहा है प्रबंधक सेफ्टी को लेकर बड़े-बड़े दावे करते हैं लेकिन आप खुद अपनी आंखों से देख सकते हैं क्या सुरक्षा है माइंस में आए दिन दुर्घटनाएं होता रहता है।

### बेरमो : कोटपा-2003 के तहत सिटी थाना क्षेत्र में चलाया गया छापामारी अभियान



बेरमो। डीसी बोकारो के आदेशानुसार डॉ अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निर्देशन एवं सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास के सहयोग से मंगलवार को विशेष जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम के द्वारा सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर-1, सेक्टर-2, सेक्टर-3 एवं नयामोड के कुल 84 दुकानों की जांच की गई जिसमें 19 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लंघन करते हुए पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 2800 रुपए की वसूली की गई। जिला परामर्शी मो असलम ने बताया कि तम्बाकू उत्पाद/ सिगरेट/ खुली सिगरेट की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है और दन्डनीय अपराध है। इस लिये सभी दुकानदारो को चेतावनी दी जाती है कि सिंगल सिगरेट की बिक्री न करें अन्यथा कोटपा-2003 की धारा 7 के तहत कार्रवाई की जायेगी। सभी दुकानदार से अनुरोध है कि खाद्य सामग्री क साथ तम्बाकू उत्पाद की बिक्री न करे और न ही तम्बाकू उत्पाद के प्रचार प्रसार से संबंधित पोस्टर, बैनर, टिन दुकानों के सामने लगायें।

### गोड्डा : डालसा ने वर्षों से बिछड़े दंपति को मिलाया

गोड्डा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार व सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर वर्षो से बिछड़े दंपति को मिलाकर विदाई दी गई। जिले के हनवारा थाना क्षेत्र के हसन करहरिया निवासी कुलसुम खातून और गांव के ही पति अब्दुल बहाव बीच आपसी विवाद को लेकर पिछले तीन वर्षों दांपत्य जीवन में दरार आ गई थी। पति-पत्नी दोनों अलग-अलग रह रहे थे। विवाहिता कुलसुम खातून ने मध्यस्थता को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के फ्रंट ऑफिस में प्री-लिटिगेशन शिकायत दर्ज किया था। इसके उपरांत दोनों को नोटिस भेजकर बुलाया गया। दोनों के बीच डालसा की टीम में शामिल एलएडीसी चीफ संजय सहाय, सहित अधिकार मित्र पूजा रानी, रेशमी कुमारी, रोबिन यादव, धनंजय कुमार आदि ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर एक साथ रहने का संकल्प लिया। दोनों की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई है। पति उसके साथ मारपीट करता रहता था। इससे परेशान होकर वह मायके में रहने लगी। इसके बाद 27 मार्च 25 को फ्रंट ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जहां दोनों ने पुराने विवाद को भूलकर एक साथ रहने का संकल्प दोहराया। कहा कि इस समझौता से दोनों खुश हैं। यहां निशुल्क समझौता किया गया। दोनों को सुखी दाम्पत्य जीवन व्यतीत करने की कामना के साथ विदाई दी गई। अगले सप्ताह कार्यालय में उपस्थित होकर खैरियत रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है।

### गोड्डा डीसी ने डीटीओ ऑफिस का किया निरीक्षण

गोड्डा। जिला दंडाधिकारी सह डीसी अंजली यादव के द्वारा मंगलवार को जिला परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के क्रम डीसी के द्वारा कार्यालय के सभी कर्मियों के साथ मुलाकात कर उनके कार्य एवं दायित्व की जानकारी ली गई। जिला परिवहन पदाधिकारी, गोड्डा कंचन कुमारी भुदोलिया को निर्देश दिए गए कि सभी कर्मियों का स्पष्ट रूप से कार्य आवंटित कर कार्य का निरंतर मॉनिटरिंग किए जाएं। इसी क्रम में डीसी के द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का स्थानांतरण सहित अन्य विषयों से संबंधित जानकारी ली गई। औचक निरीक्षण के दौरान कार्यालय में लंबित कार्यों के यथाशीघ्र संपादित करने के सख्त निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी मनोज हजारी को धूम्रपान करते हुए पकड़ा गया जिनके लिए उन्हें कोटपा-2003 की धारा का उल्लंघन करने के विरुद्ध उन्हें 1000 अर्थिक दंड लगाया गया। और आगे भविष्य में धूम्रपान नहीं करने के लिए शपथ दिलाई गई। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि जिले में तंबाकू उत्पादों के प्रयोग को पूर्ण रूप को रोकने के उद्देश्य से सभी कार्यालय प्रधान एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है कि सभी सरकारी/गैर सरकारी व सार्वजनिक स्थलों पर परिसरों में धूम्रपान निषेध से संबंधित जागरूकता व सूचना संबंधित बोर्ड लगाए जाएं उन्होंने कहा कि जिले में सभी सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट, पान मसाला, जर्दा, खैनी, हुक्का एवं सुपारी सहित सभी तरह के तंबाकू उत्पादों के सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने बताया कि कोटपा-2003 के अनुपालन के उल्लंघन की स्थिति में विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### सूरज मित्तल बने फुसरो कांग्रेस के नगर अध्यक्ष



बेरमो। कांग्रेस के द्वारा संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार संगठन का विस्तार किया जा रहा है जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया के द्वारा के द्वारा फुसरो कांग्रेस नगर अध्यक्ष सर्वसम्मति से सूरज मित्तल को बनाया गया। वही सचिव जितेंद्र सिंह को बनाया गया। वही सभी वार्ड मे वार्ड अध्यक्ष बनाया गया। वही सूरज मित्तल ने कहा कि मुझे मैंने हमेशा कार्यकर्ता बनकर कार्य किया हूं। मुझे जिलाध्यक्ष और बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह के नेतृत्व में काम करने का मौका मिला है। मेरे लिए काफी सौभाग्य की बात है। मैं लगातार संगठन को मजबूत करने का कार्य करूंगा सभी कार्यकर्ताओं को एक साथ लेकर सभी के सहयोग से काम करूंगा। मुझे उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सभी लोगों का सहयोग मिलेगा।

**इन लोगों को वार्ड अध्यक्ष बनाया**

वार्ड अध्यक्ष मे वार्ड 1 से राजू सिंह वार्ड संख्या 2 राजीव सिंह, वार्ड संख्या 3 राज चौधरी, वार्ड संख्या 4 अनिल रवानी, वार्ड संख्या 5 चंदन पासवान, वार्ड संख्या 6 मोहम्मद युसूफ, वार्ड संख्या 7 प्रकाश चौहान, वार्ड संख्या 8 बिहार चौहान, वार्ड संख्या 9 अरविंद सिंह, वार्ड संख्या 10 साधु बावड़ी, वार्ड संख्या 11 संतोष सिंह वार्ड संख्या 12 आनंद राम वार्ड संख्या 13 छोटू सिंह वार्ड संख्या 14 वासुदेव प्रसाद वार्ड संख्या 15 होली सिंह वार्ड संख्या 16 उदय सिंह वार्ड संख्या 17 पप्पू सिंह वार्ड संख्या 18 परशुराम महतो, वार्ड संख्या 19 प्रिंस सिंह, वार्ड संख्या 20 प्रदीप महतो वार्ड संख्या 21 इरशाद खान, वार्ड संख्या 22 मोहम्मद नसीम, वार्ड संख्या 23 पिंकू वर्मा, वार्ड संख्या 24 मुनीर अंसारी, वार्ड संख्या 25 उत्तम सिंह, वार्ड संख्या 26 सिकंदर ठाकुर वार्ड संख्या 27 वसिंह वार्ड संख्या 28 बबलू सिंह को बनाया गया है।

### बीएलओ को निर्वाचन से संबंधित दिया गया प्रशिक्षण

शिकारीपाड़ा। दुमका जिला के शिकारीपाड़ा प्रखंड सभागार में बीडीओ मो एजाल आलम के अध्यक्षता में मैप्स ऑफ पोलिंग स्टेशन एंड जिओ फैंसिंग ऑफ पोलिंग स्टेशन से संबंधित मंगलवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ एवं मतदान पर्यवेक्षक को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रखंड स्तरीय निर्वाचन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण निलेश कुमार एचडीएम एवं कंप्यूटर ऑपरेटर चन्दन कुमार साहा, मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सभी बीएलओ को मतदान केंद्र का नजरी नक्शा, की मैप, जिओ फैंसिंग, टर्निंग पॉइंट से संबंधित प्रपत्र को तैयार कर 28 जून तक जमा करने का निदेश दिया गया। बैठक में महिला प्रसार पदाधिकारी तेरेसा मुर्मू, के साथ प्रखंड के कर्मी एवं सभी बीएलओ मौजूद थे।

### बोकारो : स्थापना समिति की बैठक में माध्यमिक शिक्षकों को प्रोन्नति देने पर बनी सहमति

बोकारो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति (माध्यमिक) की बैठक हुई जिसमें माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों से संबंधित लंबित मामलों के निपटारे एवं समय पर प्रोन्नति सुनिश्चित करने को लेकर विचार- विमर्श किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि वे- स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक जिन्होंने वरियताक्रम में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है उन्हें प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति प्रदान की जाएगी। समिति ने इस पर सर्वसम्मति से सहमति जताई तथा उपायुक्त ने आज ही वरीयता सूची जारी करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि डीईओ सुनिश्चित करें कि सभी पात्र शिक्षकों को एमएसीपी अथवा अन्य प्रोन्नति लाभ निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रदान किए जाएं। स्पष्ट किया कि कोई भी मामला लंबित न रहे- इसके लिए सतत निगरानी रखी जाए। समिति ने निर्णय लिया कि शिक्षक संवर्ग से जुड़े मामलों के त्वरित समाधान हेतु हर 45 दिनों में एक बार समिति की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएगी। उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय महुआटांग गोमिया में कार्यरत स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक मो ताहिर हुसैन द्वारा पारस्परिक स्थानांतरण हेतु किए गए ऑनलाइन आवेदन को संतोषजनक मानते हुए पारस्परिक स्थानांतरण हेतु सहमति प्रदान की गई। मौके पर डीईओ जगरनाथ लोहरा जिला कल्याण पदाधिकारी श्रीमती एनएस कुजूर डीएसओ शालिनी खालखो डीपीआरओ रवि कुमार एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### 11 वर्षो की उपलब्धियों पर चर्चा में डॉ निशिकांत दुबे भी मौजूद रहेंगे



गोड्डा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 11 वर्ष की उपलब्धियों पर गुरुवार को नूनबट्टा मंडल के निपनिया (पंचायत भवन प्रांगण) में दिन के 8:30 बजे व गायछंद मंडल के सरोनी हाट के पास दिन के 10:00 बजे चौपाल का कार्यक्रम होना सुनिश्चित है। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद डॉ निशिकांत दुबे होंगे। इस निहित कार्यक्रम स्थल पर जाना हुआ साथ अन्य विषयों पर चर्चा की गई। साथ में बबलू सिंह,मंडल महामंत्री राजेश पाल, मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रेम यादव, ज्योतिष महतो, मणिकांत महतो, प्रताप दत्ता, राजेश कुमार मंडल, कपूरचंद महतो, आकाश मंडल इस आशय की जानकारी पार्टी के जिला महामंत्री मुरारी चौबे ने दी।

### डांडै पंचायत के मुखिया ने थाना मे कराया मामला दर्ज



गोड्डा। पोड़ैयाहाट डांडै पंचायत मुखिया सपना ने गांव के ही मनोज ठाकुर पिता काली ठाकुर पर मामला दर्ज कराया है। उक्त व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाते हुए आवेदन में उल्लेख किया है कि पंचायत भवन समीप जोरिया निर्माण कार्य हो रहा है। योजना कार्य का निरीक्षण कर फोटो खींच रही थी। योजना का फोटो खींचते देख मौजूद आरोपी ने हमारे साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा की सारा कपड़ा खोल देते हैं फोटो खींचने के लिए कहा।पंचायत मुखिया ने यह भी लिखा है कि उक्त व्यक्ति के द्वारा शब्द और हाव-भाव मेरी शालीनता का अपमान किया है किसी भी महिला से इस तरह की अश्लील बात करना गंभीर अपराध है। और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। विनय कुमार ने बताया कि पंचायत मुखिया के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना कांड संख्या 82/25 के तहत मनोज ठाकुर को आरोपी बनाया गया है। अनुसंधान कार्य को लेकर एसआई मनोज कुमार निराला को दिया गया है।पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

### जांच अभियान में अवैध बालू लदे 2 ट्रैक्टर जब्त



**बोकारो।** डीसी बोकारो अजय नाथ झा के निदेर्शानुसार मंगलवार को बोकारो जिला के विभिन्न स्थानों पर अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर नियंत्रण हेतु सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत हरला थाना क्षेत्र के बेलडीहझ्धनगड़ी मोड़ पर अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टरों को रंगे हाथ पकड़ा गया। जब्त किए गए दोनों ट्रैक्टरों को विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए हरला थाना को सुपुर्द किया गया तथा इस संबंध में संबंधित धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं स्थानीय पुलिस बल उपस्थित रहे।

### गोड्डा : विशेष शिविर में चार मामले का निष्पादन

# मामले के निष्पादन का उपयुक्त मंच है मध्यस्थता : प्रधान जज

**प्रधान जज ने कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से वर्षों से चल रहा विवाद मिनटों में समाप्त हो जाएगा। जरुरत है दोनों पक्षों को इगो त्यागकर एक मंच पर आने की**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** परिवार न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया है।

इस अभियान के पहले दिन सोमवार को पारिवारिक विवाद से संबंधित तीन मामले का निष्पादन किया गया। जबकि दूसरे दिन मंगलवार को एक मामला का निपटारा हुआ। यह विशेष मध्यस्थता अभियान 16 जून से शुरू हुई जो 20 जून तक जारी रहेगा। परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय ने कहा कि मामले के त्वरित व चिर स्थाई निदान को लेकर मध्यस्थता उपयुक्त मंच है।

मध्यस्थता के माध्यम से वर्षों से चल रहा विवाद मिनटों में समाप्त हो जाएगा। जरुरत है दोनों पक्षों को इगो त्यागकर एक मंच पर आने की। मामले के त्वरित निष्पादन को लेकर मध्यस्थ उग्रेश झा, जितेन्द्र दुबे, नूतन तिवारी, शादिक अहमद, धर्मेन्द्र नारायण, राजकुमार घोष, रीना डे, अजय कुमार साह, दिलीप कुमार झा, प्रदीप कुमार साह, श्वांति रानी, असलम, गौरी प्रिया, अनंत नारायण दुबे, अफसर हसनैन, शादिक अहमद आदि मामले का निष्पादन कर रहे हैं।

### दुमका डीसी ने की जेएसएलपीएस योजनाओं समीक्षा, कहा

# प्रत्येक गांव में दीदी की दुकान अधिष्ठापित करें जेएसएलपीएस

**दीदी द्वारा निर्मित समानों के पैकिंग की व्यवस्था बनाए और आगामी श्रावणी मेला में भी निर्मित समानों के बिक्री के लिए स्टॉल्स लगाए**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के अंतर्गत संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं परियोजनाओं तहत अब तक संपादित कार्यों में प्रगति की समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को जिला प्रशासन ने आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता डीसी अभिजीत सिन्हा ने किया। बैठक में समीक्षा में जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थिति थे।

बैठक में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति सहित ग्रामीण विकास शाखा और जिले में महिला सशक्तिकरण व नशा मुक्ति के लिए जेएसएलपीएस के माध्यम से किए गए कार्यक्रमों पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि प्रत्येक गांव में दीदी की दुकान अधिष्ठापित करें। हर पंचायत में दीदी का ढाबा बनाए, सभी प्रखंड में दीदी द्वारा निर्मित समानों के पैकिंग की व्यवस्था बनाए। आगामी श्रावणी मेला में भी निर्मित समानों के बिक्री के लिए स्टॉल्स लगाए। इसके अतिरिक्त सभी विभागों के सहयोग से जमीनी स्तर पर किसानों के लिए संचालित सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के लिए भी निर्देश दिया गया। योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने के लिए भी संसूचित किया गया।

# श्रमिक का विश्वास और भरोसा संगठन की शक्ति : महेश सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो एवं कारगली क्षेत्र के राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन क्षेत्रीय समिति के नवगठित पदाधिकारी ने सीसीएल रीजनल कमेटी के रीजनल सचिव कुमार महेश सिंह से मिलकर आभार जताया। महेश सिंह ने कहा श्रमिक जमात का भरोसा यूनियन की शक्ति है और उसे शक्ति को मजबूती प्रदान करना यूनियन के पदाधिकारी का कर्तव्य है। आप मजदूरों के सुख-दुख में शामिल होकर संगठन की बुलंद आवाज बने मजदूर विरोधी नीति कतई बर्दाश्त नहीं होगा। दिगंबर सुबोध ने कहा मिले जवाब देही का निर्माण निष्ठा पूर्वक करते हुए योजना बाद तरीके से मजदूरों के लिए कार्य करेंगे मजदूरों का विश्वास संगठन के ऊपर बड़े इसका निरंतर प्रयास जारी रहेगा। श्रमिक वर्ग के समस्याओं को लेकर संवाद से लेकर संघर्ष तक के रास्ते को सामने लाया जाएगा मजदूर के हितों की रक्षा होगी इसमें कभी कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में रीजनल उपाध्यक्ष व कथारा क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह बोकारो एवं करगली क्षेत्र के कार्यकारी अध्यक्ष जय नाथ तांती प्रताप सिंह सहायक सचिव शिवनारायण गोप रोशन सिंह अरुंजय सिंह सुकुमारन अविनाश सिन्हा शिवनंदन छत्री संजय तिवारी हरिमोहन सिंह अशोक बंजारा।

# संथाल परगना का गौरव माने जाने वाले एसपी कॉलेज अनोखा कारनामें को लेकर बटोर रही सुर्खियां



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** शिक्षा के क्षेत्र में संयुक्त बिहार के समय से संथाल परगना का गौरव माने जाने संथाल परगना महाविद्यालय एसपी कॉलेज वर्तमान कॉलेज प्रबंधन कार्यशैली से चर्चा में बना हुआ है। आदिवासी बहुल इलाका में दुमका के प्रथम सांसद स्व लाल बाबा हेम्ब्रम के कॉलेज स्थापना के उद्देश्यों पर अब पानी फेर कर रखा है। कभी अच्छी शिक्षा, अनुशासन और बेहतर परिणाम से चर्चा बनाए रखने वाला एसपी कॉलेज अब अपनी अस्तित्व बचाए रखने को मजबूर है। अलग राज्य झारखंड बनने के बाद सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का ताज एसपी कॉलेज इन दिनों अपने अनोखें कारनामें के लिए चर्चा में है। वर्तमान में कॉलेज के अनुतीर्ण छात्र को महाविद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र सीएलसी निर्गत करने को लेकर सुर्खियों में है। जिसके आधार पर छात्र एसकेएमयू के पीजी गणित विभाग में दाखिला ले लिया है, तो दूसरी ओर छात्र एसपी कॉलेज के थ्री का परीक्षा दे रहा है। मामले को लेकर साथी छात्रों को भनक मिलने पर छात्रों ने प्राचार्य का घेराव किया। प्राचार्य का घेराव छात्रों ने संथाल परगना छात्र समन्वय समिति के बैनर तले प्राचार्य का घेराव किया। छात्रों का नेतृत्व छात्र समन्वय समिति के छात्र नेता डॉ श्यामदेव हेम्ब्रम ने किया। छात्र समन्वय समिति ने प्रभारी प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव पर विश्वविद्यालय प्रशासन को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच करते हुए मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का मांग किया है। अब मामला प्रकाश में आने के बाद कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ छात्रों ने कार्रवाई करने का मांग किया है। मामले को लेकर अब विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर सबकी निगाहें टिकी है। जानकारी के अनुसार 24 फरवरी 2025 को छात्र श्रीनिवास रौशन का महाविद्यालय परित्याग पत्र निर्गत हुआ है। जिसका नंबर 4655 है। छात्र के पिता राजीव कश्यप कॉलेज कर्मी है। जिन्होंने एसपी कॉलेज के नामांकन शाखा में बैठकर अपने बेटे का सीएलसी बनवाया है। दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आया है। कुलपति से मामले की जांच करते हुए दोषी कर्मी समेत प्राचार्य पर प्राथमिकी जांच का मांग छात्र समन्वय समिति की है। मामले को गंभीरता से नहीं लेने पर समन्वय समिति आंदोलन को बाध्य होगी। **-डॉ श्यामदेव हेम्ब्रम, छात्रनेता, दुमका**

नामांकन शाखा के सहायक से गलती हुई है। छात्र श्रीनिवास रौशन का सीएलसी भूलवश निर्गत हुई है। मामले का जांच करा निर्गत सीएलसी रद्द कर दिया गया है।

# बोकारो: पीएमश्री एसएस +2 उच्च विद्यालय कसमार में भारतीय भाषा कैंप का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** पीएम श्री एसएस +2 उच्च विद्यालय कसमार में मंगलवार को 7 दिवसीय भारतीय भाषा कैंप का विधिवत उद्घाटन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक फारुक अंसारी ने किया। इस दौरान फारूक अंसारी ने संस्कृत शिक्षण के महत्व पर चर्चा करते हुए वैदिक संस्कृत एवं देश के महान ऋषियों-मुनियों से प्रेरणा लेकर भारत को विश्व गुरु बनाने का आह्वान किया। मुख्य प्रशिक्षक डॉ रणजीत कुमार झा ने कहा कि देवभाषा संस्कृत सभी भाषाओं में सबसे सरल है एवं इस भाषा में मधुरता की प्रचूरता है। हिन्दी के मूर्धन्य विद्वान रामबाबू शुक्ल ने संस्कृत भाषा को सीखने से प्राप्त होने वाले लाभ से अवगत कराया। अंग्रेजी के विशेषज्ञ डॉ अवनीश कुमार झा ने संस्कृत के विभिन्न श्लोकों का उद्धरण देकर संस्कृत को नैतिक शिक्षा का आधार बताया। संस्कृत की विशेषज्ञ सुशीला कुमारी ने उपस्थित छात्र- छात्राओं को वर्णमाला के विभिन्न अक्षरों से अवगत कराया। जीव विज्ञान के विशेषज्ञ महाकांत झा ने संस्कृत भाषा के वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर हिन्दी के विशेषज्ञ डॉ जितेन्द्र कुमार सिंह अंग्रेजी की विशेषज्ञ सीमा कुमारी उर्दू के उस्ताद खुर्शीद रजा मध्य विद्यालय के विशेषज्ञ शिक्षक डोमन महतो आदि ने भी संस्कृत शिक्षण पर प्रकाश डाला। शैक्षणिक सत्र में विषय- विशेषज्ञ डॉ रणजीत कुमार झा एवं सुशीला कुमारी ने उपस्थित छात्र एवं शिक्षक मंडली को संस्कृत में अभिवादन करना स्वागत करना धन्यवाद ज्ञापन करना आदि व्यवहारिक पहलुओं से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। मौके पर कैलाश कुमार दिनेश कुमार महतो विद्या लवली निखत प्रेम शिवम ज्योति समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# गोड्डा डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अंजली यादव के द्वारा ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। वहीं निरीक्षण के दौरान उपायुक्त के द्वारा ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं, सीसीटीवी व अन्य उपकरणों की स्थिति और रख रखाव आदि की जांच की गई। उनके द्वारा संपूर्ण परिसर का भ्रमण कर जायजा लिया गया तथा विद्युत व्यवस्था, बैलट यूनिट हॉल, अग्निशमन व्यवस्था, कमरों के सीलिंग, डबल लॉक की स्थिति एवं निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अन्य मानदंडों का निरीक्षण किया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी पंकज कुमार, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं निर्वाचन कार्यालय के कर्मीगण मौजूद थे।

## कम दूरी के यात्रियों को रेलमंत्री ने दी खुशखबरी

# 50 नयी नमो भारत एसी ट्रेनें, 100 मेमू शीघ्र

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे कम दूरी के यात्रियों के लिए और अधिक ट्रेनें बनायेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि जल्द ही 50 नयी नमो भारत और 100 मेमू ट्रेनें बनायेगा। यह फैसला कम दूरी की यात्रा को सुगम बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। नमो भारत ट्रेनें, जिन्हें पहले वंदे मेट्रो कहा जाता था, वंदे भारत एक्सप्रेस की तरह ही हैं। ये ट्रेनें उन यात्रियों के लिए हैं जो कम दूरी की यात्रा करना चाहते हैं और जिनके पास आरक्षण नहीं है। नमो भारत, जो वंदे भारत एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म पर आधारित है, यात्रियों को आरामदायक और आधुनिक यात्रा अनुभव प्रदान करेगी।

रेल मंत्री ने कहा है कि राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर 50 नयी नमो भारत ट्रेनें मैन्यूफैक्चर करेगा। इसके अलावा, 100 मेनलाइन ईएमयू (मेमू) भी शुरू की जायेंगी। इनमें 16-20 कोच होंगे। इसका उद्देश्य कम दूरी पर रेलवे यात्रियों के लिए यात्रा को आसान बनाना है।

नमो भारत, जिसे पहले वंदे मेट्रो कहा जाता था, एक वातानुकूलित ऑटोमैटिक ट्रेन सेट है। इसे वंदे भारत एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म पर बनाया गया है। नमो भारत ट्रेनें नियमित यात्रियों और बिना आरक्षण वाले लोगों के लिए प्रीमियम कम दूरी की यात्रा प्रदान करती हैं। ये ट्रेनें गैर-उपनगरीय मार्गों पर चलेंगी।

### 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार

नमो भारत ट्रेनों को कम दूरी की इंटर-सिटी यात्राओं के लिए डिजाइन किया गया है। वंदे भारत 160 किमी प्रति घंटे की सेमी-हाई स्पीड पर चलती है। वहीं, वंदे मेट्रो या नमो भारत ट्रेनों को अधिकतम 130 किमी प्रति घंटे की गति से चलने के लिए बनाया गया है। नमो भारत ट्रेनें भारतीय रेलवे नेटवर्क पर मेनलाइन ईएमयू की जगह ले सकती हैं। इनमें मेट्रो सेवाओं के समान बैठने और खड़े होने की व्यवस्था होगी। 12 कोच वाली ट्रेन में 1,150 बैठे हुए यात्री और 2,058 खड़े हुए यात्री यात्रा कर सकते हैं। नमो भारत ट्रेनें कई आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। इनकी अधिकतम गति 130 किमी प्रति घंटा है। इनमें बेहतर रफ्तार और धीमा करने की क्षमता है। इनमें पूरी तरह से सीलबंद गैंगवे हैं। इससे कोचों के बीच आसानी से आवाजाही हो सकती है और स्वच्छ वातावरण बना रहता है।

### आरामदायक बैठने की व्यवस्था

ट्रेन में आरामदायक बैठने की व्यवस्था है। पूरी तरह से वातानुकूलन है। इससे यात्रियों को आराम से यात्रा करने में मदद मिलती है। ट्रेन में स्वचालित दरवाजे, ङअश्अउळ एंटी-कोलिजन सिस्टम, मोबाइल चार्जिंग के लिए पावर पॉइंट और रोलर ब्लाइंड के साथ बड़े सीलबंद मनोरम खिड़कियां हैं। ये यात्रियों के आराम और सुरक्षा को बढ़ाती हैं। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी निगरानी और आपातकालीन संचार इकाइयां लगाई गई हैं। वंदे मेट्रो आधुनिक मॉड्यूलर शौचालयों से भी लैस है। इनमें वैक्यूम-आधारित निकासी प्रणाली है। इससे यात्रा का अनुभव बेहतर होता है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों के दौरान रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में क्रांतिकारी बदलाव आया है। वह मंगलवार को आईएमटी मानेसर स्थित मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड संयंत्र परिसर में गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल के उद्घाटन समारोह को संबोधित करें।

# धमाकों से दहला तेहरान इजराइल को भी भारी क्षति

## तेहरान खाली करने की धमकी देकर ट्रंप जी-7 बैठक से निकले

एजेंसी



**तेहरान में हालात गंभीर :** तेहरान में हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि लोग जरूरी सामान लेकर शहर छोड़ रहे हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट ठप है और स्कूल-कॉलेज पहले ही बंद किए जा चुके हैं।अंतरराष्ट्रीय समुदाय दोनों देशों से संयम बरतने की अपील कर रहा है, लेकिन फिलहाल जंग थमने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

**इजराइल को भी नुकसान :** ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। ईरानी मिसाइलों ने इजराइल के हाइफा पोर्ट सिटी को निशाना बनाया जिससे कई इमारतें तबाह हुईं और भारी संख्या में नागरिक घायल हुए हैं।

**नयी दिल्ली।** ईरान और इजराइल के बीच जारी भीषण संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार दोपहर एक बार फिर इजराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान के सेंट्रल इलाके में जोरदार हवाई हमला किया, जिसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई दी। धमाका इतना जबरदस्त था कि आसपास की कई इमारतें हिल गयीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेहरान के कई हिस्सों में लगातार बमबारी हुई जिससे लोग दहशत में अपने घरों और दुकानों से बाहर भागने लगे। ऐतिहासिक 'ग्रैंड बाजार' को सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया है। शहर में सन्नाटा पसरा है, लोग अपने सामान लेकर राजधानी छोड़ते देखे जा रहे हैं।

**ईरानी कमांडर को मारने का दावा :** दोनों देशों में भीषण सैन्य टकराव पांचवें दिन भी जारी है। हवाई हमलों से दोनों देशों के आसमान से धरती पर 'मौत' बरस रही है। ड्रोन, मिसाइल और बमबारी के धमाकों से कानों के परदे सुन्न पड़ने लगे हैं। इजराइल ने दावा किया कि उसने ईरानी सेना के एक टॉप कमांडर मेजर जनरल अली शादमानी को मार गिराया है। अली शादमानी को कुछ ही दिन पहले युद्धकालीन चीफ ऑफ स्टाफ की जिम्मेदारी दी गयी थी।

वह ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के करीबी थे। हालांकि, ईरान ने शादमानी की मौत के बारे में अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। उनकी मौत को ईरान के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि उन्होंने हाल ही में गुलाम अली राशिद की जगह ली थी, जो पिछले हफ्ते इजराइली हमले में मारे गये थे। ईरान की सेना के दर्जनभर टॉप कमांडर मारे जा चुके हैं। कई परमाणु वैज्ञानिकों की जान जा चुकी है। सैन्य ठिकानों को भी भारी नुकसान हुआ है।

**तेहरान खाली करने की चेतावनी :** राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, सभी को तुरंत तेहरान खाली कर देना चाहिए। इसके बाद ट्रंप ने टीम को जल्द से जल्द ईरानियों से मिलने का प्रयास करने का निर्देश दिया। एक अमेरिकी अधिकारी के अनुसार, ट्रंप ने मध्य पूर्व के दूत स्टीव विटकॉफ सहित अपनी टीम के सदस्यों को जल्द से जल्द ईरानी अधिकारियों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया है।

### तेजी से बढ़ रहा है दोनों देशों का युद्ध

उधर कनाडा के कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कैलगरी में चल रहे जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़ कर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लौट गये। वह मध्य पूर्व में बढ़ रहे तनाव से चिंतित हैं। उन्होंने ईरान के नागरिकों को फौरन तेहरान छोड़ने की चेतावनी भी दी है। सीएनएन न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि इजराइल और ईरान के बीच चल रहा संघर्ष तेजी से बढ़ रहा है। इससे पहले उन्होंने ईरानियों को अपने राजधानी शहर को तुरंत खाली करने की चेतावनी दी। ट्रंप ने यहां नेताओं के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि ईरान बातचीत की मेज पर है। वह सौदा करना चाहता है। जैसे ही मैं यहां से जाऊंगा, इस पर कामयाबी मिल सकती है।

# एक ही दिन में एयर इंडिया की 7 उड़ानें रद्द

## जांच के घेरे में ड्रीमलाइनर विमान, यात्रियों में बढ़ी चिंता



### लगातार आ रही हैं समस्याएं

बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर को लेकर लगातार तकनीकी समस्याएं सामने आ रही हैं। सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, इस विमान मॉडल में हाल के महीनों में बार-बार ऐसे फॉल्ट देखे जा चुके हैं, जिससे एयरलाइंस और यात्रियों की चिंता बढ़ गई है। हाल की दुर्घटनाओं और रद्द उड़ानों के बाद एयर इंडिया ने अपने विमानों की प्री-फ्लाइट चेकिंग प्रक्रिया को और सख्त कर दिया है। नागर विमानन महानिदेशालय भी इन घटनाओं की बारीकी से जांच कर रहा है।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मंगलवार का दिन एयर इंडिया और उसके यात्रियों के लिए मुश्किल भरा रहा। तकनीकी खराबी और विमान की अनुपलब्धता के कारण एयर इंडिया को एक ही दिन में अपनी 7 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। इसमें सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इन रद्द उड़ानों में से 6 वही बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान थे, जो हाल ही में अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुई फ्लाइट के जैसे ही मॉडल के थे। जो फ्लाइट सबसे ज्यादा चर्चा में रही, वो थी अहमदाबाद से लंदन की उड़ान जो एक हादसे का शिकार हुई थी। एआइ-159 दरअसल उसी रद्द की गई फ्लाइट एआइ- अक 171 की रीनेम की गयी उड़ान थी। फ्लाइट को मंगलवार दोपहर 1:10 बजे उड़ान भरनी थी, लेकिन विमान में तकनीकी समस्या के कारण इसे रद्द करना पड़ा।

**दिल्ली से पेरिस जाने वाली उड़ान भी फेल :** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से पेरिस के चार्ल्स डी गॉल एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट को भी उड़ान-पूर्व अनिवार्य जांच के दौरान तकनीकी दिक्कत सामने आने पर रोक दिया गया। यात्रियों को अंतिम समय में इस रद्दीकरण की जानकारी दी गयी जिससे उन्हें खासी परेशानी हुई।

**कोलकाता में फंसी एआइ-180 का इंजन फेल :** सैन फ्रांसिस्को से मुंबई जा रही फ्लाइट एआइ 180 कोलकाता में निर्धारित स्टॉपओवर पर उतरी थी। लेकिन जैसे ही उसे मुंबई के लिए उड़ान भरनी थी, विमान के बाएं इंजन में तकनीकी खराबी आ गई। यात्रियों को देर रात 12:45 बजे विमान से उतार दिया गया और सुबह 5:20 बजे तक उन्हें टर्मिनल में ही इंतजार करना पड़ा।

**यात्रियों के लिए विकल्प और माफी :** एयर इंडिया ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा, हम यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद प्रकट करते हैं। हम उन्हें उनके गंतव्य तक जल्द से जल्द पहुंचाने के लिए वैकल्पिक फ्लाइट्स की व्यवस्था कर रहे हैं। होटल ठहराव की सुविधा दी जा रही है और रिफंड या मुफ्त रीबुकिंग का विकल्प भी प्रदान किया जा रहा है।


## Announcements

Brahmananda Narayana Hospital, Jamshedpur is discarding the medical records on 17th July, 2025. These records are of those patients who were admitted till Dec, 2019. If patient's want to retrieve their medical records can collect the same till 16th July, 2025. Beyond the mentioned date the data shall not be available to retrieve.

By Order of Management
Brahmananda Narayana Hospital, Jamshedpur



Dr. Anup's
HLCCS रांची में
स्किन एवं लेजर सेन्टर
चर्म रोग चिकित्सा केन्द्र





सभी प्रकार के चर्म रोग एवं गुप्त रोग एवं कॉस्मेटिक सर्जरी के लिए सम्पर्क करें।
Mob. 09334334935, 09431529553
हरमु बाई पास रोड, पुरण बिहार Opp. माही रेस्टोरेन्ट, अरगोड़ा, रांची 834002


## भाजपा विधायक की पत्नी बनीं मिसेज बिहार

### बाहुबली नेता की बहू हैं ऐश्वर्या राज



**पटना।** ऐश्वर्या राज ने मिसेज बिहार 2025 का खिताब जीता है। ऐश्वर्या भोजपुर जिले की तरारी सीट से भाजपा विधायक विशाल प्रशांत की पत्नी हैं और बाहुबली सुनील पांडेय उर्फ नरेंद्र नाथ पांडेय की बहू हैं। सुनील पांडेय भी चार बार विधायक रह चुके हैं। राजधानी पटना के एक होटल में रविवार को मिसेज बिहार 2025 का ग्रैंड फिनाले आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता में ऐश्वर्या राज ने ग्रैंड फिनाले में भाग लेने वालीं 14 प्रतिभागियों को पीछे छोड़ कर यह ताज अपने नाम किया। कांटे की टक्कर वाली प्रतियोगिता में अपूर्वा गुप्ता फर्स्ट रनरअप और शुभांगी बगेवादी सेकेंड रनरअप बनीं। इस प्रतियोगिता में बिहार की 21 से 55 वर्ष की उम्र की महिलाओं ने भाग लेकर न केवल अपनी सुंदरता बल्कि आत्मविश्वास, प्रतिभा और सोच का भी परिचय दिया। प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों के बाद कुल 14 प्रतिभागियों को ग्रैंड फिनाले के लिए चुना गया था।



### आकाशीय बिजली गिरने से 12 की मौत

**पटना।** बिहार के छह जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से पिछले 24 घंटे में 12 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन घटनाओं पर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार बीते 24 घंटे में प्रदेश में आकाशीय बिजली गिरने से बक्सर जिले में 04, पश्चिम चम्पारण में 03, कटिहार में 02, कैमूर में 01, लखीसराय में 01 और सीतामढ़ी में 01 व्यक्ति सहित कुल 12 लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने आज ही मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें।


कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची

पारिस्थितिक संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं संभावनाए विषय पर कार्यशाला सह संगोष्ठी

दिनांकः-19.06.2025 से 20.06.2025
उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि
श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की

अध्यक्षता
राजीव रंजन प्रसाद
अध्यक्ष, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची

गरिमामयी उपस्थिति
राजू गिरी
उपाध्यक्ष, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची

विशिष्ट अतिथि
अबुबकर सिददीक पी०, सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार
श्रीमती किरण पासी, निदेशक पशुपालन, झारखण्ड रांची

व्याख्यान हेतु मुख्य वक्ताओं की सूची
श्री सुनील मानसिंहका, डॉ० वल्लभभाई कथीरिया, डॉ० सत्यप्रकाश वर्मा, श्री देवाराम पुरोहित, श्री मनोज कुमार, ई० गौरव गुप्ता, श्री मदन कुशवाहा, श्री सिद्धार्थ जायसवाल, श्री अजय भरतिया, डॉ० सुदर्शन विश्वास, श्रीमती किरण पासी, डॉ० आर० के० पुंडीर, डॉ० अखिलेश पाण्डेय एवं डॉ० एस० के० मित्तल

स्थान : पशुपालन भवन सभागार, हेसाग हटिया, रांची

निवेदक
सचिव, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची

PRNO 355100 (Animal Husbandry) IPRD 25-26